महानगर नई दिल्ली बुधवार 19 जून, 2019, रु. 5.00 (14 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com | epaper.jansatta.com | facebook.com/jansatta | twitter.com/jansatta

अयोध्या आतंकी हमला : चार दोषियों को उम्रकैद, एक बरी

प्रयागराज, 18 जून (भाषा)।

अयोध्या में 2005 में हुए आतंकी हमले के मामले में विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी) दिनेश चंद्र ने चार दोषियों को मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और साक्ष्य के अभाव में एक आरोपी मोहम्मद अजीज को दोषमुक्त करार दिया। यह फैसला नैनी सेंट्रल जेल में सुनाया गया।

सरकारी वकील गुलाब चंद्र अग्रहरि ने संवाददाताओं को बताया कि डॉक्टर इरफान, शकील अहमद, आसिफ इकबाल और मोहम्मद नसीम को मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। प्रत्येक पर 2,40,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

अग्रहरि ने बताया कि पांच जुलाई, 2005 को अयोध्या में हुए आतंकी हमले में नसीम ने पाकिस्तानी आतंकवादी कारी के कहने पर मोबाइल का सिम लिया था और अजीज ने सिम लेने के लिए दस्तावेजों का सत्यापन किया था।

पांच जुलाई, 2005 को अयोध्या में हुए आतंकी हमले में दो स्थानीय लोग मारे गए थे और सीआरपीएफ के सात जवान घायल हुए थे।

जिस वाहन (संख्या जेके 12-0267) से हमले के लिए हथियार लाए गए, मोहम्मद शकील उसका मालिक था। इसके लिए 2,20,000 रुपए में कारी ने सौदा तय कराया था। अग्रहरि ने बताया कि शकील बाकी पेज 8 पर

अनंतनाग में मुठभेड़ : पुलिस, सेना ने कहा कि सज्जाद-तौसीफ की मौत बड़ी कामयाबी

पुलवामा का षड्यंत्रकर्ता ढेर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 18 जून।

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में मंगलवार सुबह सुरक्षाबलों के हाथ बड़ी कामयाबी लगी। पुलवामा आतंकी हमले के मुख्य साजिशकर्ता और जैश ए मोहम्मद के कमांडर सज्जाद बट्ट को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया। मुठभेड़ में उसका एक साथी तौसीफ बट्ट भी मारा गया। पुलिस-सेना ने इसे बड़ी सफलता बताया।

इस अभियान में सेना का एक जवान शहीद हो गया। उधर, पुलवामा में सोमवार को आइईडी विस्फोट में घायल हुए नौ में से दो सैनिकों का मंगलवार को निधन हो गया। सेना के प्रवक्ता के मुताबिक, दक्षिण कशमीर के बिजबेहरा इलाके में आतंकवादियों बाकी पेज 8 पर

अनंतनाग में मुठभेड़ के दौरान सेना का जवान शहीद

पुलवामा विस्फोट में घायल दो सैनिकों का निधन

अनंतनाग में जहां मुठभेड़ हुई, वहां स्थानीय लोग जमा हो गए।

थाने पर ग्रेनेड हमला, आठ घायल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 18 जून।

जम्मू कश्मीर में एक बार फिर आतंकी हमले को अंजाम दिया गया है। पुलवामा में पुलिस थाने पर ग्रेनेड से हमला किया गया। इस हमले में आठ नागरिक घायल हो गए, जिसमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है। रक्षा प्रवक्ता के मुताबिक, आतंकियों ने पुलवामा में पुलिस थाने पर ग्रेनेड हमला किया जो कि पुलिस थाने के बाहर फटा। सोमवार को भी पुलवामा में सेना पर हमला हुआ था। 44 राष्ट्रीय राइफल्स की गाड़ी को तब आइईडी विस्फोट में उड़ाया गया, जब अरिहाल इलाके में सैन्य दल गश्त कर रहा था। यह गाड़ी बुलेटप्रूफ थी, इसके बावजूद सेना के नौ जवान जख्मी हो गए थे।

शहीद

अनंतनाग के अचबल में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए मेजर केतन शर्मा का शव मंगलवार को मेरठ के आरवीसी सेंटर लाया गया। वहां उनके ताबूत पर बिलखतीं उनकी पत्नी और बहन।

खबर पेज 13 पर

नीतीश कुमार के खिलाफ फूटा लोगों का गुस्सा

मुजफ्फरपुर/नई दिल्ली, 18 जून (भाषा)।

बिहार में एक्यूट एंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (दिमागी बुखार) से सौ से ज्यादा बच्चों की मौत के बाद मुजफ्फरपुर श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज (एसकेएमसीएच) में हालात का जायजा लेने मंगलवार को पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। स्थानीय लोगों ने उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिला प्रशासन के अनुसार सरकारी एसकेएमसीएच और निजी केजरीवाल अस्पताल में अभी तक दिमागी बुखार से 105 बच्चों की मौत हुई है। एक बच्चे की मौत देर रात हुई है।

100 से ज्यादा बच्चों की मौत

इस बीच, उच्चतम न्यायालय में मंगलवार को एक याचिका दायर की गई जिसमें बिहार में उन बच्चों के इलाज के लिए केंद्र को तुरंत चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम गठित करने का निर्देश देने की मांग की गई है जिनके 'एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिड्रोम' (एईएस) से पीड़ित होने का संदेह है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार से नई दिल्ली में थे और सोमवार शाम पटना लौटे। लौटने के बाद उन्होंने दिमागी बुखार से पैदा हालात पर अधिकारियों के साथ आपात समीक्षा बैठक बाकी पेज 8 पर

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एसकेएमसीएच में हालात का जायजा लेने के बाद रवाना होते हुए।

दिल्ली में बिहार भवन पर प्रदर्शन

नई दिल्ली, 18 जून (जनसत्ता संवाददाता)।

बिहार में एक्यूट इन्सेफलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) से सौ से ज्यादा बच्चों की मौत के बाद विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं बाकी पेज 8 पर

बेहतर उपचार के लिए दिए निर्देश

पटना, 18 जून (भाषा)।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एसकेएमसीएच का भ्रमण कर वहां एक्यूट इन्सेफ्लाइटिस सिंड्रोम (एईएस) से पीड़ित इलाजरत बच्चों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली और बेहतर चिकित्सा व्यवस्था को लेकर कई निर्देश दिए। मुख्यमंत्री बीमार बच्चों के परिजनों से भी मिले और उन्हें आश्वस्त किया कि इलाज में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी।

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, एसकेएमसीएच अस्पताल के अधीक्षक, प्राचार्य व चिकित्सकों से हर पहलू पर चर्चा कर बेहतर चिकित्सा के संबंध में कई दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूरा इलाका, जो चमकी बुखार से प्रभावित है, उसका वातावरणीय अध्ययन कर यह विश्लेषण करना होगा कि इससे बचाव के लिए प्राकृतिक व तकनीकी तौर पर क्या किया जा सकता है। प्रभावित इलाकों में मच्छर पाए जाते हैं तो उसका भी उपाय करना होगा। प्रभावित परिवारों के सामाजिक-आर्थिक अध्ययन के साथ साफ-सफाई के लिहाज से उनके घरों के वातावरण का भी आकलन बाकी पेज 8 पर

अधीर चौधरी होंगे लोकसभा में कांग्रेस के नेता

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 18 जून।

17वीं लोकसभा का सत्र शुरू होने के साथ यह साफ हो गया कि अधीर रंजन चौधरी लोकसभा में कांग्रेस के नेता होंगे।

पार्टी ने पश्चिम बंगाल से वरिष्ठ सांसद अधीर रंजन चौधरी को अपना नेता चुना है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने चौधरी के बाकी पेज 8 पर

भाजपा सांसद ओम बिड़ला का लोकसभा अध्यक्ष बनना तय

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 18 जून।

लगातार दूसरी बार भाजपा के टिकट पर लोकसभा सदस्य चुने गए ओम बिड़ला लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रत्याशी होंगे। इस पद के लिए बिड़ला ने लोकसभा सचिवालय में अपनी दावेदारी का नोटिस पेश कर दिया।

बिड़ला ने निर्धारित समय दोपहर 12 बजे से पहले अपनी दावेदारी का नोटिस पटल कार्यालय को सौंप दिया। लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए बुधवार को चुनाव होना है। कांग्रेस और बीजू जनता दल ने बिड़ला की दावेदारी पर समर्थन देने का फैसला बाकी पेज 8 पर

बीजद और कांग्रेस का समर्थन देने का फैसला

बिड़ला ने लोकसभा सचिवालय में अपनी दावेदारी का नोटिस पेश किया

बिड़ला के नाम के प्रस्तावकों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अलावा बीजद व राजग के घटक दलों शिवसेना, अकाली दल और लोजपा सहित अन्य दलों के सदस्य शामिल

सर्वदलीय बैठक में ममता और केसीआर नहीं होंगे शरीक

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 18 जून।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी और टीआरएस प्रमुख के. चंद्रशेखर राव हिस्सा नहीं लेंगे।

बुधवार को नई दिल्ली में यह बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में हिस्सा लेने के लिए सभी राजनीतिक दलों के प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है। ममता बाकी पेज 8 पर

एक देश एक चुनाव

देश में हर चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे पर तृणमूल प्रमुख ने श्वेत पत्र तैयार करने का सुझाव दिया

सीमा और केंद्रीय उत्पाद शुल्क के 15 अधिकारी बर्खास्त

नई दिल्ली, 18 जून (भाषा)।

सरकार ने भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी के आरोपों में आयकर विभाग के अधिकारियों को नौकरी से बर्खास्त करने के बाद मंगलवार को सीमाशुल्क और केंद्रीय उत्पाद शुल्क विभाग के भी 15 अधिकारियों की सेवाएं समाप्त कर दी।

भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी के आरोपों में बर्खास्त किए गए इन अधिकारियों में प्रधान आयुक्त स्तर का भी एक अधिकारी शामिल है।

वित्त मंत्रालय ने कहा है कि सरकार ने बुनियादी नियमों के तहत नियम संख्या 56 (जे) का इस्तेमाल करते हुए केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमाशुल्क बोर्ड (सीबीआइसी) के प्रधान आयुक्त से सहायक आयुक्त पद तक के अधिकारियों को सेवामुक्त कर दिया है। मंत्रालय के आदेश के मुताबिक इनमें कुछ पहले से निलंबित चल रहे थे।

वित्त मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक इन अधिकारियों के खिलाफ या तो पहले से ही सीबीआइ की ओर से भ्रष्टाचार के मामले दर्ज थे या इन पर बाकी पेज 8 पर

राजस्थान : गोशाला में 62 गायों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

जयपुर, 18 जून (भाषा)।

राजस्थान के बीकानेर जिले की एक गोशाला में 62 गायों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृत गायों का पोस्टमार्टम कर विसरा जांच के लिए गोशाला भेजा गया है। प्रथम दृष्टया मामला जहरीला चारा खाने का बताया जा रहा है।

घटना बीकानेर जिले की श्रीडूंगरगढ़ तहसील की दुलचासर गोशाला की है। जानकारी के अनुसार गोशाला में सोमवार को शाम हरा चारा खाने के बाद कुछ गायों की तबीयत बिगड़ने लगी और मंगलवार सुबह तक 62 गायों ने दम तोड़ दिया।

श्रीडूंगरगढ़ के विधायक गिरधारी महिया ने इस बारे में जिला कलेक्टर व अन्य अधिकारियों से बात की

कार्यवाहक उपखंड अधिकारी सबीना बिश्नोई ने बताया गोशाला में हरा चारा खाने के बाद गायों की हालत बिगड़ी। सूचना मिलते ही अधिकारी व चिकित्सा टीमें पहुंच गईं। मृत गायों का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड से बाकी पेज 8 पर

दरअसल

दिलचस्प

कुत्तों का भौंहे उठाना इनसानों को पसंद

उठी भौंहें उदास इनसान से मेल खाती हैं

मनुष्यों से संवाद के लिए भौंहें मटकाना सीख गए कुत्ते

लंदन, 18 जून (भाषा)।

लंबे समय से कुत्ते इनसान के करीब रहे हैं और दोनों के बीच प्रगाढ़ संबंध आज भी कायम है। वक्त के साथ पालतू और वफादार पशु माने जाने वाले कुत्तों ने अपने चेहरे की मांसपेशियों को मनुष्यों के अनुसार ढाल लिया है ताकि वे उनसे संवाद करने के लिए अपनी भौंहें ऊपर-नीचे कर सकें।

'प्रोसीडिंग्स ऑफ नेशनल अकेडमी ऑफ साइसेंस' (पीएनएएस) में प्रकाशित एक अध्ययन में यह बात सामने आई है। इस अध्ययन में कुत्तों एवं भेड़ियों की शारीरिक बनावट एवं व्यवहार की तुलना का विस्तृत विश्लेषण किया गया है।

ब्रिटेन में 'यूनिवर्सिटी ऑफ पोर्ट्समाउथ' के अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि दोनों प्रजातियों की आंखों को छोड़कर उनके चेहरों की मांसपेशियों की बनावट समान है। कुत्तों की एक छोटी मांसपेशी है, जिसकी मदद से वे अपनी भौंहों के अंदर के हिस्से को ऊपर उठा सकते हैं, जो भेड़ियों के बस की बात नहीं है।

जुलियाने कामिन्स्की

'यूनिवर्सिटी ऑफ पोर्ट्समाउथ' की जुलियाने कामिन्स्की ने बताया, 'हमने कुत्तों और भेड़ियों के व्यवहार का अध्ययन किया है। जब दोनों को दो मिनट के लिए मनुष्य के पास रखा गया तो कुत्तों ने अपनी भौंहों के अंदरूनी हिस्सों को भेड़ियों की तुलना में अधिक जल्दी मटकाया।' उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि जब कुत्ते इस प्रकार भौंहें हिलाते हैं तो मनुष्यों में उनकी देखभाल करने की प्रबल इच्छा पैदा होती हैं। अनुसंधानों में यह भी सामने आया है कि कुत्ते उस समय ज्यादा भौंहे मटकाते हैं जब मनुष्य उनकी ओर देख रहे होते हैं।

अनुसंधानकर्ताओं की टीम का मानना है कि कुत्तों का इस तरह भौंहे उठाना मुनष्यों को भाता है क्योंकि इससे उनकी आंखें बड़ी प्रतीत होती हैं, वे शिशुओं जैसी लगती हैं और उदास मनुष्य की भौंहों से मेल खाती हैं।

'यूनिवर्सिटी ऑफ पोर्ट्समाउथ' की जुलियाने कामिन्स्की ने बताया कि इस बात के सबूत मिले हैं कि कुत्तों ने भौंहों के अंदरूनी हिस्सों को उठाने के लिए पिछले हजारों वर्षों में एक खास मांसपेशी विकसित की है।

उन्होंने कहा, 'हमने कुत्तों और भेड़ियों के व्यवहार का भी अध्ययन किया है, जब दोनों को दो मिनट के लिए मनुष्य के पास रखा गया तो कुत्तों ने अपनी भौंहों के अंदरूनी हिस्सों को भेड़ियों की तुलना में अधिक जल्दी मटकाया।'

उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि जब कुत्ते इस प्रकार भौंहें हिलाते हैं तो मनुष्यों में उनकी देखभाल करने की प्रबल इच्छा पैदा होती हैं।

कामिन्स्की के पहले किए अनुसंधानों में यह भी सामने आया है कि कुत्ते उस समय ज्यादा भौंहे मटकाते हैं जब मनुष्य उनकी ओर देख रहे होते हैं।

जनसत्ता क्लासीफाइड

व्यक्तिगत

It is for general information that I,C.Kamla W/o P.Chandran R/o-D-21/101 Sai Chhaya,Homes Kaushambi, Ghaziabad UP-201010,inform that name of mine hasbeen wrongly-written as Kamala Chandran in the State Bank of India account Khureji Khas,Delhi-110051.The actual name of mine is C.Kamla respectively which may be amended accordingly. 0040499714-9

I,Vijay Kumar Gupta S/O Raghu Nath Sahai Gupta R/O Plotno.6,Ii-Floor,Santosh Park,Uttam Nagar,Delhi-110059. Changedmy Nameto Vijay Kumar. 0040499711-3

I,Suman Bala W/o.Sh.Ripon Kumar R/o Plot.No.RZ-4A,Flat No.B-02, UGF GaliNo.10, Jain-Park Uttam-Nagar NewDelhi-110059, have changed my name to Suman, permanently. 0040499758-9

I,Naval Singh Shekhawat S/o Sohan Singh Shekhawat R/o-E-37 Sector-15,Noida Uttar Pradesh,have Changed my name to Naval Shekhawat for all Purposes. 0040499697-1

I,Arshan S/O Raees Ahamad H.No-5, Cpj 2nd-Block, New-Seelampur, Delhi-110053. Changed My Name To Md. Arshan. 0040499714-2

I, hitherto known as Agnel Shiji K.A daughter of K.C. Antony wife of SABU A.V.,residing at Arrackal House Chackalakkal Road, Perumanoor, P.O.-Distt.-Ernakulam, Kerala-682015 have changed my name and shall hereafter be known as Shiji Sabu. 0040499714-7

I, Zulekhan W/o Mohd Idris R/o Flat No. B-8/4, Sarai Khalil, Sadar Bazar, Delhi-110006, have changed my name from Zulekhan to Zulekhan Bi for all purposes. 0040499530-1

I, Vishavnath Pratap Singh, S/o Ramesh Singh,R/o.Vpo-Mandholi, Tehsil-Neem ka, Thana District:-Sikar-332713, Rajasthan, Have changed my name to Viren Pratap Singh. 0040499711-5

I, Vinod Kumar S/o Shri Ram Lal Gupta R/o B-78, Swasthya Vihar, Delhi-110092. informs hereby that I have changed my name from Vinod Kumar Gupta to Vinod Kumar forever. 0040499574-1

I, Usha Singh,W/o Shri. Brajendra Kumar, R/o Flat.No. 97, Plot No.15, I.P.Extn, Patparganj, Deshbandhu-Apartment, I.P.Extension, East-Delhi, Delhi-110092, havechanged my name to Usha Devi,for all future purposes. 0040499779-6

I, Tasneem Ahmad R/o-KA-10 Kaushambi Ghaziabad-201010(U.P.) Have Changed My Son's Name From Maaz Khan To Maaz Ahmad Ghazi. 0040499758-2

I, Sunil Kumar s/o Baldev Krishan R/o.H.No.28, UGF Savita-Vihar, Delhi-110092 have changed my name to Sunil Gupta permanently 0040499711-1

I, Suman W/o Lala Ram R/o-H.No.A-105, Kh.No.-23/7, A-Block, Taj-Enclave, Qutub-Vihar, Phase-2, New Delhi-110071,have changed my name to Ram Murti. 0040499714-8

I,Maninder Singh Ahuja S/O Bhagwant Singh Ahuja R/O E-47,Dcm Colony,Ibrahimpur, Mukhmelpur,Delhi-110036 . Changed My Name To Maninder Singh. 0040499758-4

I, Sharad Kumar S/O Mr. Munna Lal R/O C-22, Mansa Ram Park, Dwarka More, New Delhi -110059 have changed my name to Sharad Chauhan for all purposes. 0040499699-1

I, Shanti Shrivastav D/o Pradeep Shrivastav R/o.D-177, Block-D,Ramprastha Colony,Chander Nagar, Ghaziabad,U.P-201011 have changed my name to Sakshi Srivastav. 0040499697-3

I, Shafi Ahmad S/o Nizamuddin R/o H.No E-21-A, Okhla Vihar, Jamia Nagar, Okhla, Delhi-110025 have changed my name from Safi Ahmad to Shafi Ahmad. 0040499715-1

I, Sanjeev kumar Sharma,S/o Sudhir kumar Sharma R/o-H-15/8,Gali.No-28, Jai Prakash-Nagar, Ghonda,Delhi-53,have changed my name to sunny. (Date-of-birth-05-03-2000) 0040499711-7

I, Rupneek Kaur W/o Gurpreet Singh Matta resident of H.No. 30, 2nd Floor, Road No. 45, Punjabi Bagh West, New Delhi-110026, have changed my name to Rupneek Kaur Matta. 0040499765-1

I, Deep Chand Maurya,S/o Krishna Kant Maurya R/o VPO-Ayar Teh-Sadar Distt.-Varanasi (UP)-221210,Intimation that my son's name as Yash Maurya date of birth-19.04.2015 in my service-record wrongly-mention instead of-19.03.2015 so his correct date-of-birth is-19.03.2015. 0040499575-4

I, Ajit S/o Shankar Kumar Paswan R/o 1163, Type-2, Sector-4, R.K. Puram New Delhi-110022 have changed my name to Ajit Kumar. 0040499587-1

व्यक्तिगत

I, Rita Verma@Rita D/O Shivcharan Verma w/o Pradeep Kumar R/O A-31, Balbir Nagar,Kirari, Suleman Nagar,Delhi-86 have changed to Divya for all purposes. 0040499697-6

I, Rishab Kumar Goel S/O Pradeep Kumar Goel H.No-51, Mausam Vihar, Delhi-110051. Have Changed My Name To Rishab Goel. 0040499779-5

I, Rahul Kumar S/o Mahender Kumar R/o 14/4 Third-Floor Subhash-Nagar New Delhi-110027 have changed my name to Rahul Saluja. 0040499714-6

I, Rabindra Singh S/o Dan Singh R/o B-27, Top Floor, Paryavaran Complex, New Delhi-110030 have changed my name to Ravinder Singh Bhandari. 0040499681-1

I, Pushpa W/o Late sh. Rajesh Kumar R/o B-31, 32, Mangol puri, Delhi-110083 have Changed my name Pushpa Rani to Pushpa for all purpose. 0040499746-1

I, Priyanka Goel D/o Brij Mohan Goel W/o Rakesh Gupta R/o A-4/11, Mianwali Nagar, Paschim Vihar, Delhi-110087, have changed my name to Priyanka Gupta. 0040499753-1

I, Pooja Rani W/O Amit Chhabra R/O-L-65,Gali.No-23,New Mahabir Nagar,New Delhi-110018,Have Changed My Name To Pooja Chhabra For All Future Purposes 0040499770-4

I, Pawan Kumar Saxena S/o Devki Nandan Saxena R/o C-10/3F, DLF Colony, Sahibabad Ghaziabad, UP-201005, have changed my name from Pawan Kumar to Pawan Kumar Saxena permanently. 0040499685-1

I, Parvesh Kumari W/o Kumar Gaurav R/o-3C, Punjabi-Camp F-Block Mangolpuri Delhi-83 .changed my name to Shashi Sharma for,all purposes. 0040499758-8

I, Nirmla Kumari, W/o Yashpal Dudeja R/o RC 2, Shiv Park Khoda Colony, Ghaziabad UP hereby Inform that according to my 10th certificate my name is Nirmla Kumari whereas in my aadhar card my name is Nirmal Dudeja. Therefore Nirmla Kumari and Nirmal Dudeja are the same person. Henceforth in the future I will use my name as Nirmal Dudeja. 0060067511-1

I, Neetu Nag D/o Sh. Rakesh Kumar Nag, R/o 9562/54/14, Gaushala Baradari, Kishan Ganj, New Delhi-110005, That after marriage I have changed my name from Neetu Nag to Bhumika for all future purposes and my correct Date-of-Birth is 09.11.1983. 0040499693-1

I, Neetu Kumari, D/O Mr. D.K Ojha, R/O 78/A Sadarpur Sector-45 Noida, Dist GB Nagar UP have changed my name to Neetu Ojha. 0070660868-1

I, Natter Parkash, S/O Shri.Kishan Chand R/O-9/300, Satyadeep-Apartment Flat.No.20, Gali.N.O9, Amrit puri-B, Delhi-65,Changed My Name To Natter Parkash Verma. 0040499714-4

I, Nadeem Ahmad R/o-KA-10 Kaushambi Ghaziabad-201010 (U.P.)Have Changed My Daughter's Name From Afrah Khan To Afrah Ghazi. 0040499758-1

I, Monica Sachdeva W/o-Brij Bhushan Rai R/o-H.NO.751, Sector-22B, Gurugram, Haryana-122001,have changed my name to Monica Rai after marriage for all purposes. 0040499770-5

I, Mohit, S/o Mr. Sharda Nandan Singh, R/o Flat No. 302, Divya Kanti Mansion, Vivekanand Marg, Patna-800013, Bihar, India, presently residing at Flat 19, Melrose Apartments, 6 Winchester Road, London NW3 3NT, United Kingdom, have changed my name to Mohit Singh 0040499739-1

I, Mohd Rihan S/o Rizwan Ahmed S/o 1117, Chowk Kishan ganj Azad Market Delhi-110006 have changed my name to Mohd Rehan for future. 0040499690-1

I, Mohammed Nadeem/Mohd Nadeem Shafi,S/O Mohd Shafi, R/O-599, Gali Fakhrullah-Beg, Farash-Khana, Delhi-110006.Changed My Name To Mohd Nadeem. 0040499714-3

I, Maya W/O Vinod Kumar R/O-H.No.11, East Friends Enclave, Sultan Puri, Delhi-86,Changed My Name To Meenu. 0040499711-2

I, Kirat D/O Baljit Singh R/O-J-55,Old Double Storey,Lajpat Nagar-4,New Delhi-110065, Have Changed My Name To Kirat Bhatia For All Future Purposes. 0040499770-3

I Neeru Rani D/o. Shri Raj Kumar R/o. E-1/261, Nand Nagri Delhi-110093 have changed my name from Neeru Rani to Neeru for all future purposes. 0040499542-1

I Sushil Kumar S/o Sh. Surender Kumar Gupta R/o H.no.56, Near Bala Ji Mandir, Khandsa Gurugram (Haryana), have Changed my name to Sushil Gupta for all future purposes. 0040499536-1

I, Jainender Saraogi S/o Kulbhushan Saraogi R/o B-5/605, Sahara Grace M.G. Road Gurgaon-122002 Haryana have changed my minor daughter's name from Myra to Myra Saraogi for all future purposes. 0040499538-1

I, Kawal Nain S/O Mangal Nain Makhija R/O C-7/270 C,Lawrence Road, Delhi-110035.Changed My Name To Kamal Nain Makhija. 0040499758-3

I, Kavita Rani,D/o Mangal Sen Singhal,Raj Dulari,W/o Mahesh Chand Gupta R/o-C-40 Surajmal,Vihar,Delhi-110092,have changed my name to Babita,for all purposes. 0040499714-1

I, Karan Singh S/o Sher Singh R/o-110 Nehru Vihar Delhi-110054.changed my name to karan Singh Panwar for all purposes. 0040499758-7

I, Divyanshu S/o Rajesh Kumar R/o 2/337, Jagdamba Vihar, West Sagarpur, Delhi-110046, have changed my name to DIVYANSHU KUMAR. 0040499692-1

I, Deepak Kumar S/o Sh.Ramroop Singh R/o-RE-2,ZG Block,Prem Nagar, Najafgarh,New Delhi-110043, inform that Deepak Kumar and Deepak both name are same person. 0040499770-2

I, Ashok Malik,S/o Kartar Singh R/o,D-1/1, Model-Town-III, Delhi-110009,have changed my name, from Ashok Kumar to Ashok Malik,for all Purposes. 0040499779-2

I, Ashok Kumar S/o Rajaram Bhardwaj, R/o A-48/1, Street No. 4 Shastri Park, North East Delhi-110053 have changed my name to Ashok Bhardwaj. 0070660709-1

I, Arati Upadhyay D/O Vishan Kumar Upadhyay,born on 01/07/1990,R/O B-102,Kairali Apartment,Dwarka Sector-3,New Delhi-110078,shall henceforth be known only as Arti Upadhyay vide affidavit IN-DL03729730190044R Date 15/06/2019 before notary Kanta Rana at Delhi 0050150240-1

I, Ankit Kumar,S/o Phool Chand R/o-7 Rajpura Gurmandi Delhi-110007. have changed my name from Ankit to Ankit Kumar,for all purposes. 0040499711-6

I Rajat S/O Arun R/O-S-82 Princess Park, Mess Copernicus Marg Delhi-110001.Have Changed My Name To Rajat Kashyap. 0040499758-5

I, Anil S/o Late Shri.Suraj Bhan Jindal R/o-Pocket-D16, H.No-114/115, Sector-3,Rohini,New Delhi-110085,have changed my name to Anil Jindal. 0040499758-6

I, Anil Kumar Malhotra S/o Narayan Dass R/o NP-142B Pitampura Delhi-34, changed my name to Anil Malhotra for all purposes. 0040499779-1

I, Alka Ahuja Khurana,W/o Mohit Khurana R/o-A-27, Prashant-Vihar, Rohini, Delhi-110085,have changed name to Alka Khurana. 0040499711-4

I, Abhilasha Rai D/o-Sh.Binod Kumar Singh R/o-Vidyapati Nagar Saharsa (Bihar)Have Changed my name,from Abhilasha Kumari to Abhilasha Rai,for All Future Purpose, 0040499779-8

I Umesh Chandra Rai S/o Sh.Jyoti Bhushan Rai R/o Flat No.-1206, Emerald-2 Floor Gardenia Glamour, Sector-3, Vasundhara, Ghaziabad (U.P.)-201012.have Changed My Name from Umesh Rai to Umesh Chandra Rai,for All Future Porpose. 0040499779-7

I Prashant Kumar Shrivastav S/o Murli Manohar Srivastava R/o 43-E/6, Dabouli Kanpur, Udyog Nagar, Kanpur Nagar, UP-208022, have changed my name to Prashant Kumar Srivastava. 0040499739-2

I Manoj Kumar S/o Ram Kumar R/o 1489, Dhanuri Jind Haryana 126116 Have Changed My Name To Manoj Dhanda For All Purposes. 0070660861-1

I Manju Rani W/o Sushil Kumar R/o 145 Ahir Mohalla near Post Office Nangloi New Delhi-110041.have changed my name to Manju. 0040499714-5

I Kusum W/o Manoj Dhanda R/o Dhanuri Jind Haryana 126116 Have Changed My NameTo Kusum Dhanda for All Purposes. 0070660865-1

I Jag Narain S/o Shri.Sardare R/o H.No.805 Rohad (25), Tehsil Bahadurgarh Distt.Jhajjar Haryana, changed my name to Jag Narayan. 0040499779-3

I Gurpej Singh S/o Tarlok Singh Residence,WZ-283/2A Vishnu Garden Tilak Nagar Delhi, have changed my name to Gurpaj Singh. 0040499779-4

I Antra Singh D/O Sh.Bijender Singh R/O:C-60,Kiran Garden, Uttam-Nagar, Delhi-110059. Have Changed My Name To Antra. 0040499583-7

I, Amod Kumar Singh,S/o Shyam Bahadur Singh,H.No.F-183, 3rd-Floor, Mangal-Bazar, Laxmi-Nagar, delhi-110092.have changed my name to Amod Kumar,permanently. 0040499575-3

I, Kanwal Singh S/o.Sh.Sukhpal Singh R/o. Village and Post Office Basi Tehsil and District Gurugram-122006, have change my minor son's name from Chirag to Chirag Kataria for all future purposes. 0040499551-1

I, Anubhaa Sharma W/O Abhishek Bhardwaj R/O-B-16, Greater-Kailash-1, Kailash-Colony, South Delhi-110048, Changed my name to Anubha Bhardwaj.after-marriage. 0040499656-8

व्यक्तिगत

मैं, पार्बती बाई पत्नी हवलदार मदन लाल प्रजापति निवासी आशाराम बापू आश्रम गली, अवतार नगर, मकरोनिया, जिला सागर मध्य प्रदेश पिन 470004 अपना नाम पार्बती बाई से पार्वती प्रजापति, हलफनामा संख्या 88 AD 231358 दिनांक 15 जून 2019 को सिविल कोर्ट लखनऊ के समक्ष परिवर्तित कर चुकी हूँ।

I Deepak Sonu Jain S/o Subhash Chand Jain R/O-B-94 Preet-Vihar Delhi-92.have change my name to Deepak Jain for all purposes. 0040499643-1

I, Danish S/O Davinder Kumar Residing At 13/406 Geeta Colony Delhi 110031 Have Changed My Name To Danish Arora. 0040499643-2

I, Pooja Khurana W/O Kapil Dhawan H.No.276, Sector-48, Faridabad, Haryana-121001, Change My Name To Pooja Dhawan. 0040499643-4

I, Irshad Ahmad,S/o Md.Ashfaque R/o.Khasra-No.27/19, Gali.No.8, Sangam-Vihar, Vill.Jharodamazra, Delhi-110084.have changed my minor son name,from Arham to Arham Ahmad. 0040499656-1

I, Ashok S/o Khush Dayal Hasija R/o-A-79 Shakti Apartment Sector-9 Rohini Delhi-85 changed my name to Ashok Kumar Hasija. 0040499656-3

I Manjeet Kumar S/o Desh Raj Gambhir R/o-189/A Old-Gupta Colony Delhi-110009,have changed my name to Manjeet Kumar Gambhir. 0040499656-6

I,Ashok Kumar S/O Harbans Lal R/O-27,Vikas Sheel - Apartment,Sec-13,Rohini,Delhi-110085.Changed My Name To Ashok Alawadhi. 0040499583-3

I **Mrs. Mamta Joshi** w/o Mr. Surendra Mohan Joshi and mother of Tanya Joshi and Prathamesh Joshi **R/o CM-4/1103, Cape Town, Supertech, Sector-74, Noida-201301,** do hereby solemnly affirm and inform that **Mamta Joshi and Mamta** is the name of one and the same person and that is my self.

I **Surendra Mohan Joshi** H/o Mrs. Mamta Joshi and father of Tanya Joshi and Prathamesh Joshi **R/o CM-4/1103, Cape Town, Supertech, Sector-74, Noida-201301,** do hereby solemnly affirm and inform that **Surendra Mohan Joshi and S M Joshi** is the name of one and the same person and that is my self.

PUBLIC NOTICE

The public at large is inform that my clientess Smt. Santosh Kumari W/o Sh. Pawan Nath Mishra and Pawan Nath Mishra W/o. Shri Ram Asaray Mishra R/o: H No. 30, Gali No. 4, Vijay Colony, Near Jogi Mohalla, Burari, Delhi - 110084 hereby severe all kind of relationship with her son Ashish Mishra and her wife namely Smt. Sarita have disowned/disinherit them, from their all moveable and immovable properties. If any body legally or illegally dealing with them shall do at his/her/their own cost and risk. My clientress and their family members shall not be responsible for the same.

SHARAD SHARMA -ADVOCATE
Ch. No. V-31, New SBI
Tis Hazari Court, Delhi -110054

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I Mr. Kamal KUMAR S/o Late Mr. Inder Pal Sharma\ R/o 9234 LIG B-9 Vasant Appt. Vasant Kunj, New Delhi-70 for all my original document issued by DDA ie. Demand cum Allotment Letter Posession letter, Posession Slip and NOC of DDA have been lost. An FIR to this effect has been lodged in the police Station, Any Person(s) claiming any right, interest having any objection or found in possession of original document may write/contact with Mr. Kamal Kumar contact No. 9873022917 within 10days from the date of Publication of this Notice.

PUBLIC NOTICE

My client Pankaj Soni S/o Sh. Ram Avtar Soni Director of M/s. P.D. Jewellers (P) Ltd. is the owner of Front Portion of the Second Floor in/of the property bearing No. M-64, erected on a plot of land measuring 300 Sq. Yds., situated at Saket, New Delhi-110017. & Smt. Vaneeta Soni W/o Sh. Pankaj Soni is owner of Rear portion of the abovenoted property and they have lost /misplaced the below mentioned documents.

1. Original Agreement to Sell dated 06/03/1997 executed by J.C. Vijh S/o Tikkam Lal Vijh in favour of Rakesh Uppal S/o B.M. Uppal & Mukesh Aggarwal S/o O.P. Aggarwal duly attested by Notary Public, in respect of abovenoted property.
2. Original General Power of Attorney dated 25/05/1998 executed by J.C. Vijh S/o Tikkam Lal Vijh in favour of Ram Prakash Mehrotra duly attested by General Consulate of India, Toronto, Canada in respect of Entire Terrace of Ground Floor and above of the abovenoted property.
3. Original Mutation Letter issued by MCD in the name of Mrs. Renu Gupta W/o Sh. Rajiv Kumar Gupta in respect of Rear Portion of the Second Floor and Terrace/Roof of the Second Floor of the abovenoted property.

The General Public is hereby requested that kindly inform in case the aforesaid documents are found and return the same on the abovementioned address.

Sd/-
SAMUEL MATHEW (Advocate)
Ch. No. 644, W.Wing,
Tis Hazari Courts Delhi

PUBLIC NOTICE

I, RACHANA MEHTA W/o Mr. Surinder Mehta R/o Flat no. 106 Kenwood tower C Charmwood village Faridabad, have lost the original Regd. Sale Deed of Corner Portion bearing Private No.203, on S.F., measuring 47 sq.mtrs. approx., of the Property No.234-A, Chandi Plaza, Sant Nagar, in the Village Garhi Jharia Maria, New Delhi-65, out of Khasra No.185/150/2/1, and 185/150/2/2, which is duly registered as document No. 3830 in Additional Book No.1, Vol. No.9945 on pages 125 to 134 on 16.03.2010 in the office of Sub-Registrar-V, New Delhi, and regarding the same an NCR/LR no.918841/2019 has been registered by the P.S: Crime Branch, Delhi vide dated 09.04.2019 Any person found the same can contact me on 9810601991.

खोया+पाया

It is notified for the information that my Original Qualifying-Examination Grade Card of Main, Secondary School Examination of Year-2017 and Roll-No.8257081 issued by CBSE has been actually lost. Rachit Singhal. 6A/26, WEA, Karol Bagh, New Delhi-110005. 0040499749-1

It is notified for the information that my Original-Qualifying Examination-Certificate Year-2017, and Roll No. 8252359 issued by C.B.S.E has been actually lost. Name-Lakshay Dargan R/o-C-5D/72A, Janakpuri,Delhi-110058 CONT-9811827397. 0040499714-11

It is notified for the information that my Original-Qualifying Examination-Certificate Year-2017,and Roll.No.8222103 issued by C.B.S.E has been actually lost. Name-Akhil Goswami R/o-F-3/580, Sangam-Vihar, Delhi-110062 CONT-8368054105. 0040499711-10

Lost original Perpetual Lease Deed for Property No. F-38, Rewari Line Industrial Area,Mayapuri Phase-II,New Delhi-110064, favouring Sushil Kumar Gupta.Founder inform at:9818032397. 0040499680-1

I, Divyansha Goel D/o Sh. Rajeev Goel, 2607, First Floor, Hudson Lane, Kingsway Camp, Delhi-110009, have lost my Original Aadhar Card (No. 825004470147), CBSE Class XII Marksheet (year 2019, Roll No. 9204288) & CBSE Class Xth Marksheet & Certificates (year 2017, Roll No. 8255726). Finder please inform me at above address. 0040499743-1

I, Sahil Mulla s/o Roop Chand Mulla R/o-RZ-J-41B/ 233 west Sagarpur New Delhi 110046 have lost my original certificate and marksheet class-12 year 2018 roll No 9176716 CBSE Delhi. 0040499779-9

I, V. P. Tendan S/o-Late Sh. B. L. Tendon R/o-B-233, Greater Kailash-1, New Delhi. I am the owner of DDA Shop.No.33, Kailash Extn. Zamroodpur New Delhi.That my original Allotment-cum-demand letter Possession letter site possession slip NOC water and electricity of the above shop issued by DDA have been lost. (Mob.No.9999300641) 0040499770-1

I, Seema Sagar D/o-Krishan Kumar Sagar R/o-H.No.28-B, Shiv-Mandir, Mohalla-Gali, No.2, Village-Badli, New Delhi-42. Have lost my original qualifying examination certificate & mark-sheet of 10th year 2003, Roll no.6344276 & 12th year 2003, Roll No.6629610 issued by CBSE. Contact-8826883946. 0040499700-1

I Swati D/o Daulat Ram,have lost my 12th Class CBSE Marksheet and 10th-class CBSE Certificate, class-10th Roll.no.6351156 year-2009 and class 12th Roll.no.9647024 year-2011,finder Contact-9654444119. 0040499758-10

LOST & FOUND

Notice is hereby given that Avinish Jain, S/o Suraj Kumar Jain R/o C-6/1 Rana Pratap Bagh, Delhi-110007 has lost/ misplaced the following receipts / documents.

1. Original Agreement Dated 23.06.2008 Executed by HSIIDC regarding Plot Number 122 in favour of Sh. J.B. Gupta
2. Original physical possession letter dated 03.03.2010 issued by HSIIDC regarding Plot Number 122 in favour os Sh. J.B Gupta
3. Original sanctioned of building plan dated 09.04.2012 executed by divisional town planner of Plot Number 122 in favour of Sh. J.B. Gupta
4. Original letter for grant of occupation certificate dated 12.05.2014 issued by divisional town planner HSIIDC regarding Completion of building on Plot Number 122 in favour of Sh. J.B. Gupta
5. Original permission to transfer dated 18.10.2016 executed by HSIIDC to Sh. J.B. Gupta regarding Plot No. 122 situated at Industrial Estate Rai, Sonepat in favour of Sh. Avinish Jain & Smt. Reena Jain Partners of Shree Sai Enterprises.

I have lodged FIR online dated 11.06.2019 & 17.06.2019 with Delhi Police in respect of lost of above noted receipts / documents. Kindly return the same if found, at the above mentioned address.

PUBLIC NOTICE

General public notice it is hereby informed that my client Sh. Sumer Chand Jain s/o late PD Jain, r/o 151, Rishabh Vihar, Delhi-11092, have severed all his relations with their son Sh. VIKAS JAIN and his wife Smt. Meenu Jain and their children Atashya Jain and Dravya Jain, and hereby disown them from his all moveable and immovable properties whatsoever due to their misconduct and misbehave and anybody dealing with them shall be at their own risk, cost and consequences and my client shall not be responsible for their misdeed, acts or omissions in future in any manner.

Anand Prakash Dubey (Advocate)
Ch. No. Y-53, Civil Wing,
Tis Hazari Courts Delhi

anand3wx4hRLY(5)

"IMPORTANT"

Whilst care is taken prior to acceptance of advertising copy, it is not possible to verify its contents. The Indian Express (P) Limited cannot be held responsible for such contents, nor for any loss or damage incurred as a result of transactions with companies, associations or individuals advertising in its newspapers or Publications. We therefore recommend that readers make necessary inquiries before sending any monies or entering into any agreements with advertisers or otherwise acting on an advertisement in any manner whatsoever.

प्रधानमंत्री ने की अहम विभागों के सचिवों के साथ बैठक

नई दिल्ली, 18 जून (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वित्त व अन्य मंत्रालयों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की। बजट से पहले हुई इस बैठक में सुस्त पड़ती अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने और रोजगार सृजन के मुद्दों पर गहन विचार विमर्श हुआ।

सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास पर हुई बैठक में वित्त मंत्रालय के सभी पांच सचिवों के अलावा नीति आयोग के अधिकारी भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी ने संभवतः सभी विभागों के साथ सुधारों की रूपरेखा पर विचार किया ताकि देश में कारोबार करने की व्यवस्थाएं और सुगम की जा सकें और अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाया जा सके।

सूत्रों ने कहा कि बैठक में राजस्व बढ़ाने व सुधारों के जरिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि की रफ्तार तेज करने के उपायों पर भी संभवतः चर्चा हुई। वित्त वर्ष 2018-19 में जीडीपी की वृद्धि दर घटकर 6.8 फीसद पर आ गई है जो इसका पांच साल का निचला स्तर है।

आंकड़ों के अनुसार मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर के दायरे में है, लेकिन जनवरी-मार्च की तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 5.8 प्रतिशत के पांच साल के निचले स्तर पर आ गई है। इससे वृद्धि दर के मामले भारत अब चीन से पिछड़ गया है। वित्त वर्ष 2019-20 का बजट पांच जुलाई को पेश किया जाना है। मोदी ने उससे पहले शीर्ष अधिकारियों के साथ विचार विमर्श शुरू किया है। इन विचारों को बजट में शामिल किया जा सकता है।

माना जा रहा है कि मोदी के नेतृत्व में नई सरकार जहां विनिर्माण में निवेश को प्रोत्साहन देने का प्रयास करेगी वहीं वह आगामी बजट में कृषि क्षेत्र की परेशानियों को दूर करने और किसानों की आय बढ़ाने के कदम भी उठाएगी।

छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में महिला नक्सली ढेर

रायपुर, 18 जून (भाषा)।

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित धमतरी जिले में सुरक्षा बलों ने मंगलवार को मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को मार गिराया। घटनास्थल से हथियार बरामद किया है।

राज्य में नक्सल विरोधी अभियान के महानिदेशक गिरधारी नायक ने बताया की धमतरी जिले के बोराई थाना क्षेत्र के कटीगांव के जंगल में एसटीएफ के दल ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को मार गिराया है। नायक ने बताया कि सोमवार रात बोराई थाना क्षेत्र में एसटीएफ के दल को गश्त के लिए रवाना किया गया था। दल जब मंगलवार सुबह धमतरी और कांकेर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित कटीगांव के जंगल में था तभी नक्सलियों ने पुलिस दल पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस दल ने भी जवाबी कार्रवाई की। कुछ देर तक दोनों ओर से गोलीबारी के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए।

बाद में पुलिस दल ने घटनास्थल की तलाशी ली तो वहां से काली वर्दी में एक महिला नक्सली का शव और एक इंसास राइफल बरामद की गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में मारी गई नक्सली की पहचान नहीं हो पाई है। क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है।

सार्वजनिक सूचना

मेरे मुवक्किल राजे सिंह पुत्र श्री गिरवर सिंह पताः-बी 751, गगन विहार, भोपुरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201005, का नाम उनकी पत्नी महाविरी पत्नी श्री राजे सिंह के सर्विस रिकॉर्ड में गलती से राजेंद्र सिंह लिखा गया है मेरे मुवक्किल का सही नाम राजे सिंह है।

Enrol. No. D/3243/14
Delhi High Court

PUBLIC NOTICE

General public notice it is hereby informed that my client Sh. Sumer Chand Jain s/o late PD Jain, r/o 151, Rishabh Vihar, Delhi-11092, have severed all his relations with their son Sh. VIKAS JAIN and his wife Smt. Meenu Jain and their children Atashya Jain and Dravya Jain, and hereby disown them from his all moveable and immovable properties whatsoever due to their misconduct and misbehave and anybody dealing with them shall be at their own risk, cost and consequences and my client shall not be responsible for their misdeed, acts or omissions in future in any manner.

Anand Prakash Dubey (Advocate)
Ch. No. Y-53, Civil Wing,
Tis Hazari Courts Delhi

PUBLIC NOTICE

It is hereby informed to public at large on behalf of my clients Sh. Bharat Bhushan Bhatia S/o Late Sh. Radhey Shyam Bhatia aged about 64 years and Smt. Gulshan Bhatia W/o Sh. Bharat Bhushan Bhatia aged about 60 years both residents of DDA MIG Flat No.129-C, 2nd Floor, Vikaspuri, New Delhi-110018 have debarred, disowned, disinherited their son namely Sh. Vaibhav Bhatia and daughter-in-law Smt. Swati Vaibhav Bhatia W/o Sh. Vaibhav Bhatia from all their moveable and immoveable properties for being disobedient, quarrelsome, disrespectful and pernicious towards my clients. My clients have also severed and disconnected all their relations with them and they are residing separately from my clients. If anyone deals with them, he/she/they may do so at his/her/their their own risk, cost and consequences. My clients shall not be responsible to anybody for the acts, deeds and misdeeds of their abovenamed son and daughter-in-law.

Sd/-
Parveen Kumar Garg (Advocate)
Ch. No. 700, Western Wing,
Tis Hazari Courts Delhi-54

The Indian EXPRESS Classifieds

EXPRESS EDUCATION

ESSAY
by the renowned essayist and McGraw-Hill writer Ramesh Singh
Introductory Class: June 22, 10.30
(ALL ARE INVITED)
GS ECONOMY starts July 15
Morning, Afternoon, Weekend & Live Online
46/41, Old Rajinder Nagar, Bada Bazar Road, N. Delhi- 60
www.rameshsingh.org | ph. 011-49539444, 98182-44224, 88267-48813

ECONOMICS
OPTIONAL
by Ravindra N. Jha
CSE - 2018 RESULT
AIR-29 AIR-43 AIR-48 AIR-97 AIR-102 AIR-152
AIR-222 AIR-290 AIR-432 AIR-538 AIR-629 AIR-735
OFFLINE & ONLINE BOTH
TEST SERIES
16 JUNE
New Batch 1 JULY @ 2:00 PM
9811343411, 9811343938, 9811343464
Contact for Advt. Booking: M/s Friends Publicity Service
Ph.23276901, 23282028 (M): 9212008155, 9212665841.

महाराष्ट्र : गर्भाशय निकलवाने के मामले की जांच होगी : मंत्री

मुंबई, 18 जून (भाषा)।

महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को कहा कि उनके मंत्रालय के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित एक समिति बीड जिले में गर्भाशय निकालने के कई मामलों की जांच करेगी।

शिवसेना के सदस्य नीलम गोरहे ने राज्य विधान परिषद में इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि बीड जिले में गन्ने के खेत में काम करने वाली औरतों के गर्भाशय निकाल लिए गए ताकि माहवारी के कारण उनके काम में ढिलाई न आए और जुर्माना न भरना पड़े। इसका जबाव देते हुए शिंदे ने सदन को बताया कि बीते तीन साल में बीड जिले में 4,605 महिलाओं के गर्भाशय निकाल दिए गए। बीड जिले के सिविल सर्जन की अध्यक्षता में गठित समिति ने पाया कि ऐसे आपरेशन 2016-17 से 2018-19 के बीच 99 निजी अस्पतालों में किए गए। उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं के गर्भाशय निकाल गए हैं उनमें से कई गन्ने के खेतों में काम करने वाली मजदूर नहीं हैं।

सड़क हादसे में दो भाइयों सहित तीन की मौत, मामला दर्ज

जयपुर, 18 जून (भाषा)।

राजस्थान के दौसा जिले में सोमवार को देर रात हुए एक सड़क हादसे में दो भाइयों सहित तीन व्यक्तियों की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार दौसा के सिकंदरा चौराहे पर सोमवार को देर रात एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार नितिन, उसके भाई मुकेश और धर्मपाल बैरवा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि नितिन की तबीयत खराब होने के कारण मुकेश और धर्मपाल उसे बाइक पर अस्पताल लेकर जा रहे थे। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भारत की मशहूर धरोहरों की हिंदी में वीडियो बनाएगा नासा

वाशिंगटन, 18 जून (भाषा)।

अमेरिका में नासा के वित्त पोषण वाले एक कार्यक्रम में भारत में स्थित मशहूर पुरातात्त्विक स्थलों और संस्थानों का वीडियो बनाया गया है और साथ ही उनकी वैज्ञानिक तथा तकनीक संबंधी जानकारी हिंदी में दी गई है।

ये वीडियो जयपुर में आमेर का किला और हवा महल, यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल कुतुब मीनार और उसमें स्थित जंग प्रतिरोधक लौह स्तंभ, चांद बावड़ी की सीढ़ियां और जयपुर फुट के मुख्यालय पर केंद्रित हैं। नासा द्वारा वित्त पोषित कार्यक्रम स्टारटॉक ने हिंदी, अरबी, चीनी और दुनिया की अन्य भाषाओं को पढ़ाना तथा सीखना अपने लिए प्राथमिकता का मुद्दा बना लिया है। इस परियोजना के निदेशक वेद चौधरी को 90 हजार डॉलर का अनुदान मिला है।

> नासा द्वारा वित्त पोषित कार्यक्रम स्टारटॉक ने हिंदी, अरबी, चीनी और दुनिया की अन्य भाषाओं को पढ़ाना तथा सीखना अ

मौसम

तापमान **नई दिल्ली**

अधिकतम–36.8 डि.से. सूर्योदय– 5:24

न्यूनतम– 21.1 डि.से. सूर्यास्त– 19:21

90 फीसद मुफ्त यात्रा के पक्ष में

रायशुमारी में दिल्ली सरकार का प्रस्ताव पास

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 जून।



- 71,552 लोगों से रायशुमारी, 64,972 लोगों ने योजना को बताया सही

आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार ने मंगलवार को दावा किया कि 90 फीसद से ज्यादा दिल्ली वाले महिलाओं की मुफ्त यात्रा के पक्ष में हैं। पार्टी की दिल्ली इकाई के संयोजक और दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय के मुताबिक, इसे लेकर 10 दिनों तक दिल्ली में जनमत संग्रह किया गया। इसमें 71,552 लोगों से रायशुमारी हुई। बकौल राय 64,972 लोग योजना के समर्थन में खड़े रहे। 90.8 फीसद लोगों ने महिलाओं के लिए मेट्रो और बस यात्रा मुफ्त करने के प्रस्ताव का समर्थन किया। इस महीने की शुरुआत में शहर में महिलाओं के लिए मेट्रो और बस यात्रा मुफ्त करने के प्रस्ताव की घोषणा की थी।

गोपाल राय ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी के विधायकों, पार्षदों और इसकी महिला इकाई को इस योजना पर लोगों से प्रतिक्रिया लेने के लिए शहर भर में बैठकें आयोजित करने का निर्देश दिया था। जनमत संग्रह की घोषणा उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने 7 जून को की थी। दस दिनों में पार्टी के प्रस्ताव पर जनता की राय जानी गई।

जनमत संग्रह के नतीजों पर राय ने संवाददाताओं से कहा कि 8 जून से 17 जून तक दस दिनों तक दिल्ली के विधायकों, पार्षदों और महिलाओं की इकाई ने सर्वेक्षण के माध्यम से दिल्ली वालों से बातचीत की। झुग्गी–बस्तियों, अनधिकृत कॉलोनियों, हाउसिंग सोसाइटियों, फ्लैटों में 1120 बैठकें की गईं। बैठकों के माध्यम से 71,552 लोगों में सर्वेक्षण किया गया और 64,972 लोगों ने कहा कि वे इस विचार का समर्थन करते हैं। यह सर्वेक्षण किए गए कुल लोगों का 90.8 फीसद है। इन लोगों ने दिल्ली सरकार की ओर से प्रस्तावित सार्वजनिक परिवहन योजना में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा पर अपनी सहमति व्यक्त की।

बिजली पर कांग्रेस ने घेरा

कांग्रेस के नेताओं ने दावा किया कि मुख्यमंत्री केजरीवाल की मदद से बिजली कंपनियों ने फिक्स चार्ज के नाम 7401 करोड़ रुपए गलत तरीके से वसूले हैं। बिजली के मीटरों पर फिक्स चार्जेस जो मामूली दर से हुआ करते थे उनपर बेतहाशा वृद्धि करके दिल्ली की जनता से हजारों करोड़ रुपए झटक लिए गए।

एनडीटीवी प्रवर्तकों को राहत, सेबी के आदेश पर सैट ने लगाई रोक

नई दिल्ली, 18 जून (भाषा)।

समाचार प्रसारण कंपनी एनडीटीवी को प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) से राहत मिल गई है। सैट ने कंपनी के तीन प्रवर्तकों प्रणय रॉय, राधिका रॉय और उनकी होल्डिग कंपनी को पूंजी बाजार से दो साल के लिए प्रतिबंधित करने के सेबी के आदेश को स्थगित कर दिया है।

सैट ने रॉय दंपति और आरआरपीआर होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड की अपीलों को 16 सितंबर 2019 को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। सैट ने यह भी निर्देश दिया कि इस दौरान अपील दायर करने वाले लोग एनडीटीवी में अपनी हिस्सेदारी बेचने का प्रयास नहीं कर सकते हैं। एनडीटीवी ने बयान में कहा कि सैट ने सुनवाई के दौरान निष्कर्ष दिया कि दो साल तक के लिए प्रणय रॉय और राधिका रॉय पर एनडीटीवी में निदेशक या अहम प्रबंधन स्तरीय पद पर बने रहने की रोक न तो शेयरधारकों के हित में है और न ही एनडीटीवी के निदेशकों के हित में। इसी के मद्देनजर सैट ने इस आदेश पर रोक लगा दी।

पानी की किल्लत को लेकर संगम विहार में मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ प्रदर्शन करतीं दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित। फोटो : आरुष चोपड़ा

सड़क पर उतरकर कांग्रेस ने मांगा बिजली–पानी पर जवाब

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 जून।

- सभी विधानसभाओं में केजरीवाल सरकार के खिलाफ प्रदर्शन
- शीला दीक्षित पहुंची संगम विहार, कहा– जवाब तो देना पड़ेगा

बिजली–पानी के मुद्दे पर केजरीवाल सरकार को घेरने के लिए प्रदेश कांग्रेस की पूरी टीम मंगलवार को सड़क पर उतरी। पूरी दिल्ली में बिजली कटौती और पानी की कमी के विरोध में दिल्ली की सभी 70 विधानसभाओं में धरने दिए गए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शीला दीक्षित ने संगम विहार विधानसभा में रतिया मार्ग पर भीड़ को संबोधित किया।

यहां वीर सिंह बिधूड़ी, जगप्रवेश कुमार,ओमवीर सिंह बिधूड़ी की अगुआई में प्रदर्शन हुआ। दिल्ली विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ योगानंद शास्त्री और कांग्रेस प्रवक्ता जितेंद्र कुमार कोचर ने मालवीय नगर विधानसभा के गौतम नगर में भीड़ की अगुआई की। कार्यकारी अध्यक्षों हारुन यूसुफ, राजेश लिलौठिया और देवेंद्र यादव ने भी अलग–अलग विधानसभाओं में प्रदर्शन का नेतृत्व किया। पूर्व मंत्री रमाकांत गोस्वामी ने करोल बाग और राजेंद्र नगर विधानसभा के इंद्रपुरी क्षेत्र में आयोजित धरनों में हिस्सा लिया तो पूर्व मंत्री मंगतराम सिंघल चांदनी चौक विधानसभा के धरने में शामिल हुए।

संगम विहार में शीला दीक्षित ने कहा कि दिल्ली के लोग भीषण गर्मी के दिनों में बिजली कटौती और पानी की कमी से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि जो बिजली कटौती से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए है उनमें गरीब लोग, बच्चे, महिलाएं और वृद्ध लोग शामिल हैं, क्योंकि 'आप' की दिल्ली सरकार ने बिजली और पानी की आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के कोई योजना नही बनाई।

वीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि 'आप' सरकार ने संगम विहार की जनता को इस भीषण गर्मी में तड़पने के लिए छोड़ दिया। उन्होंने केजरीवाल से बिजली के बिलों में लगाए गए शुल्क और पेंशन फंड को तुरंत वापस लेने के लिए भी कहा था क्योंकि बिजली वितरण कंपनियों ने इस मद में अनावश्यक रूप से करोड़ों रुपए जमा किए हैं। यूसुफ ने बल्लीमारान में प्रदर्शनकारियों से कहा कि पानी की न केवल गंभीर कमी है बल्कि जितना पानी मिल रहा है, वह भी लोगों के इस्तेमाल के लायक नहीं है। सरकार ध्यान दे या फिर जाने के लिए तैयार रहे।

डीयू : रसीद के आधार पर मिलेगा ईडब्लूएस कोटे में दाखिला

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 जून।

- रसीद के आधार पर डीयू के कॉलेज अस्थायी दाखिला देंगे
- बाद में विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र कॉलेज में जमा कराना होगा

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) प्रशासन ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लूएस) के विद्यार्थियों को राहत देते हुए ईडब्लूएस प्रमाणपत्र बनवाने के लिए मिलने वाली रसीद के आधार पर अस्थायी दाखिला देने का फैसला किया है। प्रमाणपत्र जमा कराने पर विद्यार्थी का दाखिला स्थायी किया जाएगा।

बड़ी संख्या में विद्यार्थी ईडब्लूएस के प्रमाणपत्र को लेकर असमंजस की स्थिति में थे। वे विश्वविद्यालय प्रशासन से गुहार लगा रहे थे कि जब तक उनका प्रमाणपत्र तैयार होता है, तब तक आवेदन के लिए प्रमाणपत्र की रसीद का इस्तेमाल करने दिया जाए। विद्यार्थियों की इस समस्या को देखते हुए डीयू प्रशासन ने फैसला किया है कि कटऑफ आने तक जिन भी विद्यार्थियों का ईडब्लूएस प्रमाणपत्र बनकर तैयार नहीं हो पाएगा तो वह अपनी प्राप्ति रसीद के फोटोकॉपी के जरिए अस्थायी तौर पर कॉलेजों में दाखिला ले सकेंगे। इसके बाद प्रमाणपत्र कॉलेज में जमा कराने के बाद ही विद्यार्थी का दाखिला स्थायी किया जाएगा।

डीयू के विद्वत परिषद (एसी) के सदस्य डॉक्टर रसाल सिंह ने बताया कि कई प्रदेशों खासकर दिल्ली में ईडब्लूएस प्रमाणपत्र बनाने में होने वाली देरी की वजह से बहुत से आवेदकों को प्रमाणपत्र नहीं मिल सके हैं। इसलिए डीयू ने फैसला किया है कि आवेदक दाखिला पोर्टल में पंजीकरण के समय प्रमाणपत्र पाने के लिए किए गए आवेदन की प्राप्ति रसीद को अपलोड कर सकते हैं। साथ ही कटऑफ आने के बाद कॉलेजों में दाखिला लेते वक्त उसी प्राप्ति रसीद की फोटोकॉपी दिखाकर दाखिला ले सकते हैं, अगर उनका तब तक प्रमाणपत्र जारी नहीं हुआ है। कॉलेजों में कटऑफ के समय दाखिला ले रहे छात्रों से शपथपत्र भी मांगी जाएगी कि वह ईडब्लूएस प्रमाणपत्र मिलने के बाद कॉलेज प्रशासन को उसके मूल दस्तावेज को दिखांगे। दाखिला प्रक्रिया जब पूरी तरह से खत्म हो जाएगी, तो उसके एक हफ्ते बाद विद्यार्थी से सभी मूल दस्तावेजों को मांगा जाएगा और उनकी जांच की जाएगी। तब उन्हें ईडब्लूएस प्रमाणपत्र भी दिखाना होगा।

विजेंद्र गुप्ता ने किया फैसले का स्वागत

दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को बयान जारी कर डीयू के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि सोमवार को डीयू के कुलपति प्रोफेसर योगेश त्यागी से उन्होंने बातचीत के दौरान अनुरोध किया था कि वे ईडब्लूएस प्रमाणपत्र जारी न किए जाने की वजह से विद्यार्थियों को होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए कोई हल निकालें।

डीयू के विधि संकाय की डीन वेद कुमारी ने दिया इस्तीफा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 जून।

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के विधि संकाय की डीन और प्रमुख प्रोफेसर वेद कुमारी ने अपने दोनों पदों से इस्तीफा दे दिया है। डीन के रूप में उनका कार्यकाल अभी तीन महीने बचा हुआ था। डीयू के कुलपति को भेजे अपने इस्तीफे में प्रोफेसर कुमारी ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर उनके साथ सहयोग न करने का आरोप लगाया है।

प्रोफेसर कुमारी ने अपने इस्तीफे के फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि अनुभव से वह कह सकती हैं कि उन्हें अगले तीन महीनों में हालात में कोई बदलाव की उम्मीद नहीं है, इसलिए इस्तीफा देना ही उचित था। उन्होंने कुलपति को लिखा कि उन्होंने मेहनती विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए कानूनी शिक्षा और न्याय के उच्च मानकों को हासिल करने में विफलता के कारण इस्तीफा दिया है। संकाय के मामलों में कम उपस्थिति वाले छात्रों को परीक्षा देने की अनुमति दी जा रही थी।

'अपनी भाषा के जरिए ही बन सकते हैं महाशक्ति'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 जून।

भारत को महाशक्ति बनने के लिए अंग्रेजी की अनिवार्यता खत्म करनी होगी। हम अपनी भाषा के जरिए ही यह कर सकते हैं। 'भारतीय भाषा सम्मेलन' के अध्यक्ष डॉक्टर वेदप्रताप वैदिक ने मंगलवार को पत्रकारों से ये बातें कहीं। डॉक्टर वैदिक ने नई शिक्षा नीति के मसविदे के उस अंश की तारीफ की जिसमें अंग्रेजी थोपने के नुकसान बताए गए हैं। उन्होंने देश के लोगों से आग्रह किया कि वे अंग्रेजी की अनिवार्यता के विरुद्ध हर क्षेत्र में अपने स्तर पर आंदोलन शुरू करें।

वैदिक ने कहा कि दुनिया की आर्थिक शक्तियां या सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य देशों में उनकी अपनी भाषा में काम होता है। किसी देश में अंग्रेजी अनिवार्य नहीं है। इसलिए हमें भी इसकी अनिवार्यता को खत्म करना होगा ताकि हम आगे बढ़ सकें।

SUB-SYNDICATE MEMBERS: Anand Rathi Share & Stock Brokers Ltd.; Axis Capital Ltd.; Centrum Broking Limited; Dalal & Broacha Stock Broking Pvt. Ltd.; DB (International) Stock Brokers Ltd.; Edelweiss Securities Limited; HDFC Securities Limited; ICICI Securities Limited; IIFL Securities Ltd.; JM Financial Services Ltd.; Jobanputra Fiscal Services Pvt. Ltd.; Karvy Stock Broking Ltd.; Keynote Capitals Limited; Kotak Securities Limited; LKP Securities Ltd.; Motilal Oswal Securities Ltd.; Prabhudas Lilladher Pvt Ltd.; Pravin Ratilal Share and Stock Brokers Ltd.; RR Equity Brokers Pvt Ltd.; Sharekhan Ltd.; SMC Global Securities Ltd. and Trade Bulls Securities (P) Ltd.

ESCROW BANK(S)/PUBLIC OFFER ACCOUNT BANK/REFUND BANK: HDFC Bank Limited.

SPONSOR BANK: HDFC Bank Limited.

All capitalised terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the RHP.

For **IndiaMART InterMESH LIMITED**
On behalf of the Board of Directors
Sd/-
Company Secretary and Compliance Officer

Place: New Delhi
Date: June 18, 2019

IndiaMART InterMESH LIMITED is proposing, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, an initial public offer of its Equity Shares and has filed a Red Herring Prospectus dated June 17, 2019 with the Registrar of Companies, National Capital Territory of Delhi & Haryana. The Red Herring Prospectus is available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, on the websites of the Stock Exchanges at www.bseindia.com and www.nseindia.com and the BRLMs at www.icicisecurities.com, www.edelweissfin.com and www.jefferies.com. Investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details refer to the Red Herring Prospectus, including the section titled 'Risk Factors' on page 20 of the Red Herring Prospectus.

This announcement is not an offer of securities for sale in the United States or elsewhere. This announcement has been prepared for publication in India only and is not for publication or distribution, directly or indirectly, in or into the United States. The securities described in this announcement have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the "**U.S. Securities Act**") and may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and applicable state securities laws. No public offering of securities in the United States is contemplated.

CONCEPT

जनसत्ता

19 जून, 2019

हड़ताल और सवाल

कोलकाता के एक अस्पताल में ग्यारह जून को डॉक्टरों के साथ मारपीट की घटना के बाद पश्चिम बंगाल और फिर देश भर में डॉक्टरों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं जिस तरह से चरमराईं, उसकी कीमत सिर्फ मरीजों को चुकानी पड़ी है। न डॉक्टरों पर इसका कोई असर पड़ा है, न सरकारों के कान पर जूं रेंगी। फिलहाल राहत की बात तो यह है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हड़ताली डॉक्टरों की मांगें मान लीं हैं और बंगाल सहित देश भर में डॉक्टर काम पर लौट आए हैं। लेकिन इस हड़ताल से जो सवाल निकले हैं, उनका जवाब न तो सरकारों के पास है, न डॉक्टरों के पास। इन सात दिनों के दौरान इलाज के अभाव में जिन मरीजों की जान गई, या जिन्हें गंभीर पीड़ा के दौर से गुजरना पड़ा, उसका जिम्मेदार किसे माना जाए? डॉक्टरों को या फिर उस सरकारी तंत्र को जो चिकित्सा सेवाओं को सुचारु चला पाने और सात दिन में भी डॉक्टरों को काम पर लौटा पाने में नाकाम साबित हुआ? डॉक्टरों की हड़ताल को लेकर केंद्र और राज्य सरकारों का जो रवैया देखने को मिला है, वह उन्हें कठघरे में खड़ा करता है। वरना कितना भी गंभीर मामला क्यों न हो, सात दिन तक चिकित्सा सेवाओं का ठप रहना क्या नागरिकों के जीवन से खिलवाड़ नहीं है?

अस्पतालकर्मियों और मरीजों के परिजनों के बीच मारपीट की घटनाएं आम हैं। शायद ही ऐसा कोई दिन गुजरता हो जब इस तरह के पांच-दस मामले सामने नहीं आते हों। इस तरह की घटनाएं दिल्ली के एम्स से लेकर जिले-कस्बे के अस्पतालों तक में होती रहती हैं। मरीजों-डॉक्टरों के बीच विवाद अचानक ही पैदा होते हैं। हर मरीज को अपनी स्थिति सबसे ज्यादा गंभीर लगती है और ऐसे में वह डॉक्टर से अपेक्षा करता है कि उसे पहले देखा जाए। जब ऐसा नहीं होता तो विवाद खड़ा हो जाता है। कई बार डॉक्टरों और मरीजों का एक-दूसरे के प्रति व्यवहार आहत करने वाला होता है और झगड़ा खड़ा हो जाता है। मरीजों के प्रति डॉक्टरों की लापरवाही के किस्से भी किसी से छिपे नहीं हैं, कई बार तो डॉक्टरों की लापरवाही ही मरीज की जान ले लेती है। ऐसी घटनाएं तूल तब पकड़ती हैं जब अस्पताल प्रशासन इस तरह की समस्याओं का समाधान नहीं कर पाते। इसमें कोई दो राय नहीं कि ज्यादातर अस्पतालों में डॉक्टरों को मुश्किल हालात, सुविधाओं के अभाव और भारी दबाव में काम करना पड़ता है। ऐसे में जब मरीजों की न्यूनतम बेहतर इलाज की उम्मीदें भी पूरी नहीं हो पातीं तो लोगों का गुस्सा फूटता है और बड़े विवाद का रूप ले लेता है।

ड्यूटी के दौरान डॉक्टरों की सुरक्षा बड़ा और अहम मुद्दा है। लेकिन दुख की बात यह है कि डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए अब तक कोई बड़ा कदम नहीं उठाया गया है। अब जाकर केंद्र सरकार की नींद टूटी है और स्वास्थ्य मंत्री ने डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए कानून बनाने पर फिर से विचार करने की बात कही है। अभी भी सिर्फ विचार की बात कही जा रही है। लेकिन ऐसा सुनने को नहीं मिला कि जल्द ही कोई ठोस समाधान निकलेगा। दो साल पहले भी डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए कानून बनाने का मुद्दा उठा था, लेकिन अब तक इस दिशा में कुछ नहीं हुआ, जबकि डॉक्टर-मरीजों के बीच विवाद की अनगिनत घटनाएं हो चुकी हैं। जाहिर है, ऐसे मामले सरकारों की प्राथमिकता में कहीं नहीं होते, बल्कि ऐसी घटनाओं की आड़ में राजनीतिक हित साधने की कोशिशें होने लगती हैं। इस तरह की घटनाओं को रफा-दफा करने की प्रवृत्ति ने ही कोई ऐसा तंत्र विकसित नहीं होने दिया जो डॉक्टरों के साथ-साथ मरीज की भी सुरक्षा सुनिचित करता हो।

व्यापार में तकरार

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार युद्ध की आशंका जताई जा रही है। इसके चलते शेयर बाजार का संवेदी सूचकांक पिछले तीन दिनों से लगातार नीचे का रुख किए हुए है। विदेशी निवेशक जबर्दस्त निकासी कर रहे हैं। दरअसल, दोनों देशों के बीच व्यापार युद्ध की आशंका अमेरिका के विकासशील देशों को दिए तरजीही राष्ट्र के दर्जे को वापस लेने के बाद से ही जताई जाने लगी। उन देशों में भारत भी शामिल है। उसके तरजीही राष्ट्र का दर्जा यानी जीएसपी हटाने से भारत से निर्यात की जाने वाली करमुक्त वस्तुओं पर भारी कर का भुगतान करना पड़ेगा। इससे भारतीय उत्पादकों पर बोझ बढ़ेगा। अमेरिकी फैसले के बाद भारत सरकार ने भी अमेरिका से भारत आने वाली अखरोट, बादाम, दाल जैसी अट्ठाईस वस्तुओं पर सीमा शुल्क बढ़ा दिया। भारत के इस फैसले को प्रतिक्रिया में उठाया कदम बताया जा रहा है। अमेरिका के फैसले से भारतीय एल्यूमिनियम, इस्पात आदि उत्पादों पर शुल्क बढ़ गया है, जिसके चलते इन क्षेत्रों में काम करने वाली कंपनियों के सामने मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। इन्हीं क्षेत्रों में काम करने वाली कंपनियों के शेयरों में गिरावट देखी गई है।

अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए राष्ट्र कई बार सीमा शुल्क में दी जा रही छूटों को समाप्त करने का फैसला करते हैं। इसलिए अमेरिका का फैसला नया नहीं है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था नाजुक दौर से गुजर रही है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने चुनाव प्रचार में अमेरिकी युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने और अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का वादा किया था। रोजगार के नए अवसर पैदा करने के लिए और सुरक्षा कारणों से उन्होंने अपने कार्यकाल के शुरुआती दिनों में ही अनेक देशों के नागरिकों के नौकरी के लिए अमेरिका पहुंचने संबंधी नियमों को कड़ा कर दिया था। अब उन्होंने अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए तरजीही राष्ट्र की सूची में शामिल देशों से आने वाली वस्तुओं पर से कर की छूट समाप्त कर दी। इससे अमेरिका का राजस्व बढ़ेगा और वहां की वस्तुओं के लिए बाजार बढ़ेगा। मगर बड़े देश जब कुछ देशों को तरजीही राष्ट्र का दर्जा देते हैं, तो उसके पीछे मकसद उन देशों को अपनी अर्थव्यवस्था सुधारने में मदद करना और व्यापारिक संबंधों को मजबूत बनाना होता है। इस तरह अमेरिका ने भारत को जीएसपी से बाहर किया, तो यही माना गया कि वह भारत से अपने संबंधों को पहले जैसा मधुर नहीं बनाए रखना चाहता। इसलिए भारत का फैसला अस्वाभाविक नहीं माना जा सकता कि उसने भी अमेरिका से आयात होने वाली कुछ वस्तुओं पर दी जा रही छूट को समाप्त कर दिया।

दरअसल, भारत तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था जरूर है, पर हकीकत यही है कि यह मजबूत स्थिति में नहीं है। विकास दर का रुख नीचे की तरफ है। ऐसे में सरकार के माथे पर चिंता की लकीरें देखी जा रही हैं। इससे पार पाने के लिए सरकार ने दो समितियां गठित की हैं जो विकास दर में तेजी लाने और रोजगार के नए अवसर पैदा करने संबंधी उपायों पर विचार करेंगी। नीति आयोग की संचालन परिषद की बैठक में भी प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को इस मामले में कंधे से कंधा मिला कर काम करने और निर्यात बढ़ाने की दिशा में प्रयास करने पर जोर दिया। अगले पांच सालों में सरकार ने अर्थव्यवस्था को पांच हजार अरब डॉलर तक ले जाने का इरादा जताया है। इसलिए अमेरिकी वस्तुओं पर कर संबंधी छूट वापस लेने का फैसला अनुचित नहीं कहा जा सकता। शेयर बाजार की आशंका बहुत गंभीर नहीं मानी जानी चाहिए।

कल्पमेधा

इस संसार में देखने के लिए बहुत से
खूबसूरत स्थान हैं पर सबसे खूबसूरत है बंद
आंखों से अपने भीतर देखना।
–गौतम बुद्ध

गरमाती धरती के खतरे

निरंकार सिंह

वैश्विक स्तर पर धरती का तापमान बढ़ने से समुद्र तटीय क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों पर इसका व्यापक असर होगा। ग्रीनलैंड और अंटार्कटिक पर जमी बर्फ लगातार कम होती जा रही है। इससे समुद्र का जलस्तर दो मीटर तक बढ़ सकता है। इससे तटीय शहरों के डूबने का खतरा बढ़ जाएगा। कोलकाता, मुंबई और चेन्नई जैसे महानगरों का डूब जाना तो साधारण बात होगी।

धरती का तापमान जिस रफ्तार से बढ़ता जा रहा है, वह इस सदी के अंत तक प्रलय के नजारे दिखा सकता है। इससे धरती का मौसमी चक्र बदल रहा है। दुनिया के कई देशों में चक्रवाती तूफान, बाढ़, सूखा और अतिवृष्टि जैसी कुदरती आपदाओं की तीव्रता और संख्या में भी वृद्धि हो रही है। कहीं ठंडक अधिक हो रही है तो कहीं गर्मी से लोग बेहाल हैं। भारत जैसे उष्णकटिबंधीय जलवायु वाले देश के मौसमी चक्र में भारी बदलाव हो रहा है। दुनिया के सबसे गर्म पंद्रह शहरों में दस शहर भारत के हैं। पचास के दशक में उच्च तापमान का क्षेत्र केवल दक्षिण-मध्य भारत तक सीमित था, जहां इकतालीस डिग्री सेल्सियस तक तापमान दर्ज किया जाता था। लेकिन अभी तो तकरीबन पूरा भारत ही गर्मी का गढ़ बन गया है। राजस्थान के श्रीगंगानगर और चूरू जैसे इलाकों में तापमान पचास डिग्री तक जा पहुंचा। मौसम विभाग के मुताबिक 1961 से 2018 के बीच तापमान में आश्चर्यजनक बढ़ोत्तरी (करीब 0.8 डिग्री सेल्सियस) दर्ज की गई है और गर्मी वाले दिनों की संख्या पूरे देश में बढ़ गई है।

मौसम विभाग का मानना है कि अगर इस बार बारिश पूर्वानुमान के अनुसार नहीं होती है तो 2019 बीते साल से भी ज्यादा गर्म होगा। भारी गर्मी अपने साथ जल संकट भी लाती है। पिछले कुछ वर्षों से बार-बार सूखे का सामना कर रहे महाराष्ट्र के विदर्भ और उत्तर प्रदेश-मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड में पीने के पानी की समस्या बढ़ गई है। इन इलाकों में कई जलाशयों में पानी का स्तर क्षमता का दस फीसद ही रह गया है, जिससे कुछ फसलें संकटग्रस्त हो गई हैं। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार पानी का स्तर अभी बीते दस सालों में सबसे कम है। यह तो तात्कालिक संकट है। पर असली समस्या अत्यंत गंभीर है। जलवायु बदलने से फसलों की पैदावार से लेकर उनकी गुणवत्ता पर भी प्रभाव पड़ने वाला है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए यह संकट एक चुनौती के रूप में उभर रहा है। यदि अभी से हमने अपने पर्यावरण के संतुलन पर ध्यान नहीं दिया तो हमारा भविष्य संकटों से भरा होगा।

जलवायु संकट (ग्लोबल वार्मिंग) के कारण बीती आधी सदी में दुनिया भर में अतिवृष्टि के मामलों में काफी बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 1964 से लेकर 2013 तक अत्यधिक बारिश की सर्वाधिक घटनाएं हुईं। अत्यधिक वर्षा की घटनाएं कनाडा के कुछ हिस्सों, यूरोप, अमेरिका के मध्य-पश्चिम और पूर्वोत्तर क्षेत्र, उत्तरी ऑस्ट्रेलिया, पश्चिमी रूस और चीन के कुछ हिस्सों में बढ़ी हैं। कनाडा की सास्काचेवान यूनिवर्सिटी में हाइड्रो-क्लाइमेटोलॉजिस्ट साइमन के अनुसार इस अध्ययन के लिए वैश्विक स्तर पर बारिश के तमाम रेकार्ड खंगाले गए, जिनमें पाया गया कि बीते पचास साल के दौरान जब ग्लोबल वार्मिंग में तेजी आनी शुरू हुई तो अतिवृष्टि के मामलों में भी आश्चर्यजनक रूप से बढ़ोतरी देखी गई। यह बदलती प्रवृत्ति जलवायु परिवर्तन के खतरों के प्रति आगाह करती है। इसी दौरान यूरोप और एशिया के भागों में 8.6 फीसद ज्यादा अतिवृष्टि हुई। जलवायु संकट के कारण भारी बारिश के मामले बढ़ रहे हैं। साथ ही, यह कई बीमारियों को भी अपने साथ लेकर आती है। वर्ष 1980 से 2009 के बीच अतिवृष्टि के कारण आई बाढ़ में लगभग पांच लाख लोगों की मौत हो गई।

वैश्विक स्तर पर धरती का तापमान बढ़ने से समुद्र तटीय क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों पर इसका व्यापक असर होगा। ग्रीनलैंड और अंटार्कटिक पर जमी बर्फ लगातार कम होती जा रही है। इससे समुद्र का जलस्तर दो मीटर तक बढ़ सकता है। इससे तटीय शहरों के डूबने का खतरा बढ़ जाएगा। कोलकाता, मुंबई और चेन्नई जैसे महानगरों का डूब जाना तो साधारण बात होगी। ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टल के शोधकर्ताओं ने बताया कि ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका में बर्फ की चादरों के पिघलने के बाद समुद्र का स्तर बढ़ने से तटीय क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा, जो पारिस्थितिकी तंत्र के लिए भी सबसे बड़ा खतरा है। समुद्री जलस्तर बढ़ने के संभावित खतरों से निपटने के लिए अभी से वैज्ञानिक रणनीति बनाने की जरूरत है।

समुद्र के स्तर में वृद्धि के अनुमान ग्रीनलैंड और अंटार्कटिक बर्फ की चादरों के विकास के बारे में चल रही अनिश्चितता के कारण चुनौतीपूर्ण बने हुए हैं। शोधकर्ताओं ने बताया कि तकनीक का प्रयोग कर उन्होंने बर्फ की बाईस चादरों की जांच कर यह अनुमान लगाया है कि ग्रीनलैंड, वेस्ट अंटार्कटिक और पूर्वी अंटार्कटिक में बर्फ पिघलने से वैश्विक

स्तर पर तापमान में क्या फर्क पड़ा। इस अध्ययन से पता चलता है कि वर्ष 2100 तक उच्च ताप वाले इलाकों में समुद्र का जल स्तर दो मीटर तक बढ़ सकता है। यदि ऐसा हुआ तो लगभग दस लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र जलमग्न हो सकता है और दस लाख लोग इससे प्रभावित हो सकते हैं।

इस संकट से निपटने के लिए कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक शोध केंद्र की योजना बनाई है। यह केंद्र पृथ्वी को बचाने के नए रास्ते तलाशेगा। इस शोध में ऐसे तरीकों की खोज की जाएगी, जिनसे ध्रुवों की पिघल रही बर्फ को फिर से जमाया जा सके और वातावरण से कार्बन डाइ ऑक्साइड निकाली जा सके। इस केंद्र को इसलिए बनाया जा रहा है कि वर्तमान में पृथ्वी पर जलवायु संकट के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए उठाए जा रहे कदम नाकाफी लग रहे हैं। यह पहल ब्रितानी सरकार के पूर्व मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर सर डेविड किंग की ओर से कराई जा रही है। डेविड किंग के अनुसार आने वाले दस सालों में हम जो भी करेंगे वह मानव जाति के अगले दस हजार सालों का भविष्य तय करेगा। यह मुहिम सामाजिक वैज्ञानिकों, वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को एक साथ लाएगी। यह वास्तव में हमारे समय की सबसे महत्त्वपूर्ण चुनौतियों में से है। यह ध्रुवों पर बर्फ को जमाने की कोशिशों में सबसे कारगर कदमों में से एक होगा। इनके ऊपर पड़ने वाले बदलों को चमकदार करना है। इसके लिए बेहद पतली नलियों को मानव रहित जहाजों पर लगा कर समुद्री पानी को पंप से ऊपर खींचा जाएगा। इससे नमक के कण नली में आएंगे। इस नमक को बादलों तक पहुंचाया जाएगा। इससे बादल गर्मी को और भी ज्यादा परावर्तित कर सकेंगे।

जलवायु परिवर्तन से निपटने का एक और अहम तरीका है- कार्बन कैप्चर और स्टोरेज जिसे सीसीएस कहते हैं। सीसीएस में कोयले या गैस से निकाली कार्बन डाई आक्साइड को बिजली स्टेशनों या इस्पात संयंत्रों से इकट्ठा कर इसे भूमिगत भंडारों में सुरक्षित किया जाता है। यूनिवर्सिटी ऑफ शेफील्ड के प्रोफेसर पीपर स्ट्राइंग के अनुसार दक्षिण वेल्स के पोर्ट टैलबोट में टाटा स्टील के साथ एक कार्बन कैप्चर एंड यूटिलाइजेशन (सीसीयू) पायलट योजना विकसित की जा रही है, जो प्रभावी रूप से कार्बन डाइआक्साइड को पुनर्चक्रित करता है। प्रोफेसर स्ट्राइंग के अनुसार, इस योजना में एक संयंत्र की स्थापना की जाएगी जो फर्म के कार्बन उत्सर्जन को ईंधन में परिवर्तित करेगा। हमारे पास हाइड्रोजन का एक स्रोत है। हमारे पास कार्बन डाइआक्साइड का एक स्रोत है, हमारे पास गर्मी का एक स्रोत है। हम इसके जरिए अक्षय ऊर्जा पैदा करेंगे। हम सिंथेटिक ईंधन बनाने जा रहे हैं। इनमें से एक उपाय समंदरों को हरा-भरा करना भी है, ताकि वे अधिक कार्बन डाइआक्साइड को सोख सकें। इस समस्या के समाधान के लिए हमें अपनी धरती को हरा-भरा बनाना होगा, ताकि पेड़-पौधे अधिक कार्बन डाइआक्साइड सोख सकें और धरती का तापमान बढ़ने से रोक सकें। वृक्षारोपण को जन अभियान का हिस्सा बनाना होगा। वृक्षों को लगा कर और धरती पर हरियाली बढ़ा कर ही अपनी भावी पीढ़ी का भविष्य बचा सकते हैं।

अंधेरी राहें

अतुल चतुर्वेदी

दुनिया मेरे आगे

गरमी की छुट्टियां होते ही बच्चे शिकायत करने लगते हैं कि कहीं बाहर घूमने चलें। यह दर्द मित्रों और परिजनों के सोशल मीडिया पर निरंतर आती सूचनाओं, मनोहारी चित्रों और वर्णनों को देख कर और बढ़ जाता है। ऐसे में अगर आपके मोहल्ले और पड़ोस का कोई परिवार पहाड़ों पर जा रहा हो तो इस दुख के सागर की कल्पना ही की जा सकती है। दरअसल, पहले गरमी की छुट्टियां होते ही नानी के घर जाने का रिवाज-सा था। लेकिन पिछले कुछ दशकों में स्थितियां बदली हैं। अव्वल तो नानी के घर देश या परदेश में रहने के कारण इतने दूर हो गए हैं कि वहां जाना इतना आसान नहीं है। दूसरे, नानी के घरों में अब वे बातें और रोमांच नहीं रहा, जैसा पहले था।

खगोलीकरण ने सब घरों को लगभग एक जैसा बना दिया है। न नानी के घर में वैसे आम के बाग हैं, जहां अलसुबह उठ कर बच्चों के झुंड के साथ निकल जाया जाए और दिन भर आम तोड़ा जाए। वहां के कुएं पर नहाएं और फिर दोपहर चढ़ते तक लौटें। न वहां पर घर के बरामदे या आंगन में पड़े हुए झूले हैं और न छतों पर पानी छिड़क कर बिछावन पर रात में सोने का सुख। सच कहें तो आज की नानी खुद एक हद तक टीवी धारावाहिक और सोशल मीडिया के मोहपाश में जकड़ी हैं। उनके पास अपने बच्चों को सुनाने के लिए अनुभव और परियों की कहानियां भी नहीं हैं।

ज्यादा शिकायत करने पर बच्चों को मोबाइल, कंप्यूटर और टीवी के आगे कार्टून चैनल लगा कर बैठा दिया जाता है। लेकिन ऐसी सुविधाएं उनके अपने घर में भी मौजूद हैं। लिहाजा नानी के घर जाने का आकर्षण क्षीण हो रहा है। उसमें छिपा हुआ अनूठा अनुभव समाप्त हो रहा है। नानी के यहां जाने पर न तो बड़ के पत्ते पर मटके में कुल्फी बेचने वाला आता है, न दोपहर में चुस्की और फालसे बेचने वाला। सब जगह वही आइसक्रीम और बेकरी की दुकानें।

ग्रीष्मावकाश में कुछ स्कूल और स्वयंसेवी संस्थाएं बच्चों और किशोरों के लिए 'हॉबी क्लासेज' यानी पसंद की कक्षाएं भी लगाती हैं। हालांकि इनका उद्देश्य अपनी संस्था का प्रचार-प्रसार करना अधिक और बच्चों में कलात्मक या खेलकूद संबंधी अभिरुचियों का विकास करना कम होता है। आमतौर पर एक सप्ताह से दस दिन की इन कक्षाओं में न तो इतने उच्च स्तरीय प्रशिक्षक बुलाए जाते हैं और न ही विधा के बारे में व्यापक और गंभीर जानकारी दी जाती है। घूम-फिर कर बच्चों के सामने समस्या मुंह बाए खड़ी रहती है कि कहां जाएं और क्या करें!

कुछ स्कूल इतने सख्त होते हैं और परस्पर प्रतिस्पर्धा के चलते वे छुट्टियों के दिन के लिए भी इतना होमवर्क बच्चों को सौंप देते हैं कि अभिभावकों तक के माथे पर पसीना आ जाता है। इस चिंता और भाग-दौड़ में छुट्टियां कहां व्यतीत हो जाती हैं, पता भी नहीं चलता। जितना बड़ा शैक्षणिक संस्थान, उतना ज्यादा बच्चों पर काम का बोझ। असल में बच्चे हमारी प्राथमिकता सूची में कभी आए ही नहीं हैं, न आज कोई राजनेता नेहरूजी की तरह बच्चों से अनुराग रखने वाला बचा है।

बच्चों के व्यक्तित्व के ठोस विकास के लिए न कभी महिला एवं बाल विकास विभाग ने पुख्ता योजनाएं बनाईं, न उन्हें इतनी फुर्सत है। बच्चों के मनोविज्ञान को समझने और उनकी अभिरुचियों को तराशने के लिए हमारे स्कूलों और स्वयंसेवी संस्थाओं के पास कोई स्पष्ट दृष्टि नहीं है। वे आज के सामाजिक, व्यावसायिक और राजनीतिक ढांचे के वैचारिक प्रदूषण को ग्रहण करते हुए बड़े हो रहे हैं। पढ़ने की आदत तो अब बड़ों में भी नहीं बची है तो बच्चों से अपेक्षा करना व्यर्थ है। मुझे याद है, पहले शहरों में बाल पुस्तकालय होते थे। गरमी के मौसम में बाल पत्रिकाओं 'पराग', 'नंदन' और 'लोटपोट' आदि के विशेषांकों की भारी मांग बच्चों के बीच रहती थी। पढ़ने से एक संस्कार और संवेदनाओं का विस्तार होता था।

आज सब कुछ 'गूगल बाबा' के हवाले है। इस आपाधापी में हम अपने अंतर्मन को खोजना शायद भूल गए हैं। हम भूल गए हैं कि हर बच्चे के अंदर भविष्य का एक कलाकार, लेखक या खिलाड़ी छिपा है, लेकिन हम उसकी अभिरुचियों को न तो पहचान रहे हैं और न विकास के लिए कोई मंच तैयार कर रहे हैं। वे ऊंचे नंबर तो ला रहे हैं, मगर एक जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक या बेटा या बेटी नहीं बन पा रहे। नानी और नाना के जरिए आती हुई अनौपचारिक शिक्षा का सूत्र भी अब बिखरा-बिखरा-सा लगता है। उस पगडंडी पर चलने की जहमत और धैर्य कितनों के पास बचा है और उस शानदार परंपरा को निभाने वाले व्यक्तित्व भी अब कहां हैं! अपने इतिहास के बारे में अज्ञान हमारी दुर्गति के लिए जिम्मेदार है, जिसके कारण हमारा समाज एक स्वार्थी, क्रूर और हिंसक समाज में तब्दील होता जा रहा है।

वायरस का कहर

अस्पताल वही है, बिस्तर भी वही हैं और डॉक्टर भी वही हैं। केवल मरीज बदल रहे हैं और मौतों का सिलसिला जारी है। बिहार में एक तरफ जहां 'एक्यूट इंसेफलाइटिस सिंड्रोम' (एईएस) नामक बीमारी का कहर नौनिहालों की हंसती-खेलती जिंदगी को बेजुबान मौत में तब्दील कर रहा है वहीं दूसरी ओर भयंकर गर्मी और लू लोगों पर सितम ढा रही हैं। सरकार प्रकृति और बीमारी के कारण मौत के इस तांडव के आगे लाचार नजर आ रही है।

एईएस वायरस का कहर उत्तर बिहार को पूर्ण रूप से अपनी जद में ले चुका है। मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, सीतामढ़ी, मोतिहारी समेत उत्तर बिहार के अन्य जिलों में एईएस वायरस की वजह से उत्पन्न मियादी बुखार के कारण हर रोज दर्जनों मांओं की गोद सूनी हो रही हैं। मुजफ्फरपुर का हाल सभी जिलों से भयावह है। उत्तर बिहार में मांओं के रुदन से आसमान का भी कलेजा फट रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वहां एईएस वायरस के कारण अभी तक सौ से ज्यादा बच्चे काल कवलित हो चुके हैं।

दूसरी तरफ प्रचंड गर्मी और लू के प्रकोप से दक्षिण बिहार कराह रहा है। नवादा, गया, नालंदा, जहानाबाद समेत दक्षिण बिहार के अन्य जिलों में भयंकर गर्मी और लू से 107 लोग जिंदगी की जंग हार चुके हैं! मौतों का यह सिलसिला न जाने किस मोड़ पर जाकर समाप्त होगा! बिहार देश का ऐसा पिछड़ा राज्य है जहां गरीबी, भुखमरी, अशिक्षा और बेरोजगारी दर अन्य राज्यों की तुलना में ज्यादा है। यहां स्तरीय अस्पतालों और अच्छे डॉक्टरों का अभाव है। इस मुश्किल घड़ी में उसे मदद की सख्त जरूरत है। इस गंभीर संकट के दौर में सभी राजनीतिक दलों को अपने मतभेद भुला कर एक मंच पर आकर इस त्रासदी से जनता को मुक्त कराना होगा। अभिभावकों को भी ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। वे अपने बच्चों का खयाल रखें क्योंकि सतर्कता ही इस महामारी के प्रकोप को कम कर सकती है। लू और भयंकर गर्मी के मौसम में घर से तभी निकलें जब कोई अति आवश्यक काम हो। वैसे आपके किसी काम का मोल आपकी जिदंगी से बढ़कर नहीं है।

● *कुंदन कुमार, समस्तीपुर, बिहार*

मौद्रिक कवायद

क्या रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी आरबीआई द्वारा बार-बार रेपो रेट कम करने से निजी पूंजी निवेश में वृद्धि होगी? पिछले छह महीनों में तीन बार 0.25 फीसद करके ब्याज दर में कटौती की गई। क्या इससे कर्ज लेने वालों को फायदा हुआ? एक अध्ययन के अनुसार बैंकों ने केवल 0.21 फीसद का लाभ ग्राहकों को दिया। इसका कारण भी है। सार्वजनिक क्षेत्र के ज्यादातर बैंकों को अपने फंसे हुए कर्ज यानी एनपीए के कारण जबरदस्त नुकसान हुआ है। आरबीआई की इस कटौती को बैंक अपने घाटे की भरपाई के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। इसलिए केंद्रीय बैंक जिस वजह से यह कटौती कर रहा है उसका लाभ अर्थव्यवस्था को नहीं मिल पा रहा है। नतीजतन, अर्थव्यवस्था आहिस्ता-आहिस्ता मंदी की तरफ बढ़ रही है।

पिछले मार्च में तिमाही जीडीपी से यह स्पष्ट हो गया है। केंद्रीय बैंक ने भी वित्तीय वर्ष 2020 के लिए जीडीपी के अनुमान को 7.2 से घटाकर सात फीसद कर दिया है। बाजार में ऊहापोह की स्थिति है। निजी पूंजी निवेश गिरता जा रहा है। नए ऋणों की मांग ही नहीं हो रही है। उद्योग क्षेत्र में पूर्ण क्षमता के केवल 75 फीसद का उपयोग हो रहा है क्योंकि बाजार में मांग ही नहीं है। इस स्थिति के लिए केवल वैश्विक कारणों को जिम्मेदार बता कर सरकार पल्ला नहीं झाड़ सकती। अपने दूसरे कार्यकाल में उसे अब गंभीरता से काम करना होगा।

● *जंग बहादुर सिंह, गोल पहाड़ी, जमशेदपुर*

चौपाल

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

बड़ा खतरा

पूरे विश्व में सत्रह जून को विश्व मरुस्थल रोकथाम दिवस मनाया गया। इस वर्ष का मुख्य विषय था 'चलो भविष्य में एक साथ आगे बढ़ें'। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनिया में मरुस्थलीकरण को रोकना है। गौरतलब है कि भारत का लगभग 30 फीसद हिस्सा मरुस्थल में तब्दील हो चुका है। इसका एक बड़ा हिस्सा जल संकट से जूझ रहा है और मौसम में आकस्मिक बदलाव हो रहे हैं। यों तो इस सबके लिए कई कारण जिम्मेदार हैं लेकिन जल की कमी, वृक्षों की कटाई आदि अहम हैं जिनके लिए सिर्फ और सिर्फ मानव जिम्मेदार है। मानव द्वारा प्राकृतिक संसाधनों का अनियंत्रित दोहन किया जा रहा है जो भविष्य के लिए एक बड़ा खतरा है। वक्त रहते हम पर्यावरण के प्रति जागरूक नहीं हुए तो अपना अस्तित्व बचाने में असमर्थ सिद्ध होंगे।

● *सोनू राज, मुखर्जी नगर, दिल्ली*

घटता भूजल

जिस प्रकार साल दर साल वर्षा में कमी आ रही है, उसी प्रकार भूजल स्तर में भी कमी आ रही है। भारत के अनेक राज्य पानी की कमी के चलते त्रस्त हैं। इनमें सबसे अधिक महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, ओड़ीशा और बिहार में पीने योग्य पानी के लिए लोग तरस रहे हैं। यहां कुएं सूख चुके हैं, नदियां, तालाब और पानी के अन्य सोते जमींदोज हो चुके हैं। अत्यधिक जलदोहन और समुचित जल संरक्षण के अभाव में जलाभाव की विकरालता आने वाले समय के लिए गंभीर खतरे की घंटी बजा चुकी है। बड़े शहरों और महानगरों में जिस प्रकार भूजल का दोहन हो रहा है और उसे बर्बाद किया जा रहा है, उससे तो इन शहरों का अस्तित्व ही खतरे में पड़ सकता है। कुछ अधिक संपन्न लोग अधिक जल बर्बाद करते देखे जा रहे हैं। जमीन के 500 फीट नीचे से भी सबमर्सिबल पंपों द्वारा पानी निकाल कर घरों के फर्शों और गाड़ियों को धोया जा रहा है और बेतहाशा पानी बहाया जा रहा है।

अपवादों को छोड़ दें तो संपन्नता संवेदनशीलता और मार्मिकता में आंशिक कमी ला ही देती है। इनको कोई रोकने वाला नहीं। इन्हें किसी लाइसेंस की आवश्यकता नहीं! इनमें से अनेक वे लोग भी हैं जो भारत के विभिन्न अभियानों के 'ब्रांड एंबेसडर' बने हुए हैं। कुछ अधिक दबाव पड़ने पर कार्रवाई के नाम पर इन्हें सौ-पांच सौ का चालान थमा कर इतिश्री समझी जा रही है, लेकिन प्यासे लोग तो हाहाकार कर रहे हैं; मवेशी प्यास से तड़प-तड़प कर मर रहे हैं, मगर इन्हें उससे क्या! इनके फर्श व गाड़ियां तो चमचमाती रहनी ही चाहिए!

● *सतप्रकाश सनोठिया, रोहिणी, नई दिल्ली*

नहीं मिलती मधुमक्खियों की खुराक

कृषि जंगलों के खत्म होने से मधुमक्खियां के लिए खुराक की समस्या सबसे बड़ी है। छिछड़ी का शहद दुनिया में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। लेकिन जंगलों से छिछड़ी की झाड़ियां गायब हो गई हैं। सफेदा, रवीनिया सरसों , सूरजमुखी आदि फसलें हों तो कुछ हो भी। मधुपालन विकास अधिकारी ज्ञान वर्मा कहते है कि सरकार ने दो बीघा जमीन में सरसों की खेती करने के लिए तीन हजार रुपए की सबसिडी की योजना तो चलाई है, लेकिन किसान इन योजनाओं से बेखबर हैं।

जलते जंगल, बेहाल बंदोबस्त

सुनील दत्त पांडेय
देहरादून।

उत्तराखंड में इस बार गर्मियों में जंगलों के जलने की घटनाएं तीन साल के मुकाबले ज्यादा रहीं और जंगल में आग की घटनाओं ने उत्तराखंड के वन विभाग के आग बुझाने के इंतजामों की पोल खोलकर रख दी। वन विभाग के अधिकारी उत्तराखंड राज्य गठन से 18 साल बाद तक आग बुझाने के लिए संसाधनों की कमी का रोना रो रहे हैं। परंतु कोई भी सरकार वन विभाग की सुनने को तैयार नहीं है।

राज्य गठन के बाद यह साल वनाग्नि की दृष्टि से दूसरा सबसे खराब साल रहा। इस साल मार्च से लेकर मई तक के तीन महीने में जंगलों में आग लगने से लगभग 2,521 हैक्टेयर वन क्षेत्र नष्ट हो गया। इस साल अकेले 28 मई को उत्तराखंड के जंगलों में वनाग्नि की 94 घटनाएं हुई जिनमें 161 हैक्टेयर वन क्षेत्र खाक हो गया। इससे पहले उत्तराखंड में आग लगने की सबसे ज्यादा घटनाएं 2016 में हुई थी, जिससे 4,538 हैक्टेयर वन क्षेत्र जलकर खाक हो गए थे। 18 साल में 44.518 हैक्टेयर वन क्षेत्र वनाग्नि की भेंट चढ़ गए हैं।

फोरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के अनुसार पिछले तीन साल में वनाग्नि की घटनाओं में 49.3 फीसद की वृद्धि हुई है। प्रति वर्ष लगभग 1,101 करोड़ रुपए की आर्थिक क्षति का अनुमान है। इसके अलावा कई दुर्लभ जड़ी-बूटियां आग की भेंट चढ़ गई है।

इस साल मई के महीने में जंगलों में आग लगने की साढ़े पांच सौ से ज्यादा घटनाएं हो चुकी हैं और इनमें 760 हैक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ और वन संपदा जलकर राख हो गई। इन घटनाओं में भारी तादाद में वन्य जीव जन्तु आग की चपेट में आकर मौत का शिकार हो गए। सबसे ज्यादा खराब हालात पौड़ी गढ़वाल जिले में

श्रीनगर के आसपास के जंगलों के थे। बदरीनाथ वन क्षेत्र के विरही रेंज के जंगल तो मई के महीने में एक हफ्ते तक सुलगते रहे। इससे हालात बेकाबू हो गए थे। राजाजी टाईगर रिजर्व पार्क की मोतीचूर और हरिद्वार रेंज के मंशा देवी की पहाड़ियों में भीषण आग लगी। उत्तराखंड में वनाग्नि से 19 साल में 4 हजार 159 लोगों की जानें जा चुकी हैं।

कुमाउं मंडल के नैनीताल और अल्मोड़ा जिलों में आग की सबसे अधिक घटनाएं सामने आई हैं। उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने से ज्यादा नुकसान गढ़वाल मंडल के टिहरी, रूद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी, देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी और कुमाउं मंडल के चम्पावत, पिथौरागढ़, नैनीताल के जंगलों में हुआ। कुमाउं मंडल में 50 से ज्यादा आग लगने की घटनाओं में 90 हैक्टेयर जंगल जलकर तबाह हो गया। इससे 95 हैक्टेयर से ज्यादा जंगल जल गए।

उत्तराखंड

मार्च से लेकर मई तक के तीन महीने में जंगलों में आग लगने से लगभग 2,521 हेक्टेयर वन क्षेत्र नष्ट हो गया।

इस साल अकेले 28 मई को उत्तराखंड के जंगलों में वनाग्नि की 94 घटनाएं हुई जिनमें 161 हेक्टेयर वन क्षेत्र खाक हो गया।

कुमाउं मंडल में 50 से ज्यादा आग लगने की घटनाओं में 90 हेक्टेयर जंगल जलकर तबाह हो गया।

18 साल में 44.518 हेक्टेयर वन क्षेत्र वनाग्नि की भेंट चढ़ गए हैं।

कुमाउं मंडल के पिथौरागढ़ के ओगला और नारायणनगर के चीड़ के जंगलों के साथ ही अस्कोट, चंपावत और टनकपुर के जंगलों में इस बार भीषण लगी। जो आग अस्कोट मल्लिकार्जुन मंदिर परिसर तक पहुंच गई थी, जिसपर बड़ी मुश्किल से काबू पाया गया था। नैनीताल जिले के हल्लानी वन प्रभाग के जौलासाल और रामगढ़ रेंज में आग की बड़ी घटनाएं सामने आई। इसी जिले के रामनगर वन प्रभाग के तराई क्षेत्र के जंगलों में आग लगने की घटनाएं हुईं। नैनीताल जिले के ओखलकांडा रेंज के दुनीधूरा, छिनारी, कलियाधूरा और सुरखाल के जंगल भी आग की भेंट चढ़े।

वनों में आग लगने की घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए राज्य सरकार ने कई कारगर कदम उठाए हैं। वन विभाग में संसाधनों की कमी जल्दी ही समाप्त कर दी जाएगी। जिन रेंजों में आग लगने की घटनाएं अधिक होंगी, उन रेंजों के अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दावा किया कि इस साल जंगल में आग लगने की घटनाएं पिछले साल के मुकाबले कम हुई हैं।

- डॉ हरक सिंह रावत, उत्तराखंड के वन मंत्री

इस साल भी जंगलों में आग लगने की घटनाएं घटी, परंतु हमारे पास इसका कोई समाधान नही दिखाई दे रहा है। वनाग्नि की घटनाओं से हमने कभी कोई सबक नही सीखा। राज्य गठन के इतने साल बाद भी आज तक कोई ठोस वन नीति नही बनी। वन सर्वेक्षण संस्थान की रिपोर्ट के मुताबिक पूरे देश में 2004 से 2017 तक 3 लाख 40 हजार बार वनाग्नि की घटनाएं हुई हैं।

-डॉ अनिल प्रकाश जोशी, पर्यावरणविद्

पूरे उत्तराखंड के वनकर्मियों को पूरे सीजन के दौरान सतर्क रहने के आदेश दिए गए थे। वनकर्मियों ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से जंगलों की आग बुझाने का काम किया।

-प्रमोद कुमार सिंह, राज्य के मुख्य वन संरक्षक (वनाग्नि प्रबंधन)

सिरदर्द बनीं बच्चा चोरी की घटनाएं

शंकर जालान
कोलकाता।

पश्चिम बंगाल की पुलिस व प्रशासन के लिए आठ-दस साल के दौरान लापता व बच्चा चोरी घटनाएं सिरदर्द बनती जा रही हैं। राजधानी कोलकाता, हावड़ा, हुगली, उत्तर चौबीस परगना व दक्षिण चौबीस परगना जिलों में 2009 से 2018 तक सवा आठ हजार से ज्यादा लापता व बच्चा चोरी की घटनाएं विभिन्न थानों में दर्ज कराई गईं, जिनमें से 1900 का आज तक कोई अता-पता या सुराग नहीं मिल पाया है।

राज्य क्राइम रेकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक लापता या बच्चा चोरी की घटनाएं सबसे ज्यादा कोलकाता से सटे दक्षिण चौबीस परगना जिले में घटी हैं। इस जिले में 2012 से 2017 तक 1835 परिवारों द्वारा स्थानीय थाने में बच्चा चोरी या लापता की शिकायत दर्ज कराई गईं, जिनमें से 1600 से ज्यादा का पुलिस ने पता लगा लिया और 100 से ज्यादा बच्चों के शव बरामद किए गए, जबकि 24 का अभी तक सुराग नहीं मिल पाया है। इसी अवधि के दौरान हावड़ा जिले में 866 से बच्चे लापता हुए। इनमें से पुलिस ने 672 बच्चों का पता लगा लिया। 94 के शव बरामद किए, जबकि आज भी एक सौ बच्चों का सुराग नहीं मिल सका है।

बंगाल

राज्य क्राइम रेकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक लापता या बच्चा चोरी की घटनाएं सबसे ज्यादा कोलकाता से सटे दक्षिण चौबीस परगना जिले में घटी हैं। इस जिले में 2012 से 2017 तक 1835 परिवारों द्वारा स्थानीय थाने में बच्चा चोरी या लापता की शिकायत दर्ज कराई गईं, जिनमें से 1600 से ज्यादा का पुलिस ने पता लगा लिया और 100 से ज्यादा बच्चों के शव बरामद किए गए।

गुमशुदा बच्चों का पता लगाने में पुलिस की उदासीनता को देखते हुए हावड़ा के पीड़ित अभिभावकों ने 2015 में बच्चा निखोज कमेटी का गठन किया। पिलखाना निवासी इस कमेटी के प्रमुख और 2014 में लापता हुए अपने पांच वर्षीय बेटे मोहम्मद तारिक के जिंदा लौटने की उम्मीद लिए मोहम्मद अंसारी ने भरी आंखों से बताया कि 2015 में उन लोगों ने बच्चा चोर के संदेह में एक महिला को पकड़ा था और स्थानीय थाने ले गए थे, लेकिन तत्कालीन थाना प्रभारी ने महिला को देखते ही पागल बताकर छोड़ दिया। अंसारी का सवाल है कि पुलिस कैसे निर्णय ले सकती है कि कोई पागल है या नहीं?

उत्तर चौबीस परगना के काकीनाड़ा की पार्वती सिंह भी तीन साल से अपनी बेटी रूपा की तलाश में कभी थाना तो कभी जिलाधिकारी कार्यालय के चक्कर काट रही हैंष रुंधे गले से पार्वती कहती हैं कि मार्च 2016 में घर के बाहर खेलते-खेलते उनकी आठ साल की बेटी अचानक गुम हो गई और तमाम कागजी व कानूनी कार्रवाई के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। पार्वती ने कहा कि तीन साल में कई थाना प्रभारी बदले और जिलाधिकारी भी, बस नहीं बदली तो उनकी किस्मत। वे कहती हैं कि आज भी जब बेटी की फोटो देखती हूं तो रोना आ जाता है।

इस बाबत राज्य सीआइडी के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि गुमशुदा और बच्चा चोरी के ज्यादातर मामले पुलिस सुलझा लेती है। उन्होंने माना कि कुछ मामलों में पुलिस को निराशा हाथ लगती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि पुलिस सक्रिय नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन लापता लोगों का पता पुलिस नहीं लगा पाई है उनमें से ज्यादतर की उम्र 16 साल से अधिक है।

यमुना में घड़ियालों के प्रजनन ने जगाई नई उम्मीद

दिनेश शाक्य
इटावा।

देश में सबसे प्रदूषित नदियों मे शुमार यमुना नदी में घड़ियालों के प्रजनन ने यह धारणा खारिज कर दी है कि प्रदूषित जल में घड़ियाल का प्रजनन नहीं होता है। चंबल के बाद अब यमुना नदी में घड़ियाल के 30 के करीब बच्चों को देखे जाने से पर्यावरणविद भी उत्साहित हैं।

यूपी

घड़ियाल के प्रजनन इटावा में यमुना घाट के पास हुआ। घूमनपुरा गांव के बॉबी ने बताया कि वे यमुना नदी के किनारे सुबह शाम आते हैं और मादा घड़ियाल को अक्सर देखते थे। उसने पहली बार घड़ियाल बच्चों को देखा। इसके बाद उसने गांव वालों को सूचना दी।

गांव के ही ब्रह्मशंकर का कहना है कि अब गांव वाले 10 फुट की दूरी से बैठ कर घड़ियाल के बच्चों को देखने मे जुटे हुए हैं क्योंकि गांव वालों ने अपने जीवन में पहली बार यमुना नदी में घड़ियाल के बच्चों को देखा है। इससे पहले कभी भी यमुना नदी में घड़ियालों का प्रजनन नहीं देखा गया था।

साल 2007 के आखिर में इटावा में चंबल नदी मे एक सैकड़ा से अधिक घड़ियालों की मौत के बाद इस बात को प्रभावी ढंग से उठाया गया कि यमुना नदी के व्यापक प्रदूषण के कारण दुर्लभ प्रजाति के घाड़ियालों की मौत हो गई है। हालांकि यह बात साबित नहीं की जा सकी थी।

दिसंबर 2007 से जिस तेजी के साथ किसी अज्ञात बीमारी के कारण घड़ियालों की मौत हुई उससे एकबारगी लगा कि इस प्रजाति के घड़ियाल किताब का हिस्सा बनकर न रह जाएं। घड़ियालों के बचाव के लिए फ्रांस, अमेरिका सहित तमाम देशों के वन्य जीव विशेषज्ञों ने मौत को लेकर शोध किए।

वैज्ञानिकों के एक समुदाय ने इसे लीवर रिरोसिस बीमारी को वजह माना तो एक अन्य समूह ने नदी के पानी में प्रदूषण को। घड़ियालों की मौत की वजह तलाशने के लिए ही घड़ियालों की गतिविधियों को जानने के लिए उनके बदन में ट्रांसमीटर प्रत्यारोपित किए गए।

यमुना नदी के किनारे दिल्ली, मथुरा व आगरा सहित बसे कई बड़े शहरों से 33 करोड़ लीटर सीवेज गिरता है।

इससे पहले साल 2011 में भी यमुना नदी में इटावा के ही हरौनी गांव के पास भी एक घड़ियाल ने इसी तरह से प्रजनन किया था । तब 50 बच्चे देखे गए थे।

यमुना नदी में घाड़ियाल का प्रजनन यह इंगित करता है कि इस क्षेत्र में जहां पानी साफ है, वह घड़ियालों का प्राकृतिक आवास बन सकता है। फिलहाल यमुना के पानी को साफ बनाने के जो प्रयास किए जा रहे हैं वे कारगर साबित हो रहे हैं। आने वाले दिनों में यमुना नदी जैव विविधता के संरक्षण का एक नया मॉडल साबित हो सकती है।

-डॉ राजीव चौहान, सरंक्षण अधिकारी, भारतीय वन्य जीव संस्थान की परियोजना नमामी गंगे

यमुना नदी में बीच-बीच मे छोड़े जाने वाले पानी की वजह से इटावा के आसपास का पानी साफ हो गया है और इसी कारण घड़ियालों ने यमुना नदी मे प्राकृतिक वास बनाया है। ऐसा लगने लगा है देश मे सबसे प्रदूषित यमुना नदी का पानी कहीं ना कही अब इटावा के आसपास साफ हो रहा है। लिहाजा घड़ियाल यमुना नदी में प्रजनन करने लगे हैं।

-संजीव चौहान, सचिव,सोसायटी फॉर कंजरवेशन ऑफ नेचर, इटावा

यमुना नदी में घड़ियाल का प्रजनन निश्चित तौर पर अपने आप में सुखद एहसास कराने वाली खबर है। घड़ियाल के बच्चों की सुरक्षा के लिए क्षेत्रीय वन रक्षकों की टीम के साथ-साथ स्थानीय गांव वालों को भी सजग कर दिया गया है। ऐसा माना जा रहा है कि यमुना नदी का जल घड़ियालों के प्रजनन के मुफीद बन गया है।

-सत्यपाल सिंह प्रभागीय वन निदेशक, इटावा

स्कूली बालिकाओं को बंटने वाली साइकिलों पर सियासी रंग

राजीव जैन
जयपुर।

राजस्थान के सरकारी स्कूलों की बालिकाओं को निःशुल्क बंटने वाली साइकिलों का कैसा रंग हो, इस पर नए सिरे से सरकार ने फैसला किया है। प्रदेश में जब भाजपा की सरकार थी तो बालिकाओं को केसरिया रंग की साइकिलें दी गई थी। सरकार बदलने के साथ ही अब इन साइकिलों का रंग भी बदलने वाला है। सरकार अब कक्षा 9 से 11 की प्रतिभाशाली बालिकाओं को भगवा के बजाए काले रंग की साइकिलें देगी। इसके चलते पहले से ही रखी केसरिया रंग की साइकिलों को काले रंग में रंगा जाएगा।

प्रदेश में सरकार बदलने के साथ ही सबसे ज्यादा बदलाव स्कूली शिक्षा में हो रहा है। इसमें स्कूलों के विद्यार्थियों के पाठयक्रम में कई तरह के बदलाव तो प्रमुख है। इनमें से ज्यादातर परिवर्तन इतिहास से जुडे मामलों को लेकर है। इसके साथ ही भाजपा शासन के दौरान प्रतिभा खोज परीक्षा का नाम दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर रखा गया था। इसमें से अब उपाध्याय का नाम हटा दिया गया है। इसी तरह से पूर्व सरकार ने भाषा विभाग की तरफ से प्रदेश में महात्मा गांधी के नाम से चलने वाली सरकारी लाइब्रेरी का नाम भी बदल दिया था। इसमें भी दीनदयाल उपाध्याय का नाम रखा गया था। सरकार ने अब इन सरकारी लाइब्रेरी को फिर से महात्मा गांधी के नाम से संचालित करने का फैसला किया है। इसी तरह से भाजपा शासन में स्कूली विद्यार्थियों की पोशाक को भी बदला गया था। शासन बदलने के बाद अब कांग्रेस सरकार नए सिरे से विद्यार्थियों की पोशाक पुरानी वाली ही करने पर विचार कर रही है। इसके लिए एक समिति बना कर फैसला किया जाएगा। ताजा विवाद का मामला स्कूली बालिकाओं को दी जाने वाली साइकिलों के रंग का है। साइकिल देने में रंग को लेकर कोई नियम नहीं होने से ही सरकारें अपने हिसाब से इसका फैसला करती है। पूर्व सरकार के समय 2 लाख 95 हजार 671 साइकिलों का वितरण बालिकाओं को किया गया था। अगले शिक्षा सत्र में भी ढाई लाख से ज्यादा प्रतिभाशाली छात्राओं को साइकिल देने का प्रावधान किया गया है।

राजस्थान

प्रदेश के शिक्षाविद ऐसे मामलों को विवाद से जोड़ने पर आपत्ति जताते है। उनका कहना है कि सरकार को रंगों के बजाए शिक्षा की गुणवता सुधार पर जोर देना चाहिए। राजस्थान प्रगतिशील शिक्षक संघ के सचिव किशन लाल शर्मा का कहना है कि चाहें पूर्व सरकार हो या मौजूदा सरकार सभी अपनी सियासत के नजरिए से ही शिक्षा को ढालना चाहती है। प्रदेश में स्कूली शिक्षा की हालत पहले से ही बदतर है। महिला शिक्षा तो पिछले दस साल के स्तर पर ही है। स्कूलों में बालिकाओं के नामांकन बढ़ाने पर ध्यान देने की जरूरत है न कि ऐसे मामलों पर जिनसे शिक्षा प्रणाली पर कोई फर्क नहीं पड़ता हो। शिक्षा राज्य मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा का कहना है कि पूर्व सरकार ने शिक्षा प्रणाली को पूरी तरह से आरएसएस के ढांचे में ढालने की कोशिश की थी। उस दौरान स्कूली शिक्षा में किसी तरह का ोई सुधार नहीं किया गया। इसी का नतीजा रहा कि महिला शिक्षा में कोई प्रगति नहीं हुई। स्कूली छात्राओं को दी जाने वाली साइकिलों का रंग अब केसरिया नहीं होगा। छात्राओं को पूर्व में भी काले रंग की साइकिलें ही दी जाती थी, इसलिए फिर से काले रंग की साइकिलें देने का फैसला किया गया है। डोटासरा का कहना है कि विद्यार्थियों की पोशाक के मामले में समिति का गठन किया गया है। उसके निर्णय पर ही यूनिफॉर्म में बदलाव किया जाएगा। पूर्व की सरकार सिर्फ एक ही उद्देश्य के तहत स्कूली बच्चों पर अपनी विचारधारा थोपने में लगी थी। मौजूदा सरकार बच्चों के बीच उनके पूर्ण विकास के मकसद से काम कर रही है। दूसरी तरफ पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री वासुदेव देवनानी का कहना है कि मौजूदा सरकार निराधार काम कर रही है। उनके समय में स्कूली शिक्षा में कई अभिनव प्रयोग किए गए थे, जिसके चलते स्कूली विद्यार्थियों के शिक्षा स्तर पर बढ़ोतरी हुई थी।

चुनौतियों के बावजूद कायम है हिमाचल के शहद की मिठास

ओम प्रकाश ठाकुर
शिमला।

अपनी मिठास और गुणवत्ता के लिए देश-विदेश में मशहूर हिमाचल का मधु देख कर हर किसी के मुंह में पानी तो भर आता है पर यहां के मधुपालकों को इसे तैयार करने के लिए जितनी दुश्वारियां झेलनी पड़ती है, उससे आम लोग ही नहीं सरकारें भी नावाकिफ लगती हैं।

प्रदेश में कंकरीट के जंगलों में बदलते गांव और शहर, कीटनाशकों का बेतहाशा इस्तेमाल और कृषि-वानिकी की नजरअंदाजी के चलते प्रदेश के मधुमक्खी पालकों को अपना व्यवसाय चलाने में बहुत मुश्किलें आ रही हैं। दरअसल शहद में जितनी मिठास है इसके उत्पादन के लिए उतना ही पसीना भी बहाना पड़ता है। मधुपालकों को यह शहद बनाने और उसे बेचने के लिए पूरा साल अपनी मधुमक्खियां लेकर विभिन्न प्रदेशों में घूमना पड़ता है। ऐसी प्रतिकूल स्थितियों में भी प्रदेश के मधुमक्खी पालक 15 सौ मीट्रिक टन शहद का सालाना उत्पादन कर रहे हैं। प्रदेश के 25 सौ के करीब मौनपालक जंगल-जंगल, खेत-खेत जाकर अपना कारोबार चलाए हुए हैं। इसके अलावा घरेलू मौनपालक अलग से हैं।

प्रदेश में कम से कम एक लाख घरेलू शहद की मक्खियों के तीरे हैं जहां पर गांव में लोग खुद शहद निकालते है। वे शहद के लिए बाजार पर निर्भर नहीं हैं। यही नहीं ये मधुमक्खी पालक शहद निकाल कर तो कमाई कर ही रहे हैं, साथ ही प्रदेश की सेब की चार हजार करोड़ रुपए की आर्थिकी को भी संबल दिए हुए हैं।

हिमाचल

सरकार ने पिछले साल से ही विविध तरह के पौधे लगाने शुरू कर दिए हैं। चीड़ के पौधारोपण तो बंद ही कर दिया गया है। अब चौड़े पत्तों और फलदार पौधे जैसे बेर,कैंथ लगाने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। इससे मधुमक्खियों को ही नहीं बंदरों व अन्य जंगली जानवरों की भी खुराक की समस्या हल होंगी।

-अर्चना शर्मा, अतिरिक्त प्रधान मुख्य अरण्यपाल

बाजार की समस्या सबसे बड़ी है। चीन का शहद बाजार में आ गया है। इससे घरेलू शहद की कीमत गिर गई है। गांवों में तो शहद तीन से साढ़े तीन सौ रुपए प्रति किलो बिक जाता है, लेकिन निर्यातक कंपनियां हमारा शहद 60 रुपए किलो खरीद रही है।

- सरदार सिंह भ्रांटा, अध्यक्ष, हिमाचल बी कीपिंग वेलफेयर एसोसिशन

मौनवंश पालन के लिए प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री मधु विकास योजना शुरू तो की है लेकिन यह कितनी व्यावहारिक है, इसका अंदाजा अभी लगना बाकी है। इस योजना के तहत 80 फीसद सबसिडी का प्रावधान है। प्रदेश के बागवानी विभाग के आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में निजी क्षेत्र में 80 से 85 हजार बी कॉलोनियां है। मायने यह कि इतने मधुमक्खियों के बॉक्स है। 50 बॉक्स के एक यूनिट पर दो लाख के करीब लागत आती है। इसमें से सरकार की ओर से एक लाख 76 हजार रुपए की सबसिडी दी जा रही है।

मार्च-अप्रैल में मधुमक्खी पालक सेब उत्पादन क्षेत्र में पहुंच जाते है। सेब में जब फूल उगना होता है तब परागकण के लिए बागवान मधुमक्खियों की मांग करते हैं। मधुमक्खी पालक को बागवान एक बक्से के आठ सौ से एक हजार की कीमत दे देते हैं। हिमाचल के मधुमक्खी पालकों से जब मांग पूरी नहीं हो पाती तो पंजाब, हरियाणा और दूसरे राज्यों से भी बॉक्स मंगाए जाते हैं। यह काम करीब एक महीना चलता है। इन दिनों मधु मक्खियों की खुराक के लिए चीनी खरीदनी पड़ती है।

हिमाचल बी कीपिंग वेलफेयर एसोसिशन के अध्यक्ष सरदार सिंह भ्रांटा कहते है कि उनके पास एक हजार बॉक्स है। जून के महीने में उन्हें कम से कम पचास क्विंटल चीनी मधुमक्खियों की खुराक के लिए खरीदनी पड़ती है। इसके बाद ये मधुमक्खी पालक नालागढ़, बिलासपुर और ऊना की तरफ अपनी मधुमक्खियां ले जाते हैं। इन दिनों खैर में फूल आते है। इससे मधुमक्खियों की खुराक भी पूरी हो जाती है और शहद भी निकल जाता है। मधु पालक तीन से चार किलो शहद प्रति बॉक्स निकालते हैं। इसके बाद जुलाई में मधु पालकों को राजस्थान की ओर निकल जाना पड़ता है। राजस्थान के अलवर में इन दिनों तिल और बाजरा की खेती होती है। मधुमक्खियों को वहां पर खुराक भी मिल जाती है।

संविधान संशोधन के बगैर एक देश, एक चुनाव संभव नहीं : कृष्णमूर्ति

हैदराबाद, 18 जून (भाषा)।

● कहा, एक साथ चुनाव कराने के लिए चुनाव ड्यूटी के लिए बड़ी तादाद में अर्द्धसैनिक बलों की क्षमता में बढ़ोतरी करने सहित बहुत सारे प्रशासनिक इंतजाम करने की जरूरत पड़ सकती है, लेकिन यह संभव है।

देश के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त टीएस कृष्णमूर्ति ने मंगलवार को कहा कि 'एक देश, एक चुनाव' का विचार बहुत ही आकर्षक है, लेकिन विधायिकाओं का कार्यकाल निर्धारित करने के लिए संविधान में संशोधन किए बगैर इसे अमल में नहीं लाया जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन सभी राजनीतिक दलों के प्रमुखों को बुधवार को एक बैठक में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया है, जिनका लोकसभा या राज्यसभा में एक भी सदस्य है। इस बैठक में एक देश, एक चुनाव के अलावा कुछ अन्य महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त रहे कृष्णमूर्ति ने कहा कि एक साथ चुनाव कराने के लिए चुनाव ड्यूटी के लिए बड़ी तादाद में अर्द्धसैनिक बलों की क्षमता में बढ़ोतरी करने सहित बहुत सारे प्रशासनिक इंतजाम करने की जरूरत पड़ सकती है, लेकिन यह संभव है। उन्होंने कहा कि इस विचार के कई लाभ हैं, लेकिन इसको लागू करने में सबसे बड़ी रुकावट अविश्वास प्रस्ताव और संबंधित मुद्दों से जुड़े संवैधानिक प्रावधान हैं।

कृष्णमूर्ति ने कहा कि इसके लिए एकमात्र रास्ता संविधान संशोधन है, जिसके तहत विश्वास प्रस्ताव तभी प्रभावी होगा, जब कोई और व्यक्ति नेता चुना गया हो, नहीं तो पिछली सरकार चलती रहेगी। जब तक आप सदन के लिए कार्यकाल निर्धारित नहीं करेंगे, यह संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि संक्रमणकालीन प्रावधानों की भी जरूरत पड़ सकती है, क्योंकि कुछ सदनों के ढाई वर्ष के कार्यकाल बचे होंगे तो कुछ के साढ़े चार वर्ष के बचे होंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव की साझा तारीख के लिए सदनों के कार्यकाल को विस्तार देने के लिए एक प्रावधान की आवश्यकता हो सकती है।

पूर्व निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि यह अनुमान लगाना बड़ा कठिन है कि इस मसले पर सभी राजनीतिक दलों के बीच आम सहमति बनेगी या नहीं।

भाजपा सदस्य ने कहा 'भारत माता की जय' तो राहुल बोले 'जय हिंद'

नई दिल्ली, 18 जून (भाषा)।

● भाजपा के एक सदस्य ने जब 'भारत माता की जय' का नारा लगाया तो जवाब में कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'जय हिंद' कहा

● शपथ ग्रहण के दौरान लोकसभा में 'भारत माता की जय', 'जय हिंद' के आलावा 'जय बांग्ला' और 'जय बंगाली' के नारे भी गूंजे

● शाहजहांपुर से निर्वाचित हुए भाजपा के अरुण कुमार सागर ने शपथ लेने के बाद दो बार 'भारत माता की जय' के नारे लगाए तो उस पर राहुल गांधी 'एक बार और' कहते सुने गए।

लोकसभा में निर्वाचित सांसदों के शपथ ग्रहण का दौर मंगलवार को भी जारी रहा है और इस दौरान हास-परिहास के साथ विवाद के कई मौके सामने आए। सदन में तब रोचक दृश्य देखने को मिला जब भाजपा के एक सदस्य ने 'भारत माता की जय' का नारा लगाया तो जवाब में कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'जय हिंद' कहा। सदन में तब जोरदार हंगामा हुआ जब उत्तर प्रदेश की संभल लोकसभा सीट से निर्वाचित सपा सांसद शफीकुर्रहमान बर्क ने 'वंदे मातरम' को लेकर टिप्पणी की।

शपथ लेने के दौरान उत्तर प्रदेश से भाजपा के ज्यादातर सदस्य 'भारत माता की जय' के नारे लगा रहे थे। शाहजहांपुर से निर्वाचित हुए भाजपा के अरुण कुमार सागर ने शपथ लेने के बाद दो बार 'भारत माता की जय' के नारे लगाए तो उस पर राहुल गांधी 'एक बार और' कहते सुने गए। इसके बाद लखीमपुर खीरी से भाजपा सदस्य अजय कुमार ने शपथ ली और 'भारत माता की जय' का नारा लगाया।

राहुल गांधी ने फिर कहा 'एक बार और।' इस पर कुमार ने राहुल से मुखातिब होते हुए कहा कि अगर कांग्रेस अध्यक्ष 'जय' कहें तो वह 'भारत माता की जय' का नारा लगाएंगे। फिर उन्होंने 'भारत माता की जय' का नारा लगाया जिस पर राहुल ने 'जय हिंद' कहा। कांग्रेस के कुछ अन्य सदस्यों ने भी 'जय हिंद' कहा।

इस बीच, सदन में उस वक्त जोरदार हंगामा हुआ जब उत्तर प्रदेश की संभल लोकसभा सीट से निर्वाचित सपा सांसद शफीकुर्रहमान बर्क ने राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' को लेकर एक टिप्पणी की। इसके साथ ही भाजपा के कई सदस्यों ने उनके शपथ लेने के बाद 'भारत माता की जय', 'जय श्रीराम' और 'वंदे मातरम' के नारे लगाए। लोकसभा महासचिव ने जैसे ही बर्क का नाम पुकारा तो भाजपा के कुछ सदस्य 'वंदे मातरम' के नारे लगाते सुने गए।

शपथ लेने के बाद बर्क ने कहा, 'भारत का संविधान जिंदाबाद।' बर्क ने वंदे मातरम को इस्लाम के खिलाफ बताया। उनकी इस टिप्पणी पर भाजपा के सदस्यों ने कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि बर्क माफी मांगें। पीठासीन अध्यक्ष ने कहा कि बर्क ने शपथ के अलावा जो कुछ भी कहा है, वो रिकॉर्ड में नहीं जाएगा। इसके बाद शपथ लेने वाले भाजपा के कई सदस्यों ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारे लगाया।

पश्चिम बंगाल से भाजपा के लगभग सभी सांसदों ने अपनी शपथ के साथ 'जय श्री राम' का नारा लगाया। इस दौरान भाजपा के अन्य सदस्यों ने भी 'जय श्री राम' के नारे लगाए। राज्य के तृणमूल कांग्रेस के कुछ सदस्यों ने शपथ लेते हुए 'जय बांग्ला' और 'जय बंगाली' के नारे लगाये तो भाजपा के सदस्य 'जय श्री राम' बोलते सुने गए।

तृणमूल की काकोली घोष दस्तीदार जब शपथ लेने आईं तो पश्चिम बंगाल के भाजपा के कुछ सदस्य 'जय श्री राम' के नारे लगाते सुने गये तो दस्तीदार ने भी कई बार 'जय बंगाल' का नारा लगाया। गोरखपुर से निर्वाचित हुए अभिनेता-गायक रवि किशन अपनी शपथ लेने के दौरान 'पार्वती पतये हर हर महादेव' का जयकार करते भी सुने गए।

सीमा और केंद्रीय उत्पाद शुल्क के 15 अधिकारी बर्खास्त

पेज 1 का बाकी

रिश्वतखोरी, जबरन वसूली और आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप हैं। आदेश के मुताबिक दिल्ली स्थित सीबीआइसी में प्रधान अतिरिक्त महानिदेशक (ऑडिट) अनूप श्रीवास्तव, संयुक्त आयुक्त नलिन कुमार, कोलकाता में आयुक्त संसार चंद, चेन्नई में आयुक्त जी श्री हर्ष, आयुक्त रैंक के अधिकारियों अतुल दीक्षित और विनय बृज सिंह को 'सेवामुक्त' कर दिया गया है।

इसके अलावा दिल्ली जीएसटी जोन के उपायुक्त अमरेश जैन, अतिरिक्त आयुक्त रैंक के दो अधिकारियों अशोक महीदा और वीरेंद्र अग्रवाल, सहायक आयुक्त रैंक के अधिकारियों एसएस पबाना, एसएस बिष्ट, विनोद सांगा, राजू सेगर, मोहम्मद अल्ताफ और दिल्ली के लॉजिस्टिक निदेशालय के अशोक असवाल शामिल हैं। इन सभी 15 अधिकारियों को सेवानिवृत्ति से पहले मिलने वाले वेतन और भत्तों के मुताबिक तीन महीने के वेतन और भत्ते दिए जाएंगे। नियम संख्या 56 (जे) के तहत लोकहित में किसी भी सरकारी अधिकारी को उचित प्राधिकारी द्वारा तीन महीने की नोटिस अवधि के साथ सेवामुक्त किया जा सकता है।

सरकार ने इससे पहले पिछले हफ्ते ही भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और दुर्व्यहार के आरोप में 12 आयकर अधिकारियों को नौकरी से निकाल दिया। इसके अलावा भ्रष्टाचार के आरोप में संयुक्त आयुक्त स्तर के चार आयकर अधिकारियों को पदावनत कर उपायुक्त रैंक का बना दिया गया।

अयोध्या आतंकी हमला : चार दोषियों को उम्रकैद, एक बरी

पेज 1 का बाकी

को यह रकम दे दी गई थी, लेकिन उसे यह कहा गया था कि गाड़ी आपके नाम पर ही रहेगी। इसी वाहन से 5 जून, 2005 को हथियार अलीगढ़ लाए गए थे। अलीगढ़ में हथियार रखने के बाद 7 जून, 2005 को वाहन जम्मू भेजा गया था। आतंकी हमले में आसिफ इकबाल की भूमिका के बारे में उन्होंने बताया कि वह मुख्य आरोपी था। आतंकी कारी ने नसीम द्वारा खरीदा गया सिम आसिफ इकबाल को दिया था। अग्रहरि ने बताया कि अयोध्या आतंकी हमले में सीआरपीएफ के साथ मुठभेड़ में मारे गए आतंकियों में से एक की पहचान अरशद के रूप में हुई है। अभी तक इस मामले में 371 तारीखें लगीं और 63 लोगों की गवाही हुई।

महत्त्वपूर्ण है कि पांच जुलाई, 2005 को अयोध्या में हुए आतंकी हमले में दो स्थानीय लोग मारे गए थे और सीआरपीएफ के सात जवान घायल हुए थे। वहीं जैश-ए-मोहम्मद के पांच सदस्यों को घटनास्थल पर ही मार गिराया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने इन पांच आरोपियों को साजिश रचने, आतंकियों की मदद करने के लिए गिरफ्तार किया था। इनमें डॉक्टर इरफान सहारनपुर का रहने वाला है, जबकि आसिफ इकबाल, मोहम्मद नसीम, मोहम्मद अजीज और शकील अहमद जम्मू के पुंछ जिले का रहने वाला है।

भाजपा सांसद ओम बिड़ला का लोकसभा अध्यक्ष बनना तय

पेज 1 का बाकी

किया है। नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बिड़ला (आयु 57 वर्ष) का लोकसभा अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है क्योंकि सत्ताधारी राजग के पास निचले सदन में स्पष्ट बहुमत है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि बिड़ला के नाम के प्रस्तावकों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अलावा बीजद और राजग के घटक दलों शिवसेना, अकाली दल व लोजपा सहित अन्य दलों के सदस्य शामिल हैं।

लोकसभा पटल कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि बिड़ला के नाम के प्रस्तावकों के नोटिस शाम चार बजे तक स्वीकार किए जाने थे। उन्होंने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए बिड़ला के अलावा अभी किसी अन्य सदस्य की ओर से दावेदारी का नोटिस नहीं मिला है।

बिड़ला राजस्थान की कोटा-बूंदी संसदीय सीट से भाजपा के टिकट पर सांसद चुने गए हैं। वह तीन बार विधायक भी रहे हैं। प्रह्लाद जोशी ने बताया, 'हमने बिड़ला की उम्मीदवारी के बारे में कांग्रेस सदस्यों से बात की थी। मैं गुलाम नबी आजाद से भी मिला था। प्रस्तावकों की सूची में कांग्रेस की ओर से अभी तक किसी सदस्य ने हस्ताक्षर नहीं किए, हालांकि उन्होंने विरोध भी नहीं किया।' विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए अभी तक किसी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है।

ओम बिड़ला के नाम पर बीजू जनता दल ने समर्थन दे दिया। लोकसभा में बीजद संसदीय दल के नेता पिनाकी मिश्रा ने कहा कि उनकी पार्टी वैसे तो राजग में नहीं है, लेकिन बिड़ला का समर्थन करने का फैसला किया है। लोकसभा में कांग्रेस नेता चुने गए अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि उनकी पार्टी ने बिड़ला के नाम पर समर्थन जताने का फैसला किया है। यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार शाम में संसद परिसर में विपक्षी नेताओं की बैठक बुलाई। इस दौरान लोकसभा स्पीकर के लिए राजग उम्मीदवार ओम बिड़ला को समर्थन देने पर सहमति बनी है। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी भी मौजूद थे।

दिल्ली में बिहार भवन पर प्रदर्शन

पेज 1 का बाकी

ने मंगलवार को यहां बिहार भवन के बाहर प्रदर्शन किया और राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का इस्तीफा मांगा। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र और बिहार सरकारों पर बीमारी के प्रकोप को रोकने में गंभीर नहीं होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था बिगड़ गई है। उन्होंने इस बीमारी के व्यापक अध्ययन की भी मांग की। प्रदर्शनकारी तख्तियां पकड़े हुए थे जिन पर प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग की गई थी। कुछ तख्तियों पर लिखा था- मुख्यमंत्री और बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे इस्तीफा दें। कई महिला कार्यकर्ताओं ने चाणक्यपुरी स्थित बिहार भवन के बाहर बिहार व केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने दावा किया कि इस बीमारी से हो रही मौतों को समय रहते रोका जा सकता था।

प्रदर्शनकारियों ने बाद में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम स्थानीय आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरकार से अनुरोध किया गया है कि मरीजों को जरूरी चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराएं। उन्होंने एईएस के प्रकोप पर व्यापक अध्ययन की मांग की।

बेहतर उपचार के लिए दिए निर्देश

पेज 1 का बाकी

करना होगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पेयजल की गुणवत्ता की की निगरानी कराई जाए। एक भी कच्चा घर नहीं रहे। इसके लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना के जरिए जो मकान बनाए जाने हैं, उस पर भी ध्यान दीजिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जागरूकता के साथ-साथ हर बिंदु पर गौर कर कार्रवाई सुनिश्चित करें। पीड़ित और मृत बच्चों में लड़के व लड़कियों का क्या अनुपात है, इसकी भी जानकारी लीजिए। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना से भी एक-एक परिवार को अवगत कराना होगा।

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव को निर्देश दिए कि अस्पताल की क्षमता बढ़ाएं और यहां 2500 बिस्तर की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस दिशा में तत्काल प्रथम चरण में 1500 बेड का प्रबंध किया जाए। यहां एक धर्मशाला का भी निर्माण कराया जाए ताकि मरीजों के साथ आने वाले परिजनों को रहने की दिक्कत न हो। मुख्यमंत्री ने 50 वर्ष पुराने एसकेएमसीएच के पुनरोद्धार की बात कही और दो साल के अंदर सभी काम पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 24 घंटे चिकित्सक उपलब्ध हों, इसके लिए अतिरिक्त चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित होनी चाहिए।

बाद में पत्रकारों से बातचीत में मुख्य सचिव दीपक कुमार ने कहा कि बीमार बच्चों को अस्पताल लाने के लिए 400 रुपए का भुगतान किया जाएगा और सभी बीमार बच्चों के इलाज का खर्चा सरकार वहन करेगी।

कांग्रेस ने बागी विधायक रोशन बेग को निलंबित किया

बंगलुरु, 18 जून (भाषा)।

कांग्रेस ने मंगलवार को 'पार्टी विरोधी' गतिविधियों के लिए बागी विधायक आर रोशन बेग को पार्टी से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

लोकसभा चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन को लेकर कांग्रेसी नेताओं पर निशाना साधते हुए शिवाजीनगर से विधायक बेग ने हाल में 'फ्लॉप शो' के लिए सिद्धरमैया के 'अहंकार' और केपीसीसी अध्यक्ष दिनेश गुंडू राव की 'अपरिपक्वता' को जिम्मेदार ठहराया था।

राजस्थान : गोशाला में 62 गायों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

पेज 1 का बाकी

करवा कर विसरा जांच के लिए भेजा गया है। जांच रपट आने पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी, प्रथम दृष्टया मामला जहरीला चारा खाने का लग रहा है।

इस बारे में गोशाला संचालकों ने सेरूणा पुलिस थाने में शिकायत दी है। इसमें कहा गया है कि बाहर से मंगवाए गए हरा चारा खाने के बाद गायों की हालत बिगड़ी और 62 गायों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। श्रीडूंगरगढ़ के विधायक गिरधारी महिया ने मामले की जांच करवाने की मांग की है। विधायक का गांव दुलचासर ही है। उन्होंने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी सोमवार शाम मिली। उन्होंने इस बारे में जिला कलेक्टर व अन्य अधिकारियों से बात की व मामले की जांच करवाने की मांग की है।

सीबीआइ ने वकील आनंद ग्रोवर, 'लॉयर्स कलेक्टिव' के खिलाफ दर्ज किया मामला

नई दिल्ली, 18 जून (भाषा)।

● ग्रोवर पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल और सुप्रीम कोर्ट की वकील इंदिरा जयसिंह के पति हैं

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने विदेशी मदद हासिल करने में नियमों के कथित उल्लंघन को लेकर जाने-माने वकील आनंद ग्रोवर और मुंबई स्थित उनके स्वयंसेवी संगठन 'लॉयर्स कलेक्टिव' के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एजंसी ने गृह मंत्रालय की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की है। मंत्रालय ने समूह को मिली विदेशी मदद के इस्तेमाल में कई विसंगतियां होने का आरोप लगाया है।

सीबीआइ ने 'लॉयर्स कलेक्टिव' के अध्यक्ष ग्रोवर और संगठन के अज्ञात पदाधिकारियों के अलावा अन्य अज्ञात अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मंत्रालय की शिकायत के अनुसार समूह को 2006-07 और 2014-15 के बीच 32.39 करोड़ रुपए की विदेशी सहायता मिली थी, जिसमें अनियमितताएं की गईं, जो विदेशी चंदा (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) का उल्लंघन है। मंत्रालय की शिकायत अब प्राथमिकी का हिस्सा है।

मंत्रालय ने कहा कि एनजीओ की उपलब्ध जानकारी और रिकॉर्डों की जांच के आधार पर एफसीआरए-2010 के विभिन्न प्रावधानों का प्रथम दृष्टया उल्लंघन पाया गया। मंत्रालय ने दावा किया कि जांच के दौरान पाए गए उल्लंघनों के आधार पर एनजीओ से जवाब मांगा गया था लेकिन उसे संतोषजनक नहीं पाया गया। इसके बाद उसका एफसीआरए पंजीकरण निलंबित कर दिया गया और कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

ग्रोवर पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल और सुप्रीम कोर्ट की वकील इंदिरा जयसिंह के पति हैं। हाल में सुप्रीम कोर्ट में 'लॉयर्स वायस' द्वारा दायर एक जनहित याचिका में आरोप लगाया गया था कि इस संगठन के द्वारा एकत्र चंदे का देश के खिलाफ गतिविधियों में दुरुपयोग किया गया।

अधीर चौधरी होंगे लोकसभा में कांग्रेस के नेता

पेज 1 का बाकी

नाम को स्वीकृति प्रदान की है। इसके साथ ही केरल से पार्टी के सांसद के. सुरेश को मुख्य सचेतक बनाया गया है। सदन में उप नेता पर फिलहाल कोई निर्णय नहीं हुआ है।

पिछली लोकसभा में मल्लिकार्जुन खरगे कांग्रेस के नेता और ज्योतिरादित्य सिंधिया मुख्य सचेतक की भूमिका में थे। इस बार ये दोनों चुनाव हार गए। इस निर्णय के बारे में पूछे जाने पर चौधरी ने कहा, 'मुझे यह जिम्मेदारी दी गई है। मुझे अग्रिम पंक्ति में खड़े होने के लिए कहा गया और मैंने कहा ठीक है।' उन्होंने कहा, 'मैं पार्टी का सिपाही हूं और बतौर सिपाही लड़ूंगा।' चौधरी के नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, हालांकि चौधरी मंगलवार को सदन में विपक्ष की तरफ उसी सीट पर बैठे थे, जिस पर नेता प्रतिपक्ष अथवा सबसे बड़े दल का नेता बैठता है। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने यह जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया था। इसके बाद कांग्रेस किसी चेहरे को खोज रही थी और अब उनकी तलाश इस वरिष्ठ नेता पर जाकर रुकी है। अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार को ही बाकी सदस्यों के साथ संसद सदस्य के रूप में शपथ ली थी। इसके बाद अधीर ने मीडिया को बताया कि कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा के नेता की जिम्मेदारी सौंपी है।

इस पद से लिए अधीर रंजन चौधरी का नाम पहले से चल रहा था। उनके नाम के अलावा केरल से सांसद के सुरेश की भी चर्चा थी। कांग्रेस को इस बार के लोकसभा चुनाव में सिर्फ 52 सीटें मिली हैं, जो नेता प्रतिपक्ष का दर्जा प्राप्त करने के लिए जरूरी संख्या से कम है।

पुलवामा का षड्यंत्रकर्ता ढेर

पेज 1 का बाकी

की मौजूदगी के बारे में मिली खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने मंगलवार सुबह घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चलाईं। जवाबी कार्रवाई के साथ ही मुठभेड़ शुरू हो गई। प्रवक्ता ने बताया कि मुठभेड़ में एक जवान घायल हो गया था, जिसकी बाद में अस्पताल में मौत हो गई।

बिजबेहरा में अभियान में मारे गए आतंकियों की पहचान सज्जाद बट्ट और तौसीफ बट्ट के रूप में की गई है और वे जैश ए मोहम्मद आतंकी संगठन से संबद्ध थे। कई आतंकी अपराधों में शामिल रहने के अलावा सज्जाद बट्ट 14 फरवरी को पुलवामा के लेथपोरा इलाके में आत्मघाती कार विस्फोट के सिलसिले में भी वांछित था। पुलवामा में कार में विस्फोटक भरकर हमले की साजिश सज्जाद भट ने ही की थी।

पुलवामा हमले के बाद से ही सज्जाद भट सुरक्षाबलों के निशाने पर था। सज्जाद ने ही कार में आइईडी भरकर सीआरपीएफ के काफिले को निशाना बनाने की पूरी योजना तैयार थी। पुलवामा आतंकी हमले के बाद एनआइए ने बट्ट के बारे में खुलासा किया था। उसने हमले से 10 दिन पहले मारुति इको कार खरीदी थी। बट्ट की पहचान जैश के आत्मघाती हमलावर के तौर पर थी। दूसरी तरफ, रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में आइईडी विस्फोट में घायल हुए दो सैनिकों का निधन हो गया है। नौ सैनिक और दो नागरिक सोमवार को पुलवामा जिले के अरिहल में हुए आइईडी विस्फोट में घायल हो गए थे। आतंकवादियों ने सेना के गश्ती दल को आइईडी से निशाना बनाया था। गंभीर रूप से घायल दो सैनिकों को 92 बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

नीतीश कुमार के खिलाफ फूटा लोगों का गुस्सा

पेज 1 का बाकी

की। बैठक के बाद सरकारी महकमा कुछ हरकत में आया। प्रदेश सरकार ने कहा कि दिमागी बुखार से पीड़ित सभी बच्चों के इलाज का खर्च बिहार सरकार उठाएगी, फिर चाहे इलाज सरकारी अस्पताल में हो या निजी अस्पताल में। नीतीश हालात का जायजा लेने के बाद वहां मौजूद लोगों से मिले बिना चले गए। इससे पहले से नाराज लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने 'नीतीश कुमार वापस जाओ' के नारे लगाने शुरू कर दिए। लोगों ने उनके विरोध में जमकर प्रदर्शन किया। फरियाद करने आए लोगों में एक ने कहा कि हमने मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल में शामिल स्थानीय विधायक सुरेश शर्मा से मुलाकात कर अपनी बात रखने का प्रयास किया पर अधिकारियों ने उनसे मिलने नहीं दिया। हम उनकी गाड़ी के सामने भी गए लेकिन उनका काफिला तेजी से वहां से निकल गया।

सर्वदलीय बैठक में ममता और केसीआर नहीं होंगे शरीक

पेज 1 का बाकी

बनर्जी ने इस बैठक में शामिल होने से मना करते हुए संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी को मंगलवार को पत्र लिखा। अपने पत्र में उन्होंने सरकार को सलाह दी है कि वह 'एक देश, एक चुनाव' मुद्दे पर जल्दबाजी में फैसला करने के बजाए इस पर एक श्वेत पत्र तैयार करे। ममता पिछले हफ्ते नीति आयोग की बैठक में भी शामिल नहीं हुई थीं।

प्रधानमंत्री ने उन सभी दलों के प्रमुखों को 19 जून को बैठक के लिए आमंत्रित किया है, जिनके लोकसभा या राज्यसभा में सदस्य हैं। इस बैठक में 'एक देश, एक चुनाव' विषय पर विचार, 2022 में आजादी के 75वें वर्ष के जश्न, महात्मा गांधी के इस साल 150वें जयंती वर्ष को मनाने समेत कई मामलों पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद 20 जून को प्रधानमंत्री सभी सांसदों के साथ रात्रिभोज बैठक करेंगे।

ममता बनर्जी ने अपने पत्र में लिखा है, 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' जैसे संवेदनशील एवं गंभीर विषय पर इतने कम समय में जवाब देने से इस विषय के साथ न्याय नहीं होगा। इस विषय को संविधान विशेषज्ञों, चुनाव विशेषज्ञों और पार्टी सदस्यों के साथ विचार-विमर्श की आवश्यकता है।' उन्होंने लिखा, 'मैं अनुरोध करूंगी कि इस मामले पर जल्दबाजी में कदम उठाने के बजाए, आप कृपया सभी राजनीतिक दलों को इस विषय पर एक श्वेत पत्र भेजें, जिसमें उनसे अपने विचार व्यक्त करने को कहा जाए। इसके लिए उन्हें पर्याप्त समय दिया जाए। यदि आप ऐसा करते हैं, तभी हम इस महत्त्वपूर्ण विषय पर ठोस सुझाव दे पाएंगे।'

ममता ने कहा कि पिछड़े जिलों के विकास के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस पहले ही अपने विचारों से उन्हें अवगत करा चुकी है कि वह कुछ जिलों के चयन के समर्थन में नहीं हैं क्योंकि इससे राज्य के सभी जिलों के संतुलित एवं समान विकास का समग्र लक्ष्य पूरा नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि वह और उनका दल 2022 में आजादी के 75 वर्ष पूरे होने और महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष समारोहों में बढ़-चढ़ कर भाग लेंगे।

हड़ताल खत्म, सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों की सुरक्षा मामले की सुनवाई स्थगित की

नई दिल्ली, 18 जून (भाषा)।

पश्चिम बंगाल और दूसरे राज्यों में डॉक्टरों की हड़ताल खत्म होने के तथ्य को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए दायर याचिका पर सुनवाई यह कहते हुए स्थगित कर दी कि अब इसकी कोई जल्दी नहीं है।

न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता और न्यायमूर्ति सूर्य कांत के अवकाश पीठ ने कहा कि वह समझता है कि चिकित्सकों की सुरक्षा एक गंभीर विषय है परंतु वह समग्र दृष्टिकोण को ध्यान में रखे बिना प्रत्येक चिकित्सक के साथ पुलिसकर्मी तैनात करने का आदेश नहीं दे सकता है।

पीठ ने फिलहाल नोटिस (केंद्र को) जारी करने से इनकार कर दिया लेकिन कहा कि चिकित्सकों की सुरक्षा के व्यापक मुद्दे को विचार के लिए खुला रखा जा रहा है। पीठ ने कहा, 'जब कल इस मामले का उल्लेख किया गया था, तो हमने इसे आज के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था।

गुजरात : राज्यसभा की दो सीटों के लिए अलग-अलग उपचुनाव के खिलाफ सुनवाई आज

नई दिल्ली, 18 जून (भाषा)।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि गुजरात में रिक्त हुई राज्यसभा की दो सीटों पर अलग-अलग उपचुनाव कराने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ कांग्रेस की याचिका पर बुधवार को सुनवाई की जाएगी। भाजपा अध्यक्ष अमित शाह और पार्टी की वरिष्ठ नेता स्मृति ईरानी के क्रमशः गांधीनगर और अमेठी से लोकसभा पहुंचने के बाद गुजरात से राज्यसभा की दो सीटें खाली हो गई हैं।

न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता और न्यायमूर्ति सूर्यकांत के अवकाश पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने मामले की तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया। पीठ ने इसे स्वीकार करते हुए कहा कि इसपर 19 जून (बुधवार) को सुनवाई की जाएगी। अमरेली से कांग्रेस विधायक और गुजरात विधानसभा में विपक्ष के नेता परेशभाई धनानी ने न्यायालय में याचिका दायर कर दोनों उपचुनाव साथ कराने का निर्देश चुनाव आयोग को देने का अनुरोध किया है। चुनाव आयोग की ओर से 15 जून को जारी प्रेस बयान के अनुसार दोनों सीटों के लिए चुनाव पांच जुलाई को ही होने हैं। हालांकि चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि राज्यसभा सहित दोनों सदनों की सभी रिक्तियों पर उपचुनाव के लिए उन्हें 'अलग-अलग रिक्तियां' माना जाएगा और अलग-अलग अधिसूचना जारी की जाएगी व चुनाव भी अलग-अलग होंगे। हालांकि इनका कार्यक्रम समान हो सकता है।

लोकसभा चुनाव के बाद नई सरकार में अमित शाह गृह मंत्रालय और स्मृति ईरानी को महिला व बाल विकास मंत्रालय का प्रभारी बनाया गया है। धनानी ने अपनी याचिका में निर्वाचन आयोग के आदेश को असंवैधानिक, मनमाना और गैरकानूनी घोषित करते हुए इसे रद्द करने का अनुरोध किया है। याचिका में कहा गया है कि आयोग के इस आदेश से संविधान के अनुच्छेद 14 का हनन होता है। उन्होंने निर्वाचन आयोग को उपचुनाव एकसाथ कराने और गुजरात सहित सभी राज्यों में सारी रिक्त सीटों के लिए साथ में चुनाव कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया है।

This is a public announcement for information purposes only and is not a prospectus announcement. This does not constitute an invitation or offer to acquire, purchase or subscribe for securities. Not for publication or distribution, directly or indirectly outside India.

indiamart

IndiaMART InterMESH LIMITED

Our Company was incorporated in New Delhi as 'IndiaMART InterMESH Limited' on September 13, 1999, as a public limited company under the Companies Act, 1956, with a certificate of incorporation granted by the Registrar of Companies, National Capital Territory of Delhi and Haryana ("**RoC**").

Corporate Identity Number: U74899DL1999PLC101534

Registered Office: 1st Floor, 29 Daryaganj, Netaji Subhash Marg, New Delhi 110 002, India; **Tel:** (+91) (11) 3027 2100; **Fax:** (+91) (11) 4350 980; For details of the change in the registered office of our Company, see "*History and Certain Corporate Matters*" on page 178 of the Red Herring Prospectus dated June 17, 2019 ("**RHP**"). **Corporate Office:** 7th & 8th Floors, Advant-Navis Business Park, Plot No. 7, Sector 142, Noida 201 301, Uttar Pradesh, India; **Tel:** +91 (120) 6777 800; **Fax:** +91 (120) 3977 666; **Contact Person:** Manoj Bhargava, Senior Vice President (Legal and Secretarial), Company Secretary and Compliance Officer; **Tel:** +91 (120) 6777 800; **Fax:** +91 (120) 3977 666; **E-mail:** cs@indiamart.com; **Website:** www.indiamart.com

OUR PROMOTERS: DINESH CHANDRA AGARWAL AND BRIJESH KUMAR AGRAWAL

INITIAL PUBLIC OFFERING OF UP TO 4,887,862 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10 EACH ("EQUITY SHARES") OF INDIAMART INTERMESH LIMITED ("INDIAMART" OR "COMPANY" OR THE "ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ [•]* PER EQUITY SHARE (THE "OFFER PRICE") AGGREGATING TO ₹ [•] MILLION (THE "OFFER") THROUGH AN OFFER FOR SALE OF (A) UP TO 2,590,000 EQUITY SHARES BY INTEL CAPITAL (MAURITIUS), LIMITED; UP TO 255,753 EQUITY SHARES BY AMADEUS IV DPF LIMITED AND UP TO 475,000 EQUITY SHARES BY ACCION FRONTIER INCLUSION MAURITIUS (TOGETHER, THE "INVESTOR SELLING SHAREHOLDERS"), (B) UP TO 852,453 EQUITY SHARES BY DINESH CHANDRA AGARWAL AND UP TO 577,656 EQUITY SHARES BY BRIJESH KUMAR AGRAWAL (TOGETHER, THE "PROMOTER SELLING SHAREHOLDERS") AND (C) UP TO AN AGGREGATE OF 137,000 EQUITY SHARES BY THE OTHER SELLING SHAREHOLDERS (COLLECTIVELY, THE "SELLING SHAREHOLDERS"). THE OFFER INCLUDES A RESERVATION OF UP TO 10,000 EQUITY SHARES, FOR SUBSCRIPTION BY ELIGIBLE EMPLOYEES, (WHICH SHALL NOT EXCEED 5% OF THE POST-OFFER EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY) (THE "EMPLOYEE RESERVATION PORTION"). THE OFFER LESS THE EMPLOYEE RESERVATION PORTION IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET OFFER", AGGREGATING UP TO 4,877,862 EQUITY SHARES. THE OFFER AND THE NET OFFER SHALL CONSTITUTE 16.99% AND 16.95% OF THE POST-OFFER PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY, RESPECTIVELY.

***A discount of ₹ 97 per Equity Share is being offered to Eligible Employees bidding in the Employee Reservation Portion.**

QIB Category: Not less than 75% of the Net Offer
Retail Category: Not more than 10% of the Net Offer
Non-Institutional Investor Category: Not more than 15% of the Net Offer
Employee Reservation: 10,000 Equity Shares for Eligible Employees

Price Band: ₹ 970 to ₹ 973 per Equity Share of face value of ₹ 10 each.
The Floor Price is 97 times the face value of the Equity Shares and the Cap Price is 97.3 times the face value of the Equity Shares.
Bids can be made for a minimum of 15 Equity Shares and in multiples of 15 Equity Shares thereafter.
Employee discount of ₹ 97 per Equity Share is being offered to Eligible Employees Bidding in the Employee Reservation Portion.

ASBA* | Simple, Safe, Smart way of Application!!!

***Applications Supported by Blocked Amount (ASBA) is a better way of applying to issues by simply blocking the fund in the bank account. For details, check section on ASBA below. Mandatory in public issues. No cheque will be accepted.**

UPI Now available in ASBA for Retail Individual Investors

*Investors have to apply through the ASBA process. *ASBA has to be availed by all the investors except anchor investors. UPI may be availed by Retail Individual Investors. For details on the ASBA and UPI process, please refer to the details given in ASBA Form and abridged prospectus and also please refer to the section "Offer Procedure" on page 500 of the RHP. The process is also available on the website of Association of Investment Bankers of India and Stock Exchanges and in the General Information Document. ASBA Bid-cum-Application Forms can be downloaded from the websites of BSE Limited (BSE) and National Stock Exchange of India Limited (NSE) and can be obtained from the list of banks that is displayed on the website of SEBI at www.sebi.gov.in. List of banks supporting UPI is also available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in. HDFC Bank Limited has been appointed as Sponsor Bank for the Offer, in accordance with the requirements of the SEBI circular dated November 1, 2018. For details of the Banks eligible to act as Issuer Banks for UPI, kindly refer to the website of SEBI (https://www.sebi.gov.in/sebiweb/other/OtherAction.do?doRecognisedFpi=yes&intmId=40).*

Risks to Investors:

- **The three Book Running Lead Managers associated with the Offer have handled 25 public issues during the current financial year and two financial years preceding the current financial year, out of which 7 closed below the issue price on listing date.**
- **The Price/Earnings ratio based on diluted EPS for fiscal 2019 for the Company at the upper end of the Price band is as high as 203.41, on an unconsolidated basis and 127.79, on a consolidated basis. The P/E of Nifty 50 as on June 17, 2019 is 28.87.**
- **The average cost of acquisition per Equity Share for our Selling Shareholders is in the range of ₹ 0.24 to ₹ 385.00 per Equity Share. The Offer Price at the upper end of the Price Band is ₹ 973.**
- **Weighted Average Return on Net Worth for fiscals 2019, 2018 and 2017 is (4.68)% on an unconsolidated basis and 9.20% on a consolidated basis.**

BASIS FOR OFFER PRICE

The Offer Price will be determined by our Company in consultation with the Book Running Lead Managers ("**BRLMs**"), on the basis of an assessment of market demand for the Equity Shares offered through the Book Building Process and on the basis of the qualitative and quantitative factors. The face value of the Equity Shares is ₹ 10 each and the Offer Price is 97 times the face value at the lower end of the Price Band and 97.3 times the face value at the higher end of the Price Band.

Investors should also refer to "*Risk Factors*", "*Our Business*", "*Restated Financial Statements*" and "*Management's Discussion and Analysis of Financial Condition and Results of Operations*" on pages 20, 153, 206 and 440, of the RHP, respectively, to have an informed view before making an investment decision.

Qualitative Factors

Some of the qualitative factors and our strengths which form the basis for the Offer Price are:

• Strong network effects and brand recognition, driving leadership in the B2B marketplace in India; • Comprehensive, convenient and reliable platforms for buyers; • Efficient and effective marketing platform for suppliers; • Deep understanding of online trade and commerce in India that drives innovative solutions; • Robust mobile platform; and • Experienced management team and large sales and service representatives team with proven track record of performance.

For further details, see "*Risk Factors*" and "*Our Business*" on pages 20 and 153, of the RHP, respectively.

Quantitative Factors

Some of information presented below relating to our Company is based on the on the Restated Unconsolidated Financial Statements and Restated Consolidated Financial Statements. For details, see "*Restated Financial Statements*" on page 206 of the RHP.

Some of the quantitative factors which may form the basis for computing the Offer Price are as follows:

1. Basic and Diluted Earnings/Loss per Share ("EPS")

As derived from our Restated Unconsolidated Financial Statements:

Year/Period ended	Basic EPS (₹)	Diluted EPS (₹)	Weight
March 31, 2019	4.87	4.78	3
March 31, 2018	(37.83)	(37.83)	2
March 31, 2017	(7.14)	(7.14)	1
Weighted Average	(11.37)	(11.41)	

As derived from our Restated Consolidated Financial Statements:

Year/Period ended	Basic EPS (₹)	Diluted EPS (₹)	Weight
March 31, 2019	7.75	7.61	3
March 31, 2018	28.60	20.22	2
March 31, 2017	(35.09)	(35.09)	1
Weighted Average	7.58	4.70	

Note: 1. The figures disclosed above are based on the Restated IndAS Consolidated Summary Statement of Assets and Liabilities of the Group. 2. The ratios have been computed as below: a.Basic earnings per share (₹) = Restated Net profit/loss attributable to equity shareholders / weighted average number of shares outstanding during the year. b. Diluted earnings per share (₹) = Restated Net profit/loss attributable to equity shareholders / weighted average number of diluted shares.

Note:

Weighted average number of equity shares is the number of equity shares outstanding at the beginning of the year adjusted by the number of equity shares issued during year multiplied by the time weighting factor. The time weighting factor is the number of days for which the specific shares are outstanding as a proportion of total number of days during the year.

Earnings per share calculations are in accordance with IndAS 33 (Earnings per Share).

Weighted average number of equity shares considered for the computation of diluted Earnings per Share are adjusted for the Dilutive portion of outstanding Employee Stock Options and Compulsory convertible preference shares as applicable. For years ended March 31, 2017 and March 31, 2016, the impact of employee stock options and Compulsory convertible preference shares is anti-dilutive.

Further, the company has also introduced IndiaMART employees stock benefits scheme 2018 the pool of which includes stock appreciation rights and stock options as approved by the shareholder at the general meeting held on 07 May 2018. All new grants will be governed by this scheme.

The Group has alloted bonus shares to the existing equity shareholders on 9 May 2018 in the ratio of 1:1 as approved by the shareholders at the general meeting held on 07 May 2018. Consequently, the number of shares have increased from 9,976,805 equity shares to 19,953,610 equity shares which has been adjusted while calculating EPS.

2. Price / Earning Ratio (P/E) in relation to the Price Band of ₹ 970 to ₹ 973 per Equity Share of the face value of ₹ 10 each

Particulars	Unconsolidated	Consolidated
P/E ratio based on Basic EPS for the fiscal ended March 31, 2019 at the Floor Price:	199.26	125.19
P/E ratio based on Basic EPS for the fiscal ended March 31, 2019 at the Cap Price:	199.88	125.58
P/E ratio based on Diluted EPS for the fiscal ended March 31, 2019 at the Floor Price:	202.76	127.40
P/E ratio based on Diluted EPS for the fiscal ended March 31, 2019 at the Cap Price:	203.41	127.79

Industry P/E ratio:

As on the date of the RHP, our Company does not have any listed peer group companies in India.

3. Return on Net Worth (RoNW)

Return on net worth derived from the Restated Unconsolidated Financial Statements:

Period/Year ended	RONW (%)	Weight
March 31, 2019	7.84%	3
March 31, 2018	(23.20)	2
March 31, 2017	(5.17)	1
Weighted Average	**(4.68)%**	

Return on net worth derived from the Restated Consolidated Financial Statements:

Period/Year ended	RONW (%)	Weight
March 31, 2019	12.54%	3
March 31, 2018	17.04	2
March 31, 2017	(16.50)	1
Weighted Average	**9.20%**	

Note:

Return on Net Worth (%) = Restated profit/ (loss) after tax attributable to equity shareholders / Restated Net worth at the end of the year

The weighted average return on net worth is a product of return on net worth and respective assigned weight, dividing the resultant by total aggregate weight.

4. Minimum Return on Total Net Worth after Offer, required for maintaining pre-Offer EPS as at March 31, 2019:

a) For Basic EPS

Particulars	Unconsolidated (%)	Consolidated (%)
At the Floor Price	8.72	13.94
At the Cap Price	8.72	13.94

b) For Diluted EPS

Particulars	Unconsolidated (%)	Consolidated (%)
At the Floor Price	8.57	13.70
At the Cap Price	8.57	13.70

5. Net Asset Value (NAV) per Equity Share

NAV	Unconsolidated (₹)	Consolidated (₹)
As on March 31, 2019	56.20	56.92
After the Offer		
- At the Floor Price	55.84	55.57
- At the Cap Price	55.84	55.57
At Offer Price	[•]	[•]

Net Asset Value (₹) = Restated net worth at the end of the year/ Total number of equity shares outstanding at the end of the year

6. Comparison with listed industry peers

As on the date of the RHP, our Company does not have any listed peer group companies in India.

7. The Offer Price is [•] times of the face value of Equity Shares

The Offer Price of ₹ [•] per Equity Shares has been determined by our Company in consultation with the BRLMs, on the basis of the demand from investors for the Equity Shares through the Book Building Process. Our Company and the BRLMs believe that the Offer Price of ₹ [•] is justified in view of the above qualitative and quantitative parameters. Investors should read the above mentioned information along with "*Risk Factors*", "*Our Business*" and "*Restated Financial Statements*" on pages 20, 153 and 206 of the RHP, respectively, to have a more informed view. The trading price of the Equity Shares of our Company could decline due to the factors mentioned in "*Risk Factors*" and you may lose all or part of your investments.

For further details, please see the section titled "Basis for Offer Price" on page 117 of the RHP.

BID/OFFER PERIOD

BID/OFFER OPENS ON MONDAY, JUNE 24, 2019* | BID/OFFER CLOSES ON WEDNESDAY, JUNE 26, 2019

**Our Company in consultation with the BRLMs, may consider participation by Anchor Investors, in accordance with the SEBI ICDR Regulations 2018. The Anchor Investor Bidding Date shall be one Working Day prior to the Bid/Offer Opening Date.*

In case of a revision in the Price Band, the Bid/Offer Period will be extended for at least three additional Working Days after such revision of the Price Band subject to the Bid/Offer Period not exceeding a total of 10 Working Days. Any revision in the Price Band and the revised Bid/Offer Period, if applicable, will be widely disseminated by notification to the Stock Exchanges, by issuing a press release, and also by indicating the change on the websites of the Book Running Lead Managers ("**BRLMs**") and at the terminals of the other members of the Syndicate.

The Offer is being made in terms of Rule 19(2)(b) of the Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957, as amended, (the "**SCRR**") and the Net Offer constitutes 16.95% of the post-Offer paid-up Equity Share capital of our Company. The Offer is being made through the Book Building Process, in compliance with Regulation 26(2) of the Securities and Exchange Board of India (Issue of Capital and Disclosure Requirements) Regulations, 2009 ("**SEBI ICDR Regulations**"), where at least 75% of the Net Offer will be Allotted on a proportionate basis to Qualified Institutional Buyers ("**QIBs**") (the "**QIB Category**"), provided that our Company in consultation with the BRLMs, may allocate up to 60% of the QIB Category to Anchor Investors, on a discretionary basis (the "**Anchor Investor Portion**"), of which one-third shall be reserved for domestic Mutual Funds, subject to valid Bids being received from domestic Mutual Funds at or above the price at which Equity Shares are allocated to Anchor Investors. Further, 5% of the QIB Category (excluding the Anchor Investor Portion) shall be available for allocation on a proportionate basis to Mutual Funds only and the remainder of the QIB Category shall be available for allocation on a proportionate basis to all QIBs (other than Anchor Investors), including Mutual Funds, subject to valid Bids being received at or above the Offer Price. If at least 75% of the Net Offer cannot be Allotted to QIBs, then the entire application money will be refunded forthwith. Further, not more than 15% of the Net Offer shall be available for allocation on a proportionate basis to Non-Institutional Investors and not more than 10% of the Net Offer shall be available for allocation to Retail Individual Investors, in accordance with the SEBI ICDR Regulations, subject to valid Bids being received at or above the Offer Price. All Bidders (other than Anchor Investors) shall mandatorily participate in this Offer through the Application Supported by Block Amount ("**ASBA**") process, and shall provide details of their respective bank account in which the Bid Amount will be blocked by the SCSBs. Anchor Investors are not permitted to participate in this Offer through the ASBA process. For details in this regard, specific attention is invited to "*Offer Procedure*" on page 500 of the RHP.

Bidders/Applicants should ensure that DP ID, PAN and the Client ID and UPI ID (if applicable, in case RIIs are correctly filled in the Bid cum Application Form. The DP ID, PAN and Client ID provided in the Bid cum Application Form should match with the DP ID, PAN, Client ID available in the Depository database, otherwise, the Bid cum Application Form is liable to be rejected. Bidders/Applicants should ensure that the beneficiary account provided in the Bid cum Application Form is active. Bidders/Applicants should note that on the basis of the PAN, DP ID and Client ID as provided in the Bid cum Application Form, the Bidder/Applicant may be deemed to have authorized the Depositories to provide to the Registrar to the Offer, any requested Demographic Details of the Bidder/Applicant as available on the records of the depositories. These Demographic Details may be used, among other things, for giving Allotment Advice or unblocking of ASBA Account or for other correspondence(s) related to the Offer. Bidders/Applicants are advised to update any changes to their Demographic Details as available in the records of the Depository Participant to ensure accuracy of records. Any delay resulting from failure to update the Demographic Details would be at the Bidders/Applicants' sole risk.

CONTENTS OF THE MEMORANDUM OF ASSOCIATION OF OUR COMPANY AS REGARDS ITS OBJECTS: For information on the main objects of our Company, investors are requested to see "*History and Certain Corporate Matters*" on page 178 of the RHP and Clause III (A) of the Memorandum of Association of our Company. The Memorandum of Association of our Company is a material document for inspection in relation to the Offer. For further details, see "*Material Contracts and Documents for Inspection*" on page 565 of the RHP.

LIABILITY OF THE MEMBERS OF OUR COMPANY: Limited by shares.

AMOUNT OF SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY AND CAPITAL STRUCTURE: As on the date of the RHP, the authorised share capital of our Company is ₹ 979,425,584 comprising 30,000,000 Equity Shares of ₹ 10 each, 1,493,903 0.01% cumulative preference shares of ₹ 328 and 1,804,254 compulsorily convertible cumulative preference shares of ₹ 100 each. The issued, subscribed and paid up share capital of our Company is ₹ 287,749,200 divided into 28,774,820 Equity Shares of ₹ 10 each. For details of the capital structure, see "*Capital Structure*" on page 94 of the RHP.

NAMES OF THE SIGNATORIES TO THE MEMORANDUM OF ASSOCIATION OF OUR COMPANY AND THE NUMBER OF EQUITY SHARES SUBSCRIBED BY THEM: The names of the signatories of the Memorandum of Association of the Company are Dinesh Chandra Agarwal, Brijesh Kumar Agrawal, Chetna Agarwal, Pankaj Agarwal, Naresh Chandra Agarwal, Prakash Chandra Agrawal and Praveen Kumar Goel who subscribed to 100 Equity Shares each, of face value of ₹ 10 each as initial subscription.

LISTING: The Equity Shares offered through the RHP are proposed to be listed on the BSE and NSE. Our Company has received in-principle approvals from the BSE and the NSE for the listing of the Equity Shares pursuant to letters dated August 7, 2018 and August 3, 2018, respectively. For the purpose of this Offer, NSE is the Designated Stock Exchange. A signed copy of the RHP has been and the Prospectus shall be delivered for registration to the RoC in accordance with Section 26(4) of the Companies Act, 2013 ("**Companies Act**"). For details of the material contracts and documents available for inspection from the date of the RHP up to the Bid/Offer Closing Date, see "*Material Contracts and Documents for Inspection*" on page 565 of the RHP.

DISCLAIMER CLAUSE OF SEBI: SEBI only gives its observations on the offer documents and this does not constitute approval of either the Offer or the specified securities or the offer document. Investors are advised to refer to page 472 of the RHP for the full text of the 'Disclaimer Clause of SEBI'.

DISCLAIMER CLAUSE OF BSE: "It is to be distinctly understood that the permission given by BSE Limited should not in any way be deemed or construed that the Red Herring Prospectus has been cleared or approved by BSE Limited nor does it certify the correctness or completeness of any of the contents of the Red Herring Prospectus". The investors are advised to refer the Red Herring Prospectus for the full text of the "Disclaimer clause of the BSE" on page 486 of the RHP.

DISCLAIMER CLAUSE OF NSE (Designated Stock Exchange): "It is to be distinctly understood that the permission given by NSE should not in any way be deemed or construed that the Offer Document has been cleared or approved by NSE nor does it certify the correctness or completeness of any of the contents of the Offer Document". The investors are advised to refer to the Offer Document for the full text of the "Disclaimer Clause of the NSE" on page 486 of the RHP.

GENERAL RISKS: Investments in equity and equity-related securities involve a degree of risk and investors should not invest any funds in this Offer unless they can afford to take the risk of losing their investment. Investors are advised to read the RHP including Risk Factors carefully before making an investment decision in the Offer. For making an investment decision, investors must rely on their own examination of our Company and the Offer, including the risks involved. The Equity Shares have not been recommended or approved by the Securities and Exchange Board of India ("**SEBI**"), nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of the contents of the RHP. Specific attention of the investors is invited to "*Risk Factors*" on page 20 of the RHP.

BOOK RUNNING LEAD MANAGERS			REGISTRAR TO THE OFFER	COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER
ICICI Securities	Edelweiss	Jefferies	LINK Intime	
ICICI Securities Limited ICICI Center, H. T. Parekh Marg, Churchgate, Mumbai 400 020 Maharashtra, India **Tel:** (+91) (22) 2288 2460/70 **Fax:** (+91) (22) 2282 6580 **Email:** indiamart.ipo@icicisecurities.com **Website:** www.icicisecurities.com **Investor Grievance E-mail:** customercare@icicisecurities.com **Contact Person:** Arjun A Mehrotra/Nidhi Wangnoo **SEBI Registration No.:** INM000011179	**Edelweiss Financial Services Limited** 14th Floor, Edelweiss House, Off C.S.T. Road, Kalina, Mumbai 400 098 Maharashtra, India **Tel:** (+91) (22) 4086 3535 **Fax:** (+91) (22) 4086 3610 **E-mail:** indiamart.ipo@edelweissfin.com **Website:** www.edelweissfin.com **Investor Grievance E-mail:** customerservice.mb@edelweissfin.com **Contact Person:** Yash Modi **SEBI Registration No.:** INM0000010650	**Jefferies India Private Limited** 42/43, 2 North Avenue, Maker Maxity, Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai 400 051 Maharashtra, India **Tel:** (+91) (22) 4356 6000; **Fax:** (+91) (22) 6765 5595 **E-mail:** INDIAMART.IPO@jefferies.com **Website:** www.jefferies.com **Investor Grievance E-mail:** jipl.grievance@jefferies.com **Contact Person:** Jayaraman Ganapathy **SEBI Registration No.:** INM000011443	**Link Intime India Private Limited** C-101, 1st Floor, 247 Park, L.B.S. Marg, Vikhroli (West), Mumbai 400 083, Maharashtra, India **Tel:** +91 22 4918 6200 **Fax:** +91 22 4918 6195 **Email:** indiamart.ipo@linkintime.co.in **Investor Grievance e-mail:** indiamart.ipo@linkintime.co.in **Website:** www.linkintime.co.in **Contact Person:** Shanti Gopalkrishnan **SEBI Registration No.** INR000004058	**Manoj Bhargava** **IndiaMART InterMESH Limited** 7th and 8th Floors, Advant Navis Business Park Plot number 7, Sector 142, Noida 201 301 Uttar Pradesh, India **Tel:** (+91) (120) 677 7800; **Fax:** (+91) (120) 399 7666 **E-mail:** cs@indiamart.com; **Website:** www.indiamart.com Investors can contact the Company Secretary and Compliance Officer, the BRLMs or the Registrar to the Offer, in case of any pre-Offer or post-Offer related problems, such as non-receipt of letters of Allotment, non-credit of Allotted Equity Shares in the respective beneficiary account, and non-receipt of refund orders or non-receipt of funds by electronic mode, etc.

AVAILABILITY OF RHP: Investors are advised to refer to the RHP and the "*Risk Factors*" on page 20 of the RHP before applying in the Offer. A copy of the RHP is available on the website of the SEBI at www.sebi.gov.in, the websites of the BRLMs at www.icicisecurities.com, www.edelweissfin.com and www.jefferies.com and the Stock Exchanges at www.bseindia.com and www.nseindia.com.

AVAILABILITY OF BID CUM APPLICATION FORM: Bid cum Application Form can be obtained from the Registered Office of Company, **IndiaMART InterMESH LIMITED**, Tel: (+91) (11) 3027 2100; Fax: (+91) (11) 4350 980; **BRLMs: ICICI Securities Limited**, Tel: (+91) (22) 2288 2460/70, Fax: (+91) (22) 2282 6580; **Edelweiss Financial Services Limited**, Tel: (+91) (22) 4086 3535, Fax: (+91) (22) 4086 3610; **Jefferies India Private Limited**, Tel: (+91) (22) 4356 6000, Fax: (+91) (22) 6765 5595; **Syndicate Member: Edelweiss Securities Limited**, Telephone No: (+91) (22) 4063 5569, Facsimile: (+91) (22) 6747 1347 and at selected locations of Sub-Syndicate Members (as given below), Registered Brokers, CRTAs and CDPs for participating in the Offer. ASBA will also be available on the websites of the Stock Exchanges and at all the Designated Branches of SCSBs, the list of which is available on the websites of the Stock Exchanges and SEBI.

SUB-SYNDICATE MEMBERS: Anand Rathi Share & Stock Brokers Ltd.; Axis Capital Ltd.; Centrum Broking Limited; Dalal & Broacha Stock Broking Pvt. Ltd.; DB (International) Stock Brokers Ltd.; Edelweiss Securities Limited; HDFC Securities Limited; ICICI Securities Limited; IIFL Securities Ltd.; J M Financial Services Ltd.; Jobanputra Fiscal Services Pvt. Ltd.; Karvy Stock Broking Ltd.; Keynote Capitals Limited; Kotak Securities Limited; LKP Securities Ltd.; Motilal Oswal Securities Ltd.; Prabhudas Lilladher Pvt Ltd.; Pravin Ratilal Share and Stock Brokers Ltd.; RR Equity Brokers Pvt Ltd.; Sharekhan Ltd.; SMC Global Securities Ltd. and Trade Bulls Securities (P) Ltd.

ESCROW BANK(S)/PUBLIC OFFER ACCOUNT BANK/REFUND BANK: HDFC Bank Limited.

SPONSOR BANK: HDFC Bank Limited.

All capitalised terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the RHP.

For **IndiaMART InterMESH LIMITED**
On behalf of the Board of Directors
Sd/-
Company Secretary and Compliance Officer

Place: New Delhi
Date: June 18, 2019

IndiaMART InterMESH LIMITED is proposing, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, an initial public offer of its Equity Shares and has filed a Red Herring Prospectus dated June 17, 2019 with the Registrar of Companies, National Capital Territory of Delhi & Haryana. The Red Herring Prospectus is available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, on the websites of the Stock Exchanges at www.bseindia.com and www.nseindia.com and the BRLMs at www.icicisecurities.com, www.edelweissfin.com and www.jefferies.com. Investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details refer to the Red Herring Prospectus, including the section titled '*Risk Factors*' on page 20 of the Red Herring Prospectus.

This announcement is not an offer of securities for sale in the United States or elsewhere. This announcement has been prepared for publication in India only and is not for publication or distribution, directly or indirectly, in or into the United States. The securities described in this announcement have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the "**U.S. Securities Act**") and may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and applicable state securities laws. No public offering of securities in the United States is contemplated.

CONCEPT

सूचकांक व निफ्टी में मामूली बढ़त

मुंबई, 18 जून (भाषा)।

धातु, ऊर्जा और सूचना प्रौद्योगिकी शेयरों में लिवाली से शेयर बाजार मंगलवार को लाभ के साथ बंद हुए। हालांकि, अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की बैठक को देखते हुए निवेशकों ने सतर्कता बरती, जिससे बाजार की बढ़त सीमित रही।

बंबई शेयर बाजार में 30 शेयरों वाले सूचकांक में लगातार चार कारोबारी सत्रों से चली आ रही गिरावट का सिलसिला मंगलवार को थम गया और यह 85.55 अंक या 0.22 फीसद बढ़कर 39,046.34 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक में 300 अंक का उतार चढ़ाव देखा गया। ऊंचे में यह 39,167.83 अंक तक गया और नीचे में 38,870.96 अंक तक आया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 19.35 अंक या 0.17 फीसद की बढ़त के साथ 11,691.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान दिन में इसने 11,727.20 अंक का उच्चस्तर और 11,641.15 अंक का निचला स्तर भी छुआ। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और रुपए की मजबूती से कारोबार के अंतिम घंटे में धारणा कुछ मजबूत हुई। सूचकांक की कंपनियों में वेदांता, कोल इंडिया, पावरग्रिड, आइसीआइसीआइ बैंक, एचसीएल टेक और बजाज फाइनेंस और इन्फोसिस के शेयर 2.47 फीसद तक चढ़ गए। वहीं दूसरी ओर यस बैंक का शेयर 5.94 फीसद टूट गया। मारुति, एशियन पेंट्स, सनफार्मा, एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी के शेयर 2.20 फीसद तक नीचे आए।

निजी क्षेत्र की एअरलाइन जेट एअरवेज का शेयर 40.48 फीसद टूट गया। जेट एअरवेज का परिचालन बंद है। कंपनी के ऋणदाताओं ने सोमवार को एअरलाइन के पुनरोद्धार के प्रयास छोड़ने और इस मामले को दिवाला कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) में भेजने की घोषणा की। बीएसई मिडकैप में 0.08 फीसद लाभ में रहा जबकि स्मॉलकैप 0.42 फीसद टूट गया।

अमेरिकी केंद्रीय बैंक की शुरू हो रही बैठक से पहले निवेशकों ने सतर्कता बरती। विशेषज्ञों के मुताबिक कंपनियों के कमजोर परिणाम, मानसून की धीमी प्रगति, कॉरपोरेट द्वारा कर्ज चुकाने में चूक और अमेरिका-भारत व्यापार विवाद की वजह से बाजार के लिए मौजूदा उच्चस्तर पर टिके रह पाना मुश्किल हो रहा है। माना जा रहा है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक नीतिगत दरों में बदलाव नहीं करेगा। हालांकि, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ब्याज दरों में कटौती के पक्ष में हैं। अन्य एशियाई बाजारों में मिलाजुला रुख रहा जबकि शुरुआती कारोबार में यूरोपीय बाजार लाभ में चल रहे थे। ब्रेंट कच्चा तेल 0.64 फीसद के नुकसान से 60.55 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

अर्थव्यवस्था में 12,500 करोड़ डालेगा रिजर्व बैंक

मुंबई, 18 जून (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को सरकारी बांड खरीदकर अर्थव्यवस्था में 12,500 करोड़ रुपए की नकदी डालने की घोषणा की है। केंद्रीय बैंक खुले बाजार की गतिविधियों के तहत 20 जून को अलग अलग परिपक्वता अवधि वाले पांच सरकारी बांड की खरीद करेगा। रिजर्व बैंक ने एक विज्ञप्ति में कहा कि व्यवस्था में तरलता की स्थिति का आकलन करने और आने वाले समय में टिकाऊ तरलता जरूरत को देखते हुए रिजर्व बैंक ने खुले बाजार की गतिविधियों के तहत पांच सरकारी प्रतिभूतियां खरीदने का निर्णय किया है।

मंजूरी से पहले निर्यातकों के दावों का सत्यापन करेगी सरकार

नई दिल्ली, 18 जून (भाषा)।

निर्यातकों के एकीकृत माल व सेवा कर (आइजीएसटी) रिफंड के बोगस या गलत दावों के मामले सामने आने के बाद सरकार ने अधिकारियों से सतर्कता बरतने को कहा है। अप्रत्यक्ष कर व सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआइसी) ने सीमा शुल्क और जीएसटी अधिकारियों से कहा है कि वे किसी भी रिफंड दावे को मंजूरी से पहले उसका नजदीकी से सत्यापन करें।

सीबीआइसी ने महानिदेशक (प्रणाली) को 'जोखिम वाले निर्यातकों' की सूची बनाने और उसे सीमा शुल्क और जीएसटी अधिकारियों से साझा करने को कहा है। इससे ऐसे निर्यातकों की निर्यात खेप की सौ फीसद जांच के लिए अलर्ट जारी किया जा सकेगा।

बैंकों ने जेट एअरवेज मामले को दिवाला प्रक्रिया के लिए भेजा, आज से सुनवाई

मुंबई, 18 जून (भाषा)।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई में 26 बैंकों के गठजोड़ ने निजी क्षेत्र की विमानन कंपनी जेट एअरवेज के मामले को दिवाला संहिता के तहत कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) में भेज दिया। न्यायाधिकरण इस पर बुधवार से सुनवाई करेगा। बैंकों को ठप पड़ी एअरलाइन से 8,500 करोड़ रुपए की वसूली करनी है।

कभी जेट एअरवेज देश की निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी एअरलाइन के तौर पर जानी जाती थी। 25 साल पहले इस एअरलाइन को टिकटिंग एजंट से उद्यमी बने नरेश गोयल ने शुरू किया था। नकदी संकट और एअरलाइन को पट्टे पर विमान देने वाली कंपनियों को भुगतान नहीं कर पाने की वजह से बीते 17 अप्रैल से जेट एअरवेज का परिचालन बंद है।

जेट एअरवेज को कर्ज देने वाले बैंक पिछले पांच महीने से एअरलाइन को चलती हालत में बेचने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन कई कारणों की वजह से वे अपने प्रयास में सफल नहीं हो पाए। बैंकों के अलावा एअरलाइन पर उसे माल और सेवाएं देने वालों का 10,000 करोड़ रुपए और कर्मचारियों के वेतन का 3,000 करोड़ रुपए का बकाया है। जेट एअरवेज के कर्मचारियों की संख्या 23,000 है। पिछले कुछ साल के दौरान जेट एअरवेज का कुल नुकसान 13,000 करोड़ रुपए पर पहुंच चुका है। इस तरह एअरलाइन पर कुल 36,500 करोड़ रुपए का बकाया है।

घरेलू हवाई अड्डों पर एअरलाइन के स्लॉट सरकार ने अन्य विमानन कंपनियो को दे दिए हैं। अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर भी उसके कुछ स्लॉट अन्य एअरलाइन को दिए गए हैं।

बेड़े में विमानों की बात की जाए, तो जेट एअरवेज के पास सिर्फ 16 विमान हैं जिनका मूल्य 5,000 करोड़ रुपए है। एअरलाइन के बेड़े में शेष 123 विमान पट्टे पर थे। भुगतान नहीं होने की वजह से इनका पंजीकरण रद्द हो चुका है और इन्हें वापस लिया जा चुका है।

बंबई शेयर बाजार में मंगलवार को जेट एअरवेज का शेयर 41 फीसद टूटकर 40.45 रुपए पर आ गया। दिन में कारोबार के दौरान एक समय यह 52.78 फीसद के नुकसान से 32.25 रुपए पर आ गया था। बैंकों को अब तक के प्रयास में कर्ज में डूबी इस एअरलाइन के पुनरोद्धार के लिए किसी कंपनी से कोई पुख्ता प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। एतिहाद-हिंदुजा गठजोड़ ने हालांकि एअरलाइन में रुचि दिखाई है लेकिन उसकी ओर से कोई पुख्ता प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। इसी वजह से बैंकों की सोमवार को हुई बैठक में एअरलाइन के मामले को एनसीएलटी में भेजने का फैसला किया गया।

यह फैसला इन खबरों के बाद लिया गया है कि संघीय विधि प्रवर्तन एजंसियों ने गोयल को निगरानी नोटिस में रखा है। साथ ही वे उनके खिलाफ मनी लांड्रिग जांच शुरू करने जा रही हैं। जेट एअरवेज के साथ व्यवसायिक सौदों में उधार देने वाली दो फर्मों शैमन वील्स और गग्गर एंटरप्राइजेज ने एअरलाइन के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया शुरू करने के लिए 10 जून को एनसीएलटी में अपील की थी। एअरलाइन पर शैमन वील्स का 8.74 करोड़ रुपए और गग्गर का 53 करोड़ रुपए का बकाया है।

वाहन चालक लाइसेंस के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता की अनिवार्यता खत्म होगी

नई दिल्ली, 18 जून (भाषा)।

सरकार ने रोजगार के अवसर बढ़ाने के इरादे से बस, ट्रक व माल ढुलाई के अन्य वाहनों को चलाने के लिए लाइसेंस पाने के वास्ते न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता की जरूरत को समाप्त करने का फैसला किया है। सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने मंगलवार को यह कहा। फिलहाल केंद्रीय मोटर वाहन नियमावली, 1989 के नियम 8 के तहत वाहन चालक लाइसेंस पाने के लिए 8वीं पास होना जरूरी है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार- आर्थिक रूप से पिछड़े तबकों के कामकाज के लिहाज से कुशल लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने बस, ट्रक और माल ढुलाई जैसे वाहनों (ट्रांसपोर्ट) के चालकों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता की आवश्यकता हटाने का निर्णय किया है। इसमें कहा गया है कि देश में बड़ी संख्या में बेरोजगार युवा हैं जो भले ही शिक्षित नहीं हो लेकिन कुशल और साक्षर हैं।

बयान के अनुसार इस आवश्यकता को हटाने से बड़ी संख्या में बेरोजगारों, विशेषकर युवाओं के लिए देश में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। यही नहीं ट्रांसपोर्ट और माल ढुलाई क्षेत्र में करीब 22 लाख चालकों की कमी को पूरा करने में भी मदद मिलेगी। न्यूनतम शैक्षिक योग्यता की जरूरत चालकों की उपलब्धता में बाधक बनी हुई है। इसके लिए मंत्रालय ने कें-द्रीय मोटर वाहन 1989 के नियम 8 में संशोधन की प्रक्रिया शुरू कर दी है और इस बारे में अधिसूचना जल-दी ही जारी की जाएगी।

मंत्रालय कीहाल ही में आयोजित बैठक में, हरियाणा सरकार ने मेवात क्षेत्र के आर्थिक रूप से पिछड़े चालकों के लिए शैक्षणिक योग्यता की शर्त को हटाने का अनुरोध किया था। मेवात में लोगों की आजीविका कम आय वाले साधनों पर निर्भर करती है, जिसमें वाहन चलाना भी शामिल है। बयान के मुताबिक हालांकि, चालकों के लिए न-यूनतम शैक्षिक योग्-यता की आवश-यकता हटाते हुए मंत्रालय ने प्रशिक्षण और कौशल परीक्षा पर जोर दिया है ताकि सड़क सुरक्षा से किसी भी तरह का कोई समझौता न हो। ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने वाले किसी भी व-यक्ति के लिए कड़ी कौशल परीक्षा पास करना अनिवार्य होगा।

सिग्नल प्रणाली बेहतर बनाने के लिए भारतीय रेल का रेलटेल से करार

मुंबई, 18 जून (भाषा)।

भारतीय रेल ने चार व्यस्ततम मार्गों पर सिग्नल प्रणाली को अद्यतन करने के लिए रेलटेल एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) के साथ करार किया है। आरईएल, रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। रेलटेल ने बयान में कहा कि इस परियोजना में स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली के साथ एलटीआई आधारित मोबाइल ट्रेन रेडियो संचार प्रणाली (एमटीआरसी) विकसित करना शामिल है। संचार प्रणाली में जहां जरूरत हो इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की भी सुविधा होगी।

एचडीएफसी बैंक पर एक करोड़ रुपए का जुर्माना

मुंबई, 18 जून (भाषा)।

रिजर्व बैंक ने मंगलवार को देश के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक पर एक करोड़ रुपए का जुर्माना लगा दिया। यह जुर्माना धोखाधड़ी के बारे में सूचना नहीं देने और अन्य निर्देशों का अनुपालन नहीं करने को लेकर लगाया गया है। आरबीआइ ने कहा कि यह जुर्माना कुछ आयातकों द्वारा विदेशी मुद्रा भेजने के लिए जाली बिल प्रविष्टियां जमा करने से जुड़ा है।

ईडी ने सूरत की कंपनी के 6,000 वाहनों को कुर्क किया

नई दिल्ली, 18 जून (भाषा)।

ईडी ने सूरत की एक कंपनी और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ बैंक कर्ज धोखाधड़ी और धनशोधन मामले में करीब 1,610 करोड़ रुपए मूल्य के 6,000 से अधिक वाहनों को कुर्क किया है। जांच एजंसी ने सिद्धि विनायक लाजिस्टिक्स लि. (एसवीएलएल) और उसके निदेशक रूपचंद बैद के खिलाफ धनशोधन निरोधक कानून के तहत संपत्ति कुर्क करने के लिए आदेश जारी किया। ईडी ने बैंक आफ महाराष्ट्र कर्ज धोखाधड़ी मामले में गलत तरीके से अर्जित 836.29 करोड़ रुपए के कालेधन को सफेद बनाने के मामले में बैद को इससे पहले गिरफ्तार भी किया था।

ताजा आदेश के तहत 1,609.78 करोड़ रुपए मूल्य के 6,170 वाहन कुर्क किए गए। केंद्रीय जांच एजंसी ने इससे पहले जून 2017 में 19 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्ति कुर्क की थी। ईडी ने कहा कि उसने सीबीआई की प्राथमिकी के आधार पर कंपनी व उसके निदेशकों के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया है।

जांच एजंसी ने एक बयान में कहा कि अब तक की जांच से पता चला कि फर्जी दस्तावेज के आधार पर कर्मचरियों व चालकों के नाम पर कर्ज लिए गए जबकि एसवीएलएल ने उन्हें अंधेरे में रखा। बैद ने संबंधित इकाइयों के विभिन्न खातों के जरिए राशि को ठिकाने लगाया। ईडी के अनुसार बैंकों से कोष 'चालक से मालिक' जैसी विभिन्न योजनाओं के तहत कर्ज या कर्ज सुविधा के जरिए जुटाए गए। इसमें कर्ज कंपनी के चालकों और कर्मचारियों के नाम पर पुराने और नए वाहनों की खरीद को लेकर लिए गए। जांच एजंसी ने कहा कि कर्ज का उपयोग उस कार्य में नहीं किया गया, जिसके लिए उसे लिया गया। इसे संबंधित इकाइयों व एसवीएलएल के खातों के जरिए ठिकाना लगाया गया और बाद में व्यक्तिगत लाभ, कंपनी खर्च और पुराने कर्ज के भुगतान में उसका उपयोग किया गया।

गोयल ने कंपनियों से ई-कॉमर्स नीति के मसविदे पर 10 दिन में सुझाव देने को कहा

नई दिल्ली, 18 जून (भाषा)।

वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ई - कॉमर्स नीति के मसविदे पर इस क्षेत्र की कंपनियों को 10 दिन के भीतर अपने विचार देने को कहा है। गोयल ने ई - वाणिज्य व तकनीकी उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ सोमवार को इस मुद्दे पर विचार - विमर्श किया। वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा कि बैठक के दौरान,ई - कॉमर्स उद्योग के प्रतिनिधियों ने नीति के मसविदे को लेकर अपनी चिंताएं जताई हैं।

बयान में कहा गया है- वाणिज्य मंत्री ने ई - कॉमर्स उद्योग के प्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया है कि उद्योग की हर चिंता का दूर किया जाएगा। उन्होंने इसके लिए प्रतिनिधियों से अपनी चिंता के मुद्दों के बारे में 10 दिन के भीतर उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) को बताने को कहा गया है।

कंपनियों ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डेटा भंडारण जरूरतों और प्रसंस्करण से जुड़े दिशानिर्देशों को लेकर भी चिंता जताई है। इस पर , रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर बीपी कानूनगो ने उद्योग को इन मुद्दों पर गौर करने का भरोसा दिया है।

प्रपत्र ए
सार्वजनिक उद्घोषणा
[भारत दिवाला तथा दिवालिया मंडल (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 6 के अंतर्गत]
रैन ऑटोमोटिव इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के क्रेडीटरों के ध्यानार्थ

	संबंधित विवरण	
1.	कॉर्पोरेट ऋणधारक का नाम	रैन ऑटोमोटिव इंडिया प्राईवेट लिमिटेड
2.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के निगमन की तिथि	9 फरवरी, 2019
3.	वह प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट ऋणधारक निगमित/पंजीकृत है	कम्पनी रजिस्ट्रार, दिल्ली भारत, कम्पनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत
4.	कॉर्पोरेट पहचान संख्या/कॉर्पोरेट ऋणधारक का लिमिटेड लाएबिलिटी पहचान संख्या	U50200DL2011PTC213635
5.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	1187/7, नाईवाला, करौल बाग, नई दिल्ली-110005
6.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के संदर्भ में दिवाला प्रक्रिया आरंभ होने की तिथि	14 जून, 2019
7.	दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया के समापन की अनुमानित तिथि	11 दिसम्बर, 2019
8.	अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफिश्नल का नाम, पंजीकरण संख्या, जो अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफिश्नल के रूप में कार्यरत है	नामः आकर्ष कश्यप पंजी सं.- IBBI/IPA-001/IP-P00566/2017-18/11042
9.	बोर्ड में यथा पंजीकृत अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफिश्नल का पता एवं ईमेलः	पंजी. पताः डी-3, एलजीएफ, लाजपत नगर-1, नई दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली-110024 ईमेलः akashyap2002@yahoo.com
10.	अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफिश्नल के साथ पत्राचार के लिये प्रयुक्त होने वाला पता तथा ईमेल	पताः रीसर्जेन्ट रिजॉल्यूशन प्रॉफिशनल, एलएलपी, 905, 9वां तल, टावर सी, यूनीटेक बिजनेस जोन, निर्माण कन्ट्री, सेक्टर-50, गुरुग्राम, हरियाणा-122018 ईमेलः cirp.raip@gmail.com
11.	दावे जमा करने की अंतिम तिथि	28 जून, 2019
12.	क्रेडीटर का वर्ग यदि कोई हो, धारा 21 की उप धारा (6ए) के उपबंध (बी) के अंतर्गत, अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफिश्नल द्वारा सुनिश्चित किया गया	लागू नहीं
13.	किसी वर्ग में क्रेडीटर्स के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिये पहचान किये गये इन्सॉल्वेन्सी प्रॉफिश्नल का नाम	लागू नहीं
14.	क) संबंधित प्रपत्र ख) प्राधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण उपलब्ध है	क) www.ibbi.gov.in ख) लागू नहीं

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण ने 14 जून 2019 को रैन ऑटोमोटिव इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के संदर्भ में कॉर्पोरेट इन्सॉल्वेन्सी प्रस्ताव प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है। एतद्द्वारा रैन ऑटोमोटिव इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के क्रेडीटरों को निर्देश दिया जाता है कि प्रविष्ट सं. 10 में वर्णित पते पर अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफिशनल के पास 28 जून, 2019 को या उससे पूर्व अपने दावे का प्रमाण जमा करें।
फाइनांसियल क्रेडीटर्स केवल इलेक्ट्रॉनिक पद्धति से ही अपने दावे का प्रमाण जमा कर सकते हैं। अन्य सभी क्रेडीटर्स व्यक्तिगत, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से अपने दावे का प्रमाण जमा कर सकते हैं।
प्रविष्टि सं. 12 के समक्ष सूचीबद्ध किसी वर्ग से संबंधित वित्तीय क्रेडीटर प्रपत्र सीए में वर्ग के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिये (एन ए) प्रविष्ट सं.13 के समक्ष सूचीबद्ध तीन इन्सॉल्वेन्सी प्रॉफिशनलों में से प्राधिकृत प्रतिनिधि की अपनी पसंद को चयन दर्शाएंगे। दावे का गलत अथवा भ्रामक प्रमाण जमा करने पर दंडित किया जा सकता है।

हस्ता./-
आकर्ष कश्यप
अंतरिम प्रस्ताव कर्मी
पंजी सं. IBBI/IPA-001/IP-P00566/2017-18/11042

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 18 जून, 2019

दिल्ली कृषि विपणन परिषद्
(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार)
9 संस्थागत एरिया, पंखा रोड जनकपुरी, नई दिल्ली-110058
ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा के माध्यम से निम्नलिखित मद दर निविदा आमंत्रित की जाती है

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	ई-प्रोक्योरमेंट समाधान के माध्यम से निविदाओं की प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	निविदा आई.डी. संख्या/ एन.आई.टी. संख्या
1	आइएफसी गाजीपुर में कमीशन एजेंट और थोक व्यापारी की दुकानों के लिये आधुनिक फूलों के बाजार का विकास, कोल्ड स्टोरेज की सुविधा, आंतरिक सड़कें, जिसमें जल आपूर्ति, स्वच्छता स्थापना, आंतरिक और बाहरी बिजली के काम, अग्निशमन प्रणाली, इलेक्ट्रिक सबस्टेशन और डी जी सेट शामिल हैं।	रु. 1,39,58,85,724/-	रु. 1,39,59,000/-	24.06.2019 को 15.00 बजे तक	2019_डी.ए.एम.बी._174121_1

निविदा के अन्य सभी विवरण वेबसाईटः- https://govtprocurement.delhi.gov.in पर देखे जा सकते हैं।

हस्ता./-
परियोजना अभियंता-I
DIP/Shabdarth/0230/19-20

फार्म जी
अभिरुचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण
(दिवाला तथा दिवालिया (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिये दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 36ए (1) के अंतर्गत)

	संबंधित विवरण	
1.	कॉर्पोरेट ऋणधारक का नाम	एपल इंडस्ट्रीज लिमिटेड
2.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के निगमन की तिथि	11.3.2008
3.	वह प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट ऋणधारक निगमित/ पंजीकृत हैं	कम्पनी रजिस्ट्रार, दिल्ली
4.	कॉर्पोरेट ऋणधारक का कॉर्पोरेट पहचान संख्या/ सीमित दायित्व पहचान संख्या	CIN: U74120DL2008PLC175180
5.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के पंजीकृत कार्यालय एवं प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	पंजीकृत कार्यालयः यूनिट नं. 701-ए, 7वां तल, जीडी-आईटीएल टावर, प्लॉट नं. बी-8, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, उत्तर पश्चिम डीएल 110034 भारत कॉर्पोरेट कार्यालयः बी-16, सेक्टर-2, नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश कार्य का पताः डी-हिरेहल, जिला अनंतापुर, आन्ध्र प्रदेश-515872
6.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के संदर्भ में दिवाला आरंभ होने की तिथि	13.3.2019 (आदेश 15.3.2019 को वेबसाईट पर अपलोड की गई)
7.	अभिरुचि की अभिव्यक्ति के आमंत्रण की तिथि	19.6.2019 (पूर्व में 27.6.2019)
8.	संहिता की धारा 25(2) (एच) के अंतर्गत प्रस्ताव आवेदकों की पात्रता उपलब्ध हैः	संहिता की धारा 25 (2) (एच) के अंतर्गत प्रस्ताव आवेदकों की पात्रता ई-मेलः irp.appleindustries@gmail.com अथवा ajaygupta 1969@gmail.com से प्राप्त की जा सकती है।
9.	धारा 29ए के अंतर्गत लागू होने वाले अयोग्यता का मानक उपलब्ध है।	धारा 29 ए के अंतर्गत लागू होने वाले अयोग्यता के मानक अधोलिखित वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती हैः http://ibbi.gov.in/ webfront/ legal-framework.php
10.	अभिरुचि की अभिव्यक्ति प्राप्ति की अंतिम तिथि	30.6.2019 (पूर्व में 11.6.2019)
11.	संभावित प्रस्ताव आवेदकों की अस्थाई सूची जारी होने की तिथि	10.7.2019 (पूर्व में 21.6.2019)
12.	अस्थाई सूची के प्रति आपत्ति जमा करने की अंतिम तिथि	15.7.2019 (पूर्व में 26.6.2019)
13.	संभावित प्रस्ताव आवेदकों की अंतिम सूची जारी होने की तिथि	25.7.2019 (पूर्व में 26.6.2019)
14.	संभावित प्रस्ताव आवेदकों को प्रस्ताव योजना के लिये सूचना मेमोरैण्डम, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा अनुरोध जारी होने की तिथि	15.7.2019 (पूर्व में 26.6.2019)
15.	प्रस्ताव योजना, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना मेमोरैण्डम तथा अधिक जानकारी प्राप्त करने का तरीका	भारत दिवाला तथा दिवालिया मंडल (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिये दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 36 बी (1) के अनुसार मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना मेमोरैण्डम तथा प्रस्ताव योजना के लिये अनुरोध प्राप्त करने के पात्र सभी प्रस्ताव आवेदक (कों) को वह प्रस्ताव आवेदक (कों) द्वारा गोपनीयता का अंडरटैकिंग जमा करने के बाद क्लॉज नं. 21 के अंतर्गत दी गई ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध कराई जायेगी।
16.	प्रस्ताव योजना जमा करने की अंतिम तिथि	14.8.2019 (पूर्व में 26.7.2019)
17.	प्रस्तावकर्मी के पास प्रस्ताव योजना जमा करने का तरीका	प्रस्ताव आवेदक (कों) द्वारा ऊपर क्लॉज 16 में वर्णित रूप में (अर्थात 14.8.2019 को या उससे पूर्व) प्रस्ताव योजना जमा करने की अंतिम तिथि को या पूर्व क्लॉज 12 में वर्णित पते पर ई-मेल तथा मुहरबंद लिफाफे में हाथों-हाथ/ डाक द्वारा अंतरिम प्रस्ताव कर्मी/ प्रस्ताव कर्मी के पास प्रस्ताव योजना (ऐं) जमा की जायेगी।
18.	स्वीकृति के लिये निर्णायक प्राधिकरण के पास प्रस्ताव जमा करने की अनुमानित तिथि	25.8.2019
19.	प्रस्ताव कर्मी का नाम तथा पंजीकरण संख्या	अजय गुप्ता, आईबीबीआई पंजी. सं. IBBI/ IPA-001/ IP-P00140/ 2017-18/10304
20.	बोर्ड में यथा-पंजीकृत प्रस्ताव कर्मी का नाम, पता तथा ई-मेल	नामः अजय गुप्ता, पताः 7-ए, सिद्धार्थ एक्स्टेंशन, पॉकेट-बी, नई दिल्ली- 110014, ई-मेलः ajaygupta1969@gmail.com
21.	प्रस्ताव कर्मी के साथ पत्राचार के लिये प्रयोग करने के लिये पता तथा ईमेल	नामः अजय गुप्ता, पताः फ्लैट नं. 1004, एस्पायर 2, सुपरटेक एमरॉल्ड कोर्ट, 9वां तल, सेक्टर- 93ए, नोडा-201304, ई-मेलः ajaygupta1969@gmail.com, irp.appleindustries@gmail.com
22.	विस्तृत विवरण उपलब्ध हैं	नामः अजय गुप्ता, अंतरिम प्रस्ताव कर्मी, ई-मेलः ajaygupta1969@gmail.com, irp.appleindustries@gmail.com
23.	फार्म जी के प्रकाशन की तिथि	19.6.2019 (पूर्व में 27.05.2019

टिप्पणीः 1) इस मामले में ईओआई 27.5.2019 को पूर्व में आमंत्रित की गई थी तथा ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि 11.6.2019 थी। लेकिन, सीओसी के निर्देशों के अनुसार 30.6.2019 तक ईओआई जमा करने की स्वीकृति दी गई, अतएव यह आमंत्रण की जा रही है।

हस्ता./- अजय गुप्ता
अंतरिम प्रस्ताव कर्मी
एपल इंडस्ट्रीज लिमिटेड (सीआईआरपी के अधीन) के मामले में
आईबीबीआई पंजीकरण सं.: IBBI/IPA-001/IP-P00140/2017-18/10304
पताः 7-ए, सिद्धार्थ एक्स्टेंशन, पॉकेट-बी, नई दिल्ली-110014
ई-मेलः ajaygupta1969@gmail.com, irp.appleindustries@gmail.com

तिथिः 19.6.2019
स्थानः नई दिल्ली

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़
ई-अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
ई-निविदा सं० :-RDSD/RAMGARH/01/2019-20
1.कार्य की विस्तृत विवरणी :-

युग सं०	आई.डी-टीकिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (%)	परिमाण विपत्र का मूल्य (%)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	RDSD/RAMGARH/DAIPT/01/2019-20	रामगढ़ जिलान्तर्गत रामगढ़ (ब्लॉक) प्रखण्ड के रामगढ़ कार्यालय में विद्युत शव-वाह गृह का निर्माण।	116.06	2,32,000.00	10,000.00	12 (बारह) माह

2. प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
3. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :-25.06.2019
4. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि :-03.07.2019 अपराह्न 5.00 बजे तक।
5. ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ के कार्यालय कक्ष में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 06.07.2019 अपराह्न 5.00 बजे तक।
6. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय-ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ 08.07.2019 अपराह्न 2.00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता-कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
8. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष नं०- 9431194614, 06553-261524
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जायेगा जो लौटाया नहीं जायेगा। बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ के पदनाम से देय होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
PR 209207 (District) 19-20 (D)

दिल्ली जल बोर्डः रा.रा. क्षेत्र दिल्ली सरकार
कार्यालयः कार्यपालक अभियंता (एनडब्ल्यू) III
ओवरहेड टैंक, अशोक विहार दिल्ली
प्रैस एनआईटी सं. 08 (2019-20)

क्रम सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	ई-प्रापण सॉल्यूशन के माध्यम से निविदा जारी की तिथि	ई-प्रापण सॉल्यूशन के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय
1.	बीएच ब्लॉक ईस्ट, शालीमार बाग, एसी-14, एनडब्ल्यू-III में नये वाटर लाइन 100 एमएम डाया डी.आई. द्वारा पुराने वाटर लाइन का विस्थापन।	रु. 1,31,49,716/-	निविदा आईडी सं. 2019_DJB_174347_1 17.6.2019 को 12.44 अप. में।	3.7.2019 के 3.00 बजे अप. तक।

इस संदर्भ में अधिक विवरण वेबसाइट https://govtprocurement.delhi.gov.in पर देखें।

पी.आर.ओ. (जल द्वारा जारी)
विज्ञा. सं. जे.एस.वी. 2019-20

चांद की परत में छिपा है सूर्य का इतिहास : नासा

वाशिंगटन, 18 जून (भाषा)।

नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार चांद पर सूर्य के प्राचीन रहस्यों के सुराग मौजूद हैं जो जीवन के विकास को समझने के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। करीब चार अरब साल पहले सूर्य सौर मंडल में तीव्र विकिरणों, उग्र वेगों, उच्च ऊर्जा वाले बादलों और कणों के घातक प्रकोप से गुजरा था।

अमेरिका में नासा के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर के शोधकर्ताओं ने बताया कि इस प्रकोप ने पृथ्वी की शुरुआत में जीवन के अंकुरण में मदद की और ऐसा पृथ्वी को गर्म और नम रखने वाली रासायनिक प्रतिक्रियाओं से हुआ।

सेंटर के तारा भौतिकविद् प्रबल सक्सेना ने हैरानी जताई कि पृथ्वी की मिट्टी के मुकाबले चंद्रमा की मिट्टी में कम सोडियम और पोटेशियम क्यों हैं जबकि चांद और पृथ्वी की संरचना एक समान तत्व से हुई है।

चीन में भूकम्प से 12 लोगों की मौत, सौ से अधिक घायल

बेजिंग, 18 जून (भाषा)।

चीन के सिचुआन प्रांत में सोमवार रात और मंगलवार सुबह आए भूकम्प के दो शक्तिशाली झटकों में कम से कम 12 लोगों की मौत हुई है और 100 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

चीनी भूकम्प केंद्र (सीईएनसी) के अनुसार रिक्टर पैमाने पर 6.0 तीव्रता का पहला झटका स्थानीय समय अनुसार सोमवार रात 10 बजकर 55 मिनट पर यीपिन शहर के छांगनिग इलाके में आया। मंगलवार सुबह महसूस हुए दूसरे झटके की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.3 मापी गई।

आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने कहा, 'अभी तक 12 लोगों की जान चली गई है और 125 अन्य घायल हैं।' 'सीएनसीसी' का कहना है कि सोमवार को आए भूकम्प का केन्द्र 16 किलोमीटर की गहराई में था।

छांगनिग स्थित दो अस्पतालों में 53 लोगों का इलाज जारी है। उनमें से दो की हालत गंभीर है और अन्य छह लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

आधिकारिक मीडिया की खबर के अनुसार चेंगदू और यीपिन में लगी अग्रिम चेतावनी प्रणाली के अलार्म भूकम्प से एक मिनट पहले बजने लगे थे।

चीन की आधिकारिक समाचार एजंसी 'शिन्हुआ' से एक राहतकर्मी ने कहा, 'दो लोग फंसे हुए हैं, उनमें से एक गंभीर स्थिति में है।' बचावकर्मी के अनुसार शुआंघे कस्बे में चार लोगों को मलबे से निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका है।

मुर्सी को काहिरा में किया गया दफन

तुर्की में हजारों लोगों ने की उनके लिए प्रार्थना

काहिरा, 18 जून (एएफपी)।

लोकतांत्रिक रूप से चुने गए मिस्र के पहले राष्ट्रपति मोहम्मद मुर्सी का शव काहिरा में मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच दफन किया गया। मुर्सी अदालत में सुनवाई के दौरान गिर पड़े थे और उनका निधन हो गया था।

इस बीच मुर्सी के लिए तुर्की के इस्तांबुल की फातिह मस्जिद में भी नमाज-ए-जनाजा पढ़ी गई जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन मुर्सी के निकट मित्र थे।

2013 में मुर्सी को मिस्र की सेना द्वारा अपदस्थ किए जाने के बाद काहिरा के साथ अंकारा के संबंध खराब हो गए थे। एर्दोआन ने सोमवार को मुर्सी को 'शहीद' बताया था और उनके निधन के लिए मिस्र के 'तानाशाहों' को दोषी ठहराया था।

मुर्सी के वकील अब्देल मोनीम अब्देल मकसूद ने कहा, 'उन्हें पूर्वी काहिरा में उनके परिवार की मौजूदगी में मेदिनात नसर में दफनाया गया।' मुर्सी के बेटे अहमद ने कहा कि सुरक्षा बलों ने उनके पिता को शरकिया प्रांत स्थित उनके गृहनगर में कब्रिस्तान में दफन करने की अनुमति नहीं दी।

> मानवाधिकार समूहों ने मुर्सी के निधन के संबंध में स्वतंत्र जांच की मांग की है। सरकारी टीवी ने बताया कि 67 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति का निधन दिल का दौरा पड़ने के कारण हुआ। मुर्सी जासूसी के आरोप में अदालत की सुनवाई में हिस्सा ले रहे थे। तभी वह अचानक बेहोश हो गए और उनका निधन हो गया।

अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने कहा, 'अदालत ने पांच मिनट बोलने के उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया था।... वह कठघरे में जमीन पर गिर गए... और उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकीय रिपोर्ट में पता चला... कि उनकी नब्ज नहीं चल रही थी और वह सांस नहीं ले रहे थे।' मुर्सी को 2012 में देश का राष्ट्रपति चुना गया था। यह चुनाव मिस्र के लंबे समय तक राष्ट्रपति रहे हुस्नी मुबारक को पद से हटाने के बाद हुए थे।

मुर्सी का ताल्लुक देश के सबसे बड़े इस्लामी समूह मुस्लिम ब्रदरहुड से था जिसे अब गैर कानूनी घोषित कर दिया गया है। फौज ने बड़े स्तर पर हुए विरोध-प्रदर्शनों के बाद 2013 में मुर्सी का तख्तापलट कर दिया था और ब्रदरहुड को कुचल दिया था। सेना ने मुर्सी समेत समूह के कई नेताओं को गिरफ्तार कर लिया था।

पाकिस्तानी पत्रकार ने मंत्री पर लगाया थप्पड़ मारने का आरोप

इस्लामाबाद, 18 जून (भाषा)।

पाकिस्तान के प्रतिष्ठित टीवी पत्रकार ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री फवाद चौधरी के खिलाफ कथित रूप से तमाचा मारने की शिकायत दर्ज कराई है। बताया गया कि मंत्री ने एक शादी समारोह में 'भारतीय जासूस' कहने पर पत्रकार को कथित रूप से चांटा जड़ दिया था।

निजी 'बोल न्यूज़' टीवी के एंकर समी इब्राहीम ने आरोप लगाया है कि पिछले हफ्ते फैसलाबाद में एक शादी कार्यक्रम में चौधरी ने उन्हें थप्पड़ मारा, अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया और गंभीर नतीजे भुगतने की धमकी दी। इस बाबत उन्होंने सोमवार को चौधरी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। चौधरी ने कहा कि इब्राहीम ने उन्हें 'भारतीय जासूस' कह कर उनके साथ बदसलूकी की।

वह प्रधानमंत्री इमरान खान की कैबिनेट में पहले सूचना मंत्री का ओहदा संभाल चुके हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से मंगलवार को जारी बयान के मुताबिक इमरान खान ने पत्रकार से बात की है और उन्हें आश्वस्त किया कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी किसी भी शख्स के आत्म सम्मान को आहत करने वाले अपने सदस्यों के कृत्यों का समर्थन नहीं करती है।

प्रधानमंत्री ने बयान में कहा कि सरकार और मीडिया लोकतांत्रिक प्रक्रिया के दो हिस्से हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि विचारों में मतभेद निजी टकराव में तब्दील नहीं होने चाहिए।

भारतीय-अमेरिकी आइटी पेशेवर ने आत्महत्या की थी

परिवार के तीन सदस्यों को गोली मारी गई : पुलिस

वाशिंगटन, 18 जून (भाषा)।

अमेरिका के आयोवा प्रांत में 44 वर्षीय भारतीय अमेरिकी आइटी पेशेवर ने अपने घर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली जबकि उसकी पत्नी और दो नाबालिग बेटों को भी घर के अंदर गोली मारी गई।

एक ही परिवार के ये चार लोग रहस्यमयी परिस्थितियों में अपने घर में मृत पाए गए थे। इस घटना ने पूरे समुदाय को स्तब्ध कर दिया। उनके शरीर पर गोली लगने के निशान थे।

मामले की जांच कर रहे वेस्ट डेस मोइन्स पुलिस विभाग रविवार को फॉरेंसिक पोस्टमार्टम करने के बाद इस नतीजे पर पहुंचा।

चंद्रशेखर सुंकारा, लावण्या सुंकारा (41) और उनका 14 साल का बेटा प्रभास तथा 11 साल का बेटा सुहास शनिवार सुबह अपने घर में मृत पाए गए थे। द डेस मोइन्स रजिस्टर की खबर के मुताबिक, पुलिस ने कहा कि चंद्रशेखर ने अपने घर में आत्महत्या कर ली। उसकी पत्नी लावण्या और बेटों को गोली मारी गई।

हालांकि, पुलिस ने हत्यारे की पहचान से इनकार कर दिया लेकिन उन्होंने कहा कि मौत के संबंध में जनता को कोई खतरा नहीं है।

पुलिस ने एक बयान में कहा, 'लावण्या सुंकारा और दो लड़कों की जिस तरीके से मौत हुई, वह हत्या है। चंद्रशेखर सुंकारा की मौत का तरीका आत्महत्या है।' उन्होंने कहा, 'राज्य चिकित्सा जांच अधिकारी ने परिवार के सभी चारों सदस्यों की मौत का कारण गोली मारा जाना बताया है।' डलास काउंटी के शेरिफ चाड लियोनार्ड ने सोमवार को कहा कि चंद्रशेखर को अप्रैल में हथियार रखने की अनुमति दी गई थी।

उन्होंने कहा कि पुलिस ने उन्हें बताया कि सुंकारा ने परमिट मिलने के बाद कम से कम एक हथियार खरीदा लेकिन जांचकर्ता अभी पता लगा रहे हैं क्या खरीदा गया और कहां से।

चंद्रा के नाम से पहचाने जाने वाला चंद्रशेखर आंध्र प्रदेश का रहने वाला था। आयोवा जन सुरक्षा विभाग (डीपीएस) ने बताया कि वह विभाग के प्रौद्योगिकी सेवा ब्यूरो में आइटी पेशेवर था।

पाकिस्तानी सिख नेता ने की श्रद्धालुओं को दोहरा प्रवेश वीजा देने की तारीफ

इस्लामाबाद, 18 जुलाई (भाषा)।

पाकिस्तान के एक सिख नेता ने गुरुनानक देव की 550 वीं जयंती के अवसर पर करतारपुर में ऐतिहासिक गुरुद्वारे की यात्रा के लिए समुदाय के 10,000 श्रद्धालुओं को दोहरे प्रवेश वीजा सुविधा की अनुमति देने के फैसले की सराहना की है।

पिछले हफ्ते पाकिस्तान सरकार ने बहुप्रतीक्षित कॉरिडोर के विकास के लिए 2019-20 के संघीय बजट में 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। पंजाब के प्रांतीय संसदीय सचिव सरदार महेंद्र पाल सिंह ने कहा कि गुरुनानक देव की जयंती छह नवंबर को मनाई जाएगी। करतारपुर कॉरिडोर पाकिस्तान के करतारपुर को भारत के गुरदासपुर जिले में डेरा बाबा नानक गुरुद्वारे के साथ जोड़ेगा और इससे भारत के सिख श्रद्धालुओं को बिना वीजा के वहां जाने में मदद मिलेगी।

फेसबुक ने पेश की वैश्विक आभासी मुद्रा

सैन फ्रांसिस्को, 18 जून (एएफपी)।

सोशल नेटवर्क साइट चलाने वाली कंपनी फेसबुक ने मंगलवार को घोषणा की कि वह अपनी खुद की आभासी मुद्रा (क्रिप्टोकरेंसी) शुरू करने जा रही है जिसे 'लिबरा' के नाम से जाना जाएगा। इस कदम का मकसद मौजूदा उपलब्ध स्मार्ट साधनों के जरिये कम लागत वाली वैश्विक भुगतान प्रणाली तैयार करना है।

> इस नई आभासी मुद्रा को उसके मूल्य के मुताबिक वास्तविक संपत्ति का समर्थन प्राप्त होगा और यह नियमन के दायरे में होगी।

'लिबरा' को 'एक नई वैश्विक मुद्रा' करार दिया जा रहा है। इसके अगले साल तक अमल में आने की उम्मीद है। इसे गैर-लाभकारी और वित्तीय सेवाओं और ऑनलाइन वाणिज्य से जुड़ी संस्थाओं समेत 25 से ज्यादा साझेदारों का समर्थन हासिल है।

इस नई आभासी मुद्रा को उसके मूल्य के मुताबिक वास्तविक संपत्ति का समर्थन प्राप्त होगा और यह नियमन के दायरे में होगी। मंगलवार को की गई घोषणा के मुताबिक यह फेसबुक की खुद की डिजिटल वॉलेट कालिबरा और अन्य सेवाओं के जरिए उपलब्ध होगी।

नाके खत्म कर बड़े बेस में लौट रही है अफगानी सेना

मैदान शार (अफगानिस्तान), 18 जून (एएफपी)।

बरसों तक चेक नाकों पर तालिबान हमलों में हजारों सैनिकों को खोने के बाद अफगानिस्तान की सेना अंततः अमेरिका के दबाव में अब अपने चेक नाकों को बंद कर सेना को बड़े-बड़े बेस में भेज रही है।

अफगानिस्तान के सुदूर इलाकों में बने सेना के नाकों पर अक्सर तालिबान हमले होते हैं जिनमें बड़ी संख्या में सैनिक मारे जाते हैं। सिर्फ इतना ही नहीं इन नाकों पर सैनिकों के रहने की व्यवस्था भी बहुत खराब है। सोने के लिए कंटेनरों में जगह बनाई गई है और कई बार तो उन्हें बिना भोजन-पानी के भी रहना पड़ता है।

अमेरिका इन हमलों, रहने की व्यवस्था और इन नाकों पर तैनात सैनिकों को महीनों तक वेतन नहीं मिलने जैसे हालातों का हवाला देकर लंबे समय से इन्हें बंद करने का अनुरोध कर रहा था।

काबुल के पास पाक्तिया प्रांत के अमेरिकी बेस में अफगान सेना के जनरल ददन लवांग ने कहा, 'चेक नाके असफल रणनीति हैं।'

फार्म नं. आईएनसी-25ए
क्षेत्रीय निदेशक, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्र के समक्ष
कम्पनी अधिनियम, 2013, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 और कम्पनी (निगम) नियम, 2014 के नियम 41 के मामले में
और
महालक्ष्मी डूअन कम्पनी लिमिटेड
CIN : U74899DL1988PLC092803
निबंधित पंजीकृत कार्यालय : 607, टावर 27, कारकरडूमा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली – 110001
ईमेल: mahalaxmiwoos@rediffmail.com
में है, के मामले में
.....याचिकाकर्ता / आवेदक
सूचना
आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी 21 मई, 2019 को आयोजित अपनी असाधारण आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के संदर्भ में कम्पनी को प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में बदलने के लिए सक्षम बनाने हेतु ऐसे बदलाव को प्रभावी करने के लिए एसोसिएशन आर्टिकल नियमों के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 के अन्तर्गत केन्द्र सरकार को आवेदन करने की इच्छुक है।
कोई भी व्यक्ति जिसका कम्पनी के प्रस्तावित परिवर्तन/स्थिति से कोई भी हित प्रभावित होने की सम्भावना हो, तो वह अपने हित के प्रभाव से सम्बन्धित आधार एवं आपत्ति की पृष्ठभूमि को दर्शाते हुए एक शपथपत्र के साथ अपनी आपत्ति पंजीकृत डाक से जमा कर सकता है या पंजीकृत डाक द्वारा सम्बन्धित क्षेत्रीय निदेशक, बी-2 विंग, दूसरा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली-110003 के पास इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर भेज सकता है और इसकी एक प्रति आवेदक कम्पनी के नीचे वर्णित पंजीकृत कार्यालय में भी भेजी जानी चाहिए :–
607, टावर 27, कारकरडूमा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली – 110001
कृते आवेदक की ओर से
महालक्ष्मी डूअन कम्पनी लिमिटेड
इस्ता/–
सुनील अग्रवाल
निदेशक
दिनांक : 19.06.2019
स्थान : नई दिल्ली
डीआईएन : 00386862

फार्म नं. आईएनसी-25ए
क्षेत्रीय निदेशक, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्र के समक्ष
कम्पनी अधिनियम, 2013, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 और कम्पनी (निगम) नियम, 2014 के नियम 41 के मामले में
और
मैसर्स **कोरोनेशन मेडिकेयर लिमिटेड**
निबंधित पंजीकृत कार्यालय 402 नई दिल्ली हाऊस 27 बाराखम्भा रोड नई दिल्ली–110001
(CIN: U74899DL1988PLC026897) में है,
.....**याचिकाकर्ता / आवेदक**
सूचना
आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी 21 मई, 2019 को आयोजित अपनी असाधारण आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के संदर्भ में कम्पनी को प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में बदलने के लिए सक्षम बनाने हेतु ऐसे बदलाव को प्रभावी करने के लिए एसोसिएशन आर्टिकल नियमों के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 के अन्तर्गत केन्द्र सरकार को आवेदन करने की इच्छुक है।
कोई भी व्यक्ति जिसका कम्पनी के प्रस्तावित परिवर्तन/स्थिति से कोई भी हित प्रभावित होने की सम्भावना हो, तो वह अपने हित के प्रभाव से सम्बन्धित आधार एवं आपत्ति की पृष्ठभूमि को दर्शाते हुए एक शपथपत्र के साथ अपनी आपत्ति पंजीकृत डाक से जमा कर सकता है या पंजीकृत डाक द्वारा सम्बन्धित क्षेत्रीय निदेशक, बी-2 विंग, दूसरा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली-110003 के पास इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर भेज सकता है और इसकी एक प्रति आवेदक कम्पनी के नीचे वर्णित पंजीकृत कार्यालय में भी भेजी जानी चाहिए :–
402 नई दिल्ली हाऊस 27 बाराखम्भा रोड नई दिल्ली–110001
कृते आवेदक की ओर से
कोरोनेशन मेडिकेयर लिमिटेड
इस्ता/–
निरंजन कुमार राठी
निदेशक
दिनांक : 19.06.2019
स्थान : दिल्ली
डीआईएन : 00480439

प्रपत्र सं. आईएनसी–26
कम्पनी (निगम) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में
प्रादेशिक निदेशक उत्तरी क्षेत्र के समक्ष
कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (5) की खंड (a) के मामले में
और
इंडियन फाइनेंशियल कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड
CIN : U74899DL1982PTC013244
कम्पनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत गठित एक कम्पनी जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय : सी–जी / 36, वी. जनकपुरी, नई दिल्ली – 110058 में स्थित है
.....आवेदक
आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि यह कम्पनी केन्द्रीय सरकार के समक्ष कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) के अधीन आवेदन फाइल करने का प्रस्ताव करती है जिसमें कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से महाराष्ट्र राज्य में स्थानांतरित करने के लिए तारीख 17 मई 2019 को आयोजित असाधारण अधिवेशन में पारित विशेष संकल्प के संदर्भ में प्रपत्री के नियम 30 के अनुसार संशोधन की पुष्टि की मांग की गई है।
कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो निदेशक शिकायत प्रपत्र फाइल कर शिकायत दर्ज कर सकता है या एक शपथ पत्र जिसमें उसके हित का प्रकार और उसके हितों का कारण उल्लिखित हो के साथ अपनी आपत्ति प्रादेशिक निदेशक को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर बी–2 विंग, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली–110003 पते पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है या सुपुर्द कर सकते हैं और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उसके उपरोक्त रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के पते पर भी भेजेगा।
बनते लिमिटेड फाइनेंशियल कन्सल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड
इस्ता/–
मनोज प्रतिपाल देवदत्त
(निदेशक) (डीआईएन : 03342886)
रजिस्ट्रीकृत कार्यालय : सी–जी/36, वी. जनकपुरी, नई दिल्ली – 110058
तिथि : 17.06.2019
स्थान : नई दिल्ली

"फॉर्म नं. आईएनसी–26"
[कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसार]
कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को एक राज्य से दूसरे राज्य में स्थानान्तरित करने के लिए शपथपत्र के प्रकाशित करने वाला नोटिस
केंद्रीय सरकार/क्षेत्रीय निदेशक के समक्ष
उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली
कंपनी अधिनियम, 2013, की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के खंड (a) के मामले में
तथा
गोल्डेक्वेस्ट टेली सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड निबंधित पंजीकृत कार्यालय बी–2/40, जी/एफ जनकपुरी वेस्ट दिल्ली–110058 है के मामले में
आवेदक
साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि कंपनी अपने पंजीकृत कार्यालय को **"दिल्ली राज्य"** से **"उत्तर प्रदेश राज्य"** में स्थानान्तरित करने के उद्देश्य लाने हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अनुसार **18 मई 2019** को आयोजित कंपनी की असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार, क्षेत्रीय सरकार से समक्ष कंपनी की संस्था और नियमावली में परिवर्तन करने की याचिका प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है।
यदि किसी व्यक्ति का हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की सम्भावना है तो वह निदेशक शिकायत फॉर्म फाइल कर एनसीए 21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है या शपथ पत्र द्वारा उल्लिखित उसके हित की प्रकृति एवं विरोध का कारण बताते हुए, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के अन्दर क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, बी–2 विंग 2 फ्लोर, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली–110003 को पंजीकृत डाक द्वारा सूचित करें, और एक प्रतिलिपि आवेदक कंपनी के निम्नलिखित पंजीकृत कार्यालय पर भेजी जानी चाहिए:
"बी–2/40, जी/एफ जनकपुरी वेस्ट दिल्ली–110058"
कृते और उनकी ओर से
गोल्डेक्वेस्ट टेली सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
इस्ता/–
नीतिन गुप्ता
निदेशक
स्थान: दिल्ली
तिथि: 18.06.2019

भूल सुधार
साधारण सूचना
सीमित भागीदारी अधिनियम, 2008, सीमित भागीदारी अधिनियम, 2008 की धारा 13 (3) तथा सीमित दायित्व भागीदारी नियमावली, 2009 के नियम 17 के मामले में
तथा
मार्स विल्कॉम एलएलपी (एलएलपीआईएन : एएबी–0920) जिसका पंजीकृत कार्यालय बी–5/47, तीसरा तल, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली–110029 में है, के मामले में
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि यह एलएलपी **"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली"** से **"असम राज्य"** में पंजीकृत कार्यालय को परिवर्तित करने के लिए एलएलपी को सक्षम करने के लिए 19 अप्रैल, 2019 को आयोजित बैठक में भागीदारों के मध्य पारित पार्टनरों के प्रस्ताव के अनुसार एलएलपी अनुबंध के परिवर्तन की पुष्टी के लिए कंपनी रजिस्ट्रार के पास आवेदन करने का प्रस्ताव करती है।
इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो तो वे अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथपत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति उपरोक्त पते पर आवेदक के पास या संबंधित रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली एवं हरियाणा, धौला कुआं, आईएफसीआई टावर, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019 पर जमा करें या कराएं या पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें।
स्थान : नई दिल्ली
कृते एवं ओर से
दिनांक : 20.04.2019
मार्स विल्कॉम एलएलपी
इस्ता/– (पदनामित पार्टनर)

सूचना
क्षेत्रीय निर्देशक उत्तरी क्षेत्र नई दिल्ली के समक्ष कम्पनी आवेदन संख्या 2019 का कम्पनी अधिनियम 2013 धारा 13 के मामले में तथा मैसर्स प्रेम फाइनेंस कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय **6307, बसंत कुंज, सैक्टर–ब, पॉकेट IX नई दिल्ली–110067** तथा मैसर्स प्रेम फाइनेंस कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड के मामले में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली) से (उत्तर प्रदेश) में उसके पंजीकृत कार्यालय को अवस्थिती के परिवर्तन करने के लिए आवेदक कम्पनी को सक्षम बनाने के लिए 04 जून 2019 को आयोजित उसकी असाधारण आम सभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार आवेदक कम्पनी के मेमोरेण्डम ऑफ एसोसिएशन के क्लॉज में परिवर्तन की पुष्टि के लिए आवेदक कम्पनी द्वारा कम्पनी के अधिनियम 2013 की धारा 13 के अंतर्गत क्षेत्रीय निर्देशक उत्तरी क्षेत्र नई दिल्ली के पास आवेदन दाखिल किया जाएगा। मेमोरेण्डम ऑफ एसोसिएशन इस प्रस्तावित परिवर्तन में यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों के विषय में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के भीतर आवेदक कम्पनी को उसकी एक प्रति के साथ अधिकारी क्षेत्रीय निर्देशक उत्तरी क्षेत्र बी–2 विंग, 2 फ्लोर, पर्यावरण भवन, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स नई दिल्ली–110003 को सूचित करें।
मैसर्स प्रेम फाइनेंस कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड
भरत बंसल, डायरैक्टर

kotak KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
पंजीकृत कार्यालयः 27 बीकेसी, सी 27, जी-ब्लॉक, बान्द्रा कुर्ला कॉम्पलैक्स, बान्द्रा (ई), मुम्बई, महाराष्ट्र, पिन कोड-400051
शाखा कार्यालयः 7 वां तल, प्लॉट नं. 7, सेक्टर-125, नोएडा उत्तर प्रदेश-201313
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिये बिक्री सूचना
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसम्पत्तियों की बिक्री के लिये ई-नीलामी बिक्री सूचना बजाज फाइनांस लिमिटेड (यहां के बाद ''बीएफएल'' वर्णित ने एसाइन्मेन्ट डीड तिथि 19.12.2018 के माध्यम से ऋण को कोटक महिन्द्रा बैंक लि. के पक्ष में सौंप दिया है तथा एतद्द्वारा आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणधारक (कों) तथा गारन्टर (रों) जिनके विवरण यहां नीचे तालिका मे दिये गये हैं, को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित प्रतिभूत क्रेडीटर के पास गिरवी/चार्ज्ड अचल सम्पत्ति जिसका 18.01.2017 को बीएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा रचनात्मक कब्जा किया गया है की, बैंक के बकाये की वसूली के लिये ''जैसा है जहां है'', ''जैसा है जो भी है'' तथा ''जो कुछ भी वहां है'' आधार पर बिक्री की जायेगी। उक्त सम्पत्ति ऋण खाता एसाइन्मेन्ट के समय से ही बैंक के कब्जे में है।
ज्ञात अधिभार, यदि कोई हो के साथ अचल सम्पत्ति का विवरण
नोएडा प्राधिकरण द्वारा विधिवत आवंटित उस पर स्थित निर्मित स्ट्रक्चर जिसका कुल कवर्ड एरिया 389.26 वर्ग मी. है, के साथ आवासीय लीज होल्ड प्लॉट नं. 81 जो ब्लॉक-सी, सेक्टर-23, नोएडा जिला गौतम बुद्ध नगर (उ.प्र. में स्थित है, जिसका प्लॉट एरिया माप 300 वर्ग मी. है का सभी भाग तथा हिस्सा।

ऋणधारकों एवं गारन्टरों का नाम एवं पता	1. ई-नीलामी की तिथि एवं समय 2. ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 3. सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय	1. आरक्षित मूल्य 2. सम्पत्ति का ईएमडी 3. बोली वृद्धि
श्री अजय मैनी, पुत्र स्व. पी.एल. मैनी एवं श्री रक्षक मैनी, पुत्र श्री अजय मैनी, दोनों मकान सं. सी-3, 3रा तल, डिफेन्स कॉलोनी, नई दिल्ली-110024 मै. मैनी स्कैफोल्ड सिस्टम, द्वारा उसके पार्टनर्स एवं मै. मैनी कन्स्ट्रक्शन इक्विपमेन्ट्स प्रा. लि., द्वारा उसके निदेशकों, दोनोंः बी-1, ए-21, (भू तल), मोहन को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रियल इस्टेट, नई दिल्ली-110044, ऋण खाता सं.: 4010 HL14339547 कुल बकायाः सम्पूर्ण भुगतान तक सभी लागतों, चार्जेज, खर्चे के साथ 15.6.2019 से 10.40% प्रतिवर्ष की दर से आगे के ब्याज के साथ 14.6.2019 को रु. 4,76,39,586/-(रुपये चार करोड़ छियहत्तर लाख उन्तालिस हजार पांच सौ छियासी मात्र)	1) ई-नीलामी तिथिः 23 जुलाई, 2019 को 11 बजे पूर्वा. से 12 बजे अप. 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ 2) केवाईसी के साथ ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 26 जुलाई, 2019 के 5.00 बजे अप. (आईएसटी) तक 3) निरीक्षण की तिथिः 15 जुलाई, 2019 को 11.00 बजे पूर्वा. से 4.00 बजे अप. (आईएसटी)तक	आरक्षित मूल्यः रु.3,20,00,000/- (रुपये तीन करोड़ बीस लाख मात्र धरोहर राशि भुगतान रु. 32,00,000/- (रुपये बत्तीस लाख मात्र) बोली वृद्धिः रु. 1,00,000/- (रुपये एक लाख मात्र) एवं उसके गुणक में।

धरोहर राशि का भुगतान ''कोटक महिन्द्रा लिमिटेड'' बैंक के पक्ष में देय दिल्ली में भुगतान योग्य डीडी द्वारा अथवा कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड खाता नं. 06410157020021 तथा आईएफएससी कोडः KKBK0000958, शाखा नरीमन प्वाइन्ट, मुम्बई, शाखा कोड 0641 में एनईएफटी/ आरटीजीएस द्वारा किया जायेगा।
बिक्री के अधीन परिसम्पत्तियों से संबंधित किसी स्पष्टीकरण/ अपेक्षा के लिए नीचे बोलीदाता श्री लोकेश मित्तल (+91 8377809456 एवं श्री निखिल जैन (मोबाईल नं. +91 08929204314 से सम्पर्क कर सकते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये कृपया कोटक महिन्द्रा बैंक लि. की वेबसाईट अर्थात www.kotak.com में दी गई लिंक https://www.kotakbank.com/en/ bank-auctions.html एवं/अथवा https://kotak.bank.auctiontiger.net देखें।
स्थानः नई दिल्ली, तिथिः 17.06.2019
प्राधिकृत अधिकारी कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड

ALLSEC TECHNOLOGIES LIMITED
CIN: L72300TN1998PLC041003
Registered Office: 7-H, Century Plaza, 560-562, Anna Salai, Teynampet Chennai, Tamil Nadu, 600 018
Tel: +91 44 4299 7070; **Fax:** +91 44 2244 7077
Website: www.allsectech.com; **Email:** investorcontact@allsectech.com

Recommendations of the Committee of Independent Directors (IDC) on the Open Offer to the Shareholders of the Target Company under Regulation 26(7) of the SEBI (Substantial Acquisition of Shares and Takeovers Regulations), 2011

1.	**Date**	18 June 2019
2.	**Name of the Target Company (TC)**	Allsec Technologies Limited
3.	**Details of the Offer pertaining to TC**	Acquirer and PAC (defined below) are making an open offer to the Equity Shareholders of the TC to acquire up to 39,61,965 fully paid-up equity shares of face value of ₹ 10 each (**"Offer Shares"**) at a price of ₹ 320 per Equity Share (**"Offer Price"**), representing 26.00% of the total voting equity share capital of the TC on a fully diluted basis expected as of the 10th (Tenth) Working Day from the closure of the tendering period of the Open Offer of the TC in accordance with the Securities and Exchange Board of India (Substantial Acquisition of Shares and Takeovers) Regulations, 2011 and subsequent amendments thereto (**"Takeover Regulations"**) from the Public Shareholders (**"Offer Size"**).
4.	**Name(s) of the Acquirer and PAC with the Acquirer**	(i) Conneqt Business Solutions Limited (**"Acquirer"**) (ii)

बिहार में लू लगने से मरने वालों की संख्या 83 हुई

पटना, 18 जून (भाषा)।

बिहार में गर्मी के इस मौसम में लू लगने से मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 83 हो गयी है।

आपदा प्रबंधन विभाग के नियंत्रण कक्ष से मंगलवार को प्राप्त जानकारी के मुताबिक, प्रदेश में लू लगने से अब तक 83 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें औरंगाबाद जिले में 34, गया में 35 और नवादा में 14 लोगों की मौत हुई है। आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से मृतकों के परिजनों को अनुग्रह अनुदान राशि मुहैया कराए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश में भीषण गर्मी और लू के कारण हुई मौत के मामलों की सोमवार समीक्षा की थी और आवश्यक निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री द्वारा की गई समीक्षा के बाद मुख्य सचिव दीपक कुमार ने बताया था कि मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक अगले तीन दिनों तक मौसम की यही स्थिति बने रहने की संभावना के मद्देनजर सरकार ने 22 जून तक पूरे राज्य में सारे स्कूल, कोचिंग संस्थान और कॉलेज को बंद रखने का निर्णय किया है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में जारी निर्माण कार्य सुबह दस बजे से पहले और शाम में कराए जाने का निर्णय लिया गया। पटना में शनिवार को अधिकतम तापमान 2009 के बाद के पिछले 10 वर्षों के रेकॉर्ड को पार कर गया था। पटना शहर में सोमवार को न्यूनतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के वैज्ञानिक आनंद शंकर ने पश्चिम दिशा से आने वाली हवा से 21–22 जून को अच्छी बारिश की संभावना जताते हुए बताया कि कल बिहार के उत्तरी भाग में मध्यम वर्षा और दक्षिण–पश्चिम क्षेत्र में हुई हल्की बारिश के मद्देनजर उत्तर बिहार में लू में कमी और दक्षिण–पश्चिम क्षेत्र और दक्षिण–मध्य क्षेत्र के कुछ जिलों में मंगलवार और बुधवार लू की स्थिति की संभावना बनी रहेगी तथा अगले पांच दिनों में बारिश की संभावना बनी हुई है।

खेत में मगरमच्छ देख किसान परेशान

वडोदरा, 18 जून (भाषा)।

गुजरात के वडोदरा जिले में एक किसान के खेत में एक बड़ा मगरमच्छ घुस आया जिसे बाद में वन्यजीव बचाव दल और वन अधिकारियों की मदद से पास में बहने वाली नदी में छोड़ दिया गया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जिले के इटोला गांव में सोमवर को आधी रात कुत्तों के भौंकने से किसान संजय पटेल की आंख खुल गई। उन्होंने पपीते के पेड़ों के पास 4.6 फुट लंबे मगरमच्छ को देखा। उन्होंने फौरन वन्य जीव बचाव टीम से संपर्क किया। बचाव दल फौरन वहां पहुंचा और आधे घंटे की मशक्कत के भीतर उसे पकड़ लिया। इस दल के एक सदस्य ने बताया कि खेत की बगल से होकर बहने वाली ढाढर नदी में बड़ी संख्या में मगरमच्छ रहते हैं और वह शायद वहां से इस खेत पर पहुंच गया होगा। बाद में इस मगरमच्छ को वन विभाग को सौंप दिया गया।

कमजोर पड़ा 'वायु' कच्छ तट से गुजरा

अमदाबाद, 18 जून (भाषा)।

चक्रवात 'वायु' मंगलवार सुबह कमजोर पड़ गया और यह गुजरात के कच्छ जिले को पार कर गया। इस कारण राज्य के कुछ इलाकों में बारिश हुई।

मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इसके असर के चलते कच्छ, सौराष्ट्र और उत्तरी गुजरात क्षेत्र में बुधवार तक बारिश जारी रह सकती है। विभाग के अमदाबाद केंद्र की वैज्ञानिक मनोरमा मोहंती ने बताया कि सुबह के समय जब चक्रवात वायु कच्छ से गुजरा, तो वह कम दबाव के क्षेत्र में तब्दील हो गया। इस वजह से इलाके में बारिश हो सकती है।

उन्होंने कहा कि बंदरगाहों को दी गई चेतावनी का स्तर कम कर दिया गया है लेकिन मछुआरों को सलाह दी गई है कि वे बुधवार सुबह तक समुद्र में न जाएं। कम दबाव का क्षेत्र और कमजोर हो रहा है। मौसम विभाग ने एक विज्ञप्ति में कहा कि कम दबाव प्रणाली से पूर्वोत्तर अरब सागर और आसपास के सौराष्ट्र और कच्छ क्षेत्रों में 30–40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक मंगलवार शाम तक तेज हवाएं चलेंगी।

इसमें कहा गया है कि पूर्वोत्तर अरब सागर और इसके साथ गुजरात अपतटीय क्षेत्र में भी मौसम खराब रहेगा। राज्य के आपात प्रतिक्रिया केंद्र की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि सौराष्ट्र, कच्छ और उत्तर गुजरात क्षेत्रों के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटों में बारिश हुई।

पिछले 24 घंटों में, गिर–सोमनाथ जिले में तलाला और वेरावल तालुकों में क्रमशः 33 मिलीमीटर और 25 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि आणंद जिले में बोरसाद तालुक में 29 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके अलावा दाहोद, गांधीनगर, राजकोट, जामनगर, और साबरकांठा जिलों के कुछ हिस्सों में भी बारिश हुई। मौसम विभाग ने कहा कि अमदाबाद में गुरुवार तक हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है।

ओड़ीशा में राज्यसभा की तीन सीटों के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू

भुवनेश्वर, 18 जून (भाषा)।

निर्वाचन आयोग ने ओड़ीशा में राज्यसभा की तीन सीटों के उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी है।

राज्यसभा चुनावों के लिए रिटर्निंग अधिकारी बीपी मिश्रा ने बताया कि अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और यह 25 जून तक जारी रहेगी। मिश्रा ने बताया कि राज्यसभा की तीनों सीटों के लिए नामांकन पत्र यहां राज्य विधानसभा में अलग–अलग दाखिल किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 26 जून को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और नाम वापसी की तिथि 28 जून होगी। जरूरत होने पर पांच जुलाई को उपचुनाव कराए जाएंगे।अधिसूचना में कहा गया कि चुनाव होने की स्थिति में पांच जुलाई को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। पांच जुलाई को शाम पांच बजे मतों की गिनती होगी। राज्यसभा उपचुनाव की प्रक्रिया नौ जुलाई के पहले पूरी हो जाएगी।अच्युत सामंत, सौम्य रंजन पटनायक और पीके देब द्वारा सीटें खाली किए जाने के कारण ओड़ीशा में राज्यसभा के उपचुनाव होंगे। सामंत और पटनायक का कार्यकाल तीन अप्रैल 2024 तक था जबकि देब का कार्यकाल एक जुलाई 2022 तक था।

रैगिंग विरोधी कानून को सशक्त बनाया जाएगा : पाटील

मुंबई, 18 जून (भाषा)।

महाराष्ट्र सरकार शैक्षिक संस्थानों में छात्रों के उत्पीड़न को रोकने के मकसद से रैगिंग विरोधी कानून को सशक्त बनाएगी। राज्य के गृह मंत्री रंजीत पाटील ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पाटील ने राज्य विधानसभा में कहा कि पहले से ही कानून होने के बावजूद जूनियर डॉक्टर पायल तड़वी की कथित आत्महत्या जैसी घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हम रैगिंग विरोधी अधिनियम को सशक्त बनाने का प्रयास करेंगे।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

ई - निविदा आमंत्रण सूचना (आइडी: 2019_AAI_26703_1)

अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की ओर से सं. महा. प्र. (अभियांत्रिकी - सिविल), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, कार्यालय, कार्यपालक निदेशक (अभियांत्रिकी) - दक्षिणी क्षेत्र, निर्माण मुख्यालय, ए–ब्लॉक तीसरा तल, राजीव गांधी भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली–110003 द्वारा, सीपीपी पोर्टल के माध्यम से ₹16,22,43,336/- (जीएसटी का अनन्य) की अनुमानित लागत के लिए "चेन्नई हवाई अड्डे का आधुनिकीकरण, चरण–II उपशीर्ष: निरंतर उन्नत मल्टी स्टेज सिस्टम (CAMUS) SOIL जैव प्रौद्योगिकी के एसटीपी प्रणाली पर आधारित क्षमता 2.25 & 1.2 MLD का डिजाइन, निर्माण आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग" के लिए मात्र ठेकेदारों से आइटम दर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के एसआईटीसी के लिए 07 महीने और ऑपरेशन और एआईसीएमसी के लिए 84 महीने पूरे होने की अवधि। निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि और समय 10.07.2019 को 1800 बजे तक है। विस्तृत जानकारी के लिए, सीपीपी पोर्टल सदर्भ https://etenders.gov.in/eprocure/app या www.aai.aero पर लॉग ऑन करें। इस संबंध में आगे कोई भी स्पष्टीकरण / शुद्धिपत्र, केवल सीपीपी पोर्टल पर अधिसूचित किया जाएगा। एन-11/2019-20

SICOM LIMITED पताः सॉलिटैयर कार्पोरेट पार्क, बिल्डिंग नं. 4, छठा तल, गुरू हरगोविन्दजी रोड, चकला, अंधेरी (ई)–400093

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिये) परिशिष्ट iv (नियम 8 (1)

वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (अधिनियम), 2002

जैसा कि, वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन (अधिनियम), 2002 (2002 के 54) के अंतर्गत एसआईसीओएम लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि 14 मार्च 2016 जारी कर ऋणधारक श्री कम्पनी, नाम मै. बोधिसत्व इस्टेट्स प्राईवेट लिमिटेड तथा मार्टगैजर कम्पनी नाम यूनिटेक सर्विसेस अपार्टमेन्ट्स लिमिटेड को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि रु. 41,67,36,914(रुपए इकतालिस करोड़ सड़सठ लाख छत्तीस हजार नौ सौ चौदह मात्र) मार्च, 2016 से ऋणधारक कम्पनी को स्वीकृत दर पर दी गई उस पर आगे का ब्याज वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक कम्पनी तथा मार्टगैजर कम्पनी इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक, कम्पनी, मार्टगैजर कम्पनी तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि मामला सं. 77/एसए/डीएम में जिला मजिस्ट्रेट, गुरुग्राम द्वारा पारित आदेश तिथि 5 मार्च, 2019 के अंतर्गत तथा उक्त नियमावली के नियम 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने 13 जून, 2019 को यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का भौतिक कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से ऋणधारक कम्पनी तथा मार्टगैजर कम्पनी तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय रु. 41,67,36.914 (रुपए इकतालिस करोड़ सड़सठ लाख छत्तीस हजार नौ सौ चौदह मात्र) तथा उस पर आगे के ब्याज के लिये एसआईसीओएम लिमिटेड के चार्ज के अधीन होगा।

अचल सम्पत्ति का विवरण

अधोलिखित सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा

क्रम सं.	रेक्ट नं.	किला नं.	क्षेत्रफल (के–एम)	शेयर	पंजीकृत एरिया (के)	(एम)	रजिस्ट्री नं.
1	57	17/2 18/2	7-18 7-19	-	-	-	11211
2	87	1/1 2/1 9 10/2	16-17 7-12 3-17 7-14 7-13	1/6	3	19	5169
3	88	6 7 15 16 17	25-15 8-0 8-0 8-0 4-0 0-15	2/6	10	6	21658
4	87	1/1 10/1	25-15 0-8 0-8	Full	20	15	5161
5	84	2 8/5 8 9	0-16 8-0 0-18 8-0 8-0	1/4	0	4	9662
	50	7/2 6/3/2 6/3 6/7 7/1 6/4	1-18 0-19 0-13 0-13 1-12 1-2				
	50	14/7/1	31-7 0-13	34/72 34/216 238/1296	14 0 0	16.08 2.09 7.35	
	50	26	2-0				
	50	8 6/1/2 6/2 6/3/1 12 1 10 11	8-0 1-15 0-13 0-4 8-0 8-0 8-0 6-0				
	49	21	7-7				
	50	15	8-0 46-19				
	50	14/2Min 13	0-14 8-0				
	50	14/2Min 2	64-13 1-10 8-0	34/432 1/108	5 0	1.76 0.28	11419
		8/5 8 9	0-13 8-0 8-0				
	50	7/2 6/3/2 6/8 6/7 7/1 6/4	1-18 0-18 0-13 0-13 1-12 1-2				
			31-7	6/90	2	1.8	
	50	14/7/1	0-13	1/45	0	0.29	
	50	26	2-0	42/1620	0	1.04	
	50	8 6/1/2 6/2 6/3/1 12 1 10 11	8-0 1-15 0-13 0-4 8-0 8-0 8-0 6-0				
	49	21	7-7				
	50	15	8-0 46-19				
	50	14/2Min 13	0-14 8-0				
	50	14/2Min 2	64-13 1-10 8-0	1/90 1/90	0 0	14.36 0.33	11418
		8/5 8 9	0-13 8-0 8-0				
	50	7/2 6/3/2 6/8 6/7 7/1 6/4	1-18 0-18 0-13 0-13 1-12 1-2				
			31-7	1/90	0	0.07	
	50	14/7/1	0-13	1/270	0	0.06	
	50	26	2-0	7/1620	0	0.18	
	50	8 6/1/2 6/2 6/3/1 12 1 10 11	8-0 1-15 0-13 0-4 8-0 8-0 8-0 6-0				
	49	21	7-7				
	50	15	8-0 46-19				
	50	14/2Min 13	0-14 8-0				
	50	14/2Min 2	64-13 1-10 8-0	1/60 1/540 3/8	0 8 3	2.39 0.09 0	13870 12593
		8/5 8 9	0-13 8-0 8-0				
	50	7/2 6/3/2 6/8 6/7 7/1 6/4	1-18 0-18 0-13 0-13 1-12 1-2				
	65	14 7	7-16 6-16				
	49	21	7-7				
	77	22	6-18				
	90	1	8-0

आतंकियों का ठिकाना ध्वस्त, हथियार और गोला बारूद बरामद

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 18 जून।

जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में दो आतंकवादियों ने हिंसा का मार्ग छोड़ पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इन दोनों की पहचान गुप्त रखी गई है। प्रवक्ता ने बताया, 'समुदाय के सदस्यों और परिवार की मदद से पुलवामा के दो और युवक मुख्यधारा में लौट आए हैं।'

दो आतंकवादियों ने किया आत्मसमर्पण

उधर, जम्मू- कश्मीर में पुंछ के मेंढर सेक्टर में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों को मंगलवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। मेंढर के एक गांव में सुरक्षाबलों को आतंकियों के एक ठिकाने का पता चला, जिसे उन्होंने ध्वस्त कर वहां से भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद किया है। सुरक्षाबलों को आतंकी ठिकाने से 10 हजार रुपए पाकिस्तानी करंसी भी मिली है। यह तलाशी अभियान सेना और पुलिस ने संयुक्त रूप से चलाया था। स्थानीय लोगों ने सुरक्षाबलों को क्षेत्र में कुछ संदिग्ध लोगों को देखे जाने की सूचना दी थी। जानकारी मिलते ही सेना व पुलिस ने मेंढर के एक गांव के साथ लगते जंगलों में तलाशी अभियान चलाया और उसी दौरान उन्हें यह ठिकाना दिखा।

इस बीच अनंतनाग जिले के अचबल में मुठभेड़ स्थल से सुरक्षा बलों ने मंगलवार को 20 वर्षीय एक युवक का शव बरामद किया है। यहां एक दिन पहले गोलीबारी में दो आतंकियों के मारे जाने की खबरें आई थीं। सोमवार को इस जगह हुई मुठभेड़ में मेजर केतन शर्मा शहीद हो गए थे। उसकी पहचान नासिर अहमद मीर के रूप में की गई है। उसके शरीर में गोलियां लगी हैं। मंगलवार सुबह अचबल इलाके में मुठभेड़ स्थल से यह शव बरामद किया गया है। वह अचबल के चक्की का रहने वाला था। उसके शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आतंकियों से उसके संपर्क खंगाले जा रहे हैं।

केरल के माकपा नेता के बेटे पर बलात्कार का मामला दर्ज

तिरुवनंतपुरम/मुंबई, 18 जून (भाषा)।

मुंबई पुलिस ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की केरल इकाई के सचिव कोडियेरी बालाकृष्णन के बेटे के खिलाफ महिला से बलात्कार और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बिहार की रहने वाली 33 वर्षीय महिला ने अपनी शिकायत में माकपा नेता कोडियेरी बालाकृष्णन के बेटे बिनॉय विनोदिनी बालाकृष्णन पर शादी का झांसा देकर बलात्कार करने का आरोप लगाया है। उसने बिनॉय से आठ साल का एक पुत्र होने की बात भी कही है। दूसरी ओर बिनॉय ने महिला से परिचित होने की बात स्वीकार की है, लेकिन आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया।

बिनॉय ने कहा कि छह महीने पहले महिला ने एक पत्र भेजकर उससे पांच करोड़ रुपए की मांग की थी। महिला ने आरोप लगाया था कि उसने उससे शादी की है और दोनों का एक बच्चा भी है। उन्होंने कहा कि मैंने 2008 में शादी की थी। मुझे इसे छिपाने की कोई जरूरत नहीं है। यह शिकायतकर्ता का ब्लैकमेल करने का एक तरीका है। बिनॉय ने कहा कि उन्होंने कन्नूर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक के पास महिला के खिलाफ मई में शिकायत दर्ज कराई थी। आगे की कार्रवाई के लिए शिकायत को कन्नूर के तत्कालीन एसपी शिव विक्रम के पास भेज दिया गया था।

ओशिवरा पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक शैलेश पासलवाड ने कहा कि शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ भादंवि की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।अधिकारी ने बताया कि महिला आरोपी को दुबई में मिली थी, जहां वह बार डांसर का काम करती थी। आरोपी प्रायः डांस बार में आता था और उसके महिला से रिश्ते कायम हो गए। बिनॉय ने उससे नौकरी छोड़ने को कहा और शादी करने का वादा किया। महिला ने आरोप लगाया कि 2010 में आरोपी ने उसे मुंबई में किराए का घर दिलवा दिया। जहां वह अक्सर उससे मिलने आया करता था। महिला ने कहा कि उसे बीते साल ही पता चला कि बिनॉय पहले से शादीशुदा है और इसके बाद उनके रिश्तों में खटास आ गई। उसने आरोप लगाया कि बिनॉय ने उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी।

केंद्रीय मंत्री के बेटे सहित सात लोग हत्या की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार

नरसिंहपुर (मप्र), 18 जून (भाषा)।

मध्य प्रदेश की नरसिंहपुर पुलिस ने केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल के पुत्र प्रबल पटेल सहित सात लोगों को हत्या के प्रयास के आरोप में मंगलवार को यहां गिरफ्तार किया।

प्रहलाद पटेल मध्य प्रदेश में भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं और दमोह लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं। पटेल को हाल ही में केंद्रीय मंत्रिपरिषद में पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के तौर पर शामिल किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक गुरुकरण सिंह ने मंगलवार को बताया कि प्रबल पटेल (26) और मोनू पटेल (27) सहित 12 आरोपियों के खिलाफ भादवि की धारा 307, धारा 365 और अन्य सम्बद्ध धाराओं में मामला दर्ज किया है। इनमें से प्रबल पटेल सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि मोनू पटेल और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

उन्होंने बताया कि प्रबल पटेल और मोनू पटेल के साथ करीब दो दर्जन लोगों का सोमवार रात को बैलहाई बाजार में तीन-चार युवकों से विवाद हो गया, इसके बाद आरोपियों ने युवकों से मारपीट की और इस दौरान गोली भी चलाई गई जो कि हिमांशु राठौर के हाथ में लगी। सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी प्रबल पटेल किसानी मोहल्ला गोटेगांव का निवासी है और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल का पुत्र है जबकि एक अन्य आरोपी मोनू पटेल प्रहलाद पटेल के छोटे भाई जालम सिंह पटेल का पुत्र है। जालम सिंह प्रदेश की भाजपा सरकार में मंत्री रहे हैं और वर्तमान में नरसिहपुर विधानसभा सीट से भाजपा के विधायक हैं।

एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमले में राठौर के अलावा एक होमगार्ड सिपाही ईश्वर राय, राहुल राजपूत, शिवम राय और मयंक भी घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि हिमांशु राठौर और राहुल राजपूत 17 जून की रात गोटेगांव से एक शादी में शामिल होकर वापस कमोद गांव जा रहे थे, तभी रास्ते में बैलहाई बाजार में प्रबल पटेल और उसके साथियों से उनका विवाद हो गया। इसके बाद आरोपी हिमांशु और राहुल को शिवम के घर ले गए और वहां उन्होंने शिवम, उसके पिता होमगार्ड के सिपाही ईश्वर राय और मयंक के साथ मारपीट की। पुलिस अधिकारी ने पीड़ितों के हवाले से बताया कि सभी पीड़ितों को जबरन मोनू पटेल के दफ्तर ले जाया गया और वहां भी उनके साथ मारपीट की गई। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल के छोटे भाई और भाजपा विधायक जालम सिंह पटेल ने बताया कि घटना के समय मोनू जबलपुर में था व प्रबल जबलपुर से लौट रहा था और दोनों ही घटनास्थल पर मौजूद नहीं थे। दोनों को राजनीतिक कारणों से इस मामले में फंसाया गया है। जांच में मोनू और प्रबल की लोकेशन पता की जा सकती है। यह बच्चों के बीच का झगड़ा था और मोनू, प्रबल व उनके मित्रों को इसमें जबरन घसीटा गया है। उन्होंने कहा कि हमने जिला पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर मामले की जांच करने की मांग की है।

सोनिया और मुलायम ने ली लोकसभा सदस्यता की शपथ

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 18 जून।

नवगठित लोकसभा के पहले सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मुलायम सिंह यादव, उनके पुत्र और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और भाजपा के ओम बिड़ला, मेनका गांधी सहित कई नवनिर्वाचित सदस्यों ने शपथ ली।

शपथ लेने वालों में प्रमुख नाम ओम बिड़ला का है जो लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में राजग के उम्मीदवार बनाए गए हैं। शपथ के लिए उनका नाम पुकारे जाने के बाद सत्तापक्ष के सदस्यों ने मेजें थपथपाई और कई सदस्य उन्हें बधाई देते हुए देखे गए।

मैनपुरी संसदीय सीट से निर्वाचित सांसद मुलायम सिंह यादव वील चेयर पर लोकसभा पहुंचे और उन्हें खराब स्वास्थ्य के कारण निर्धारित क्रम से पहले निचले सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई गई। यादव को उनके पुत्र व आजमगढ़ से सपा सांसद अखिलेश यादव वील चेयर पर बैठाकर निचले सदन में लेकर आए। मुलायम का स्वास्थ्य पिछले कुछ दिन से खराब चल रहा है। उनके सदन में पहुंचने के बाद कार्यवाहक लोकसभा अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने लोकसभा महासचिव से कहा कि मुलायम सिंह यादव सदन के वरिष्ठ सदस्य हैं और आजकल बीमार चल रहे हैं। इसलिए उन्हें पहले शपथ दिलाई जाए।

- **शपथ लेने वालों में प्रमुख नाम ओम बिड़ला का है जो लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में राजग के उम्मीदवार बनाए गए हैं**
- **मुलायम सिंह यादव वील चेयर पर लोकसभा पहुंचे और उन्हें खराब स्वास्थ्य के कारण निर्धारित क्रम से पहले निचले सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई गई**

यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी ने जब शपथ ली तो सत्ता पक्ष और विपक्ष के अनेक सदस्यों ने मेजें थपथपाकर उनका स्वागत किया। उन्होंने हिंदी में शपथ ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने सोनिया के बाद शपथ ली। उन्होंने भी हिंदी में शपथ ली।

मंगलवार को ही कांग्रेस के शशि थरूर, कार्ति चिदंबरम, अधीर रंजन चौधरी, शिरोमणि अकाली दल के सुखबीर बादल, द्रमुक के टीआर बालू, कनिमोई, ए राजा, दयानिधि मारन, भाजपा की हेमा मालिनी, पूर्व केंद्रीय मंत्री महेश शर्मा, अभिनेता सनी देओल, किरण खेर, रवि किशन, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, सौगत राय, कल्याण बनर्जी सहित कई नवनिर्वाचित सदस्यों ने शपथ ली।

पंजाब से अकाली दल के सुखबीर बादल, पूर्व केंद्रीय मंत्रियों और कांग्रेस सदस्यों मनीष तिवारी और परनीत कौर ने भी शपथ ली। पंजाब के ज्यादातर सदस्यों ने पंजाबी में शपथ ली। द्रमुक के ए राजा, टीआर बालू और कनिमोई समेत तमिलनाडु के सभी सांसदों ने तमिल में शपथ ली। अन्नाद्रमुक के रवींद्रनाथ कुमार ने भी तमिल में शपथ ली। पश्चिम बंगाल के अधिकतर सदस्यों ने बांग्ला में शपथ ली। राजस्थान से भाजपा के सुमेधानंद सरस्वती, उत्तर प्रदेश से पार्टी के पुष्पेंद्र सिंह चंदेल सहित कुछ सदस्यों ने संस्कृत में शपथ ली।

एआइएमआइएम के असदुद्दीन ओवैसी और एआईयूडीएफ के बदरूद्दीन अजमल ने भी शपथ ली। ओवैसी का नाम शपथ लेने के लिए पुकारे जाने के बाद सत्तापक्ष के कई सदस्यों ने 'भारत माता की जय' और 'जयश्रीराम' के नारे लगाए। शपथ लेने के बाद ओवैसी ने 'जय भीम, जय भीम और अल्लाह हो अकबर' का नारा लगाया।

सत्रहवीं लोकसभा के पहले सत्र के दूसरे दिन शुरुआत में उन सदस्यों ने भी शपथ ली जो सोमवार को किन्हीं कारणों से अनुपस्थित रहने की वजह से शपथ नहीं ले पाए थे। विशेष दीर्घा में भोजनावकाश से पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य पी चिदंबरम भी मौजूद थे, जिनके पुत्र कार्ति चिदंबरम ने भी मंगलवार को शपथ ली। दर्शक दीर्घा में भाकपा नेता और राज्यसभा सदस्य डी राजा भी थे।

रमन सिंह के बेटे अभिषेक समेत 20 के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला

अंबिकापुर, 18 जून (भाषा)।

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले की पुलिस ने पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के पुत्र अभिषेक सिंह, राजनांदगांव क्षेत्र के पूर्व सांसद मधुसूदन यादव और कांग्रेस नेता नरेश डाकलिया समेत 20 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। सरगुजा जिले के पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यहां बताया कि पुलिस ने अभिषेक सिंह, मधुसूदन यादव और डाकलिया समेत 20 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बताया कि जिला मुख्यालय अंबिकापुर के निवासी प्रेम सागर गुप्ता (67) ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह खेती-किसानी और मजदूरी का काम करता है। गुप्ता ने अनमोल इंडिया नामक चिटफंड कंपनी में अपनी जमा पूंजी और घर तथा जमीन बेचकर 98,876 रुपए का निवेश किया था।

शिकायत के अनुसार, अनमोल इंडिया कंपनी का मुख्य कार्यालय नेमिनाथ पैराडाइज, भायंदर वेस्ट, ठाणे में स्थित है तथा छत्तीसगढ में अधिकांश जिलो में स्थित है। कंपनी के निदेशक नागपुर निवासी जावेद मेमन, सपुरा मेमन, जुनैद मेमन, निलोफर बानो, खालिद मेमन, नादिया बानो, हाजी उमर मेमन, रायपुर निवासी फातिमा बानो और हमीद मेमन तथा राजनांदगांव सीबू खान और कंपनी के कोर कमेटी के सात सदस्यों के द्वारा कंपनी का संचालन छत्तीसगढ़ में किया जा रहा था।

कंपनी के निदेशक और कोर समिति के सदस्य अपने स्टार प्रचारकों अभिषेक सिंह, मधुसूदन यादव और डाकलिया के साथ अनेकों बार जनता के सामने कंपनी का प्रचार प्रसार किया था और समय-समय पर लोगों को यकीन दिलाया कि यह कंपनी अनमोल इंडिया अभिषेक सिंह की है और सुरक्षित है। शिकायत में कहा गया कि राज्य के विभिन्न थानों में कंपनी के निदेशक और अन्य के खिलाफ कंपनी से संबंधित निवेशकों की रकम नहीं लौटाए जाने पर धोखाधड़ी कर मामला दर्ज किया गया।

गमगीन माहौल में हुआ शहीद मेजर का अंतिम संस्कार

मेरठ, 18 जून (भाषा/ जनसत्ता)।

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के अच्छाबल इलाके में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए 29 वर्षीय मेजर केतन शर्मा का अंतिम संस्कार गमगीन माहौल में हुआ। इस दौरान केतन की मां और पत्नी बेहोश हो गईं। इससे पहले, शहीद मेजर का पार्थिव शरीर उनके घर पहुंचा। वहां से पार्थिव शरीर को अंतिम क्रिया के लिए सूरजकुंड घाट ले जाया गया।

मेजर केतन शर्मा के पिता ने शहीद बेटे को मुखाग्नि दी। वहीं शहीद मेजर की अंतिम यात्रा में 'केतन शर्मा अमर रहें' के नारों से सड़कें गूंज उठीं। इस दौरान सड़क पर शहीद की गाड़ी पर फूल चढ़ाते और नारे लगाते शहरवासियों की भारी भीड़ लगी रही। शहीद मेजर की अंतिम यात्रा में प्रदेश के राज्यमंत्री सुरेश राणा, विधायक सत्यप्रकाश अग्रवाल, विधायक जितेंद्र सतवाई, डीएम अनिल ढींगरा और एसएसपी नितिन तिवारी समेत शहर के गणमान्य लोग शामिल हुए।

सेना के जवानों ने शहीद मेजर केतन शर्मा को सलामी दी। मेजर शर्मा कंकरखेड़ा मेरठ के श्रद्धापुरी फेस-2 निवासी थे। वह परिवार में इकलौते पुत्र थे। उनकी एक बहन है। मेजर की शादी 2012 में हुई थी।

उनकी पत्नी ईरा का रो-रोकर बुरा हाल है जबकि उनकी पांच वर्ष की बेटी को तो पता भी नहीं है कि उनके पिता अब इस दुनिया में नहीं रहे। शहीद मेजर के पिता रविंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि 20 दिन पहले ही 27 मई को वह अवकाश से ड्यूटी पर लौटे थे। वहीं शहीद केतन की मां का रो-रोकर बुरा हाल है। वे रोते हुए अफसरों से कह रही हैं कि मेरा शेर लौटा दो। सेना के अफसरों ने शहीद केतन शर्मा के परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी। केतन के परिजनों और दोस्तों के मुताबिक वह काफी खुशमिजाज थे। सेना में अफसर बनने का उन्हें जुनून था। पढ़ाई में भी वह हमेशा अव्वल रहे। नौवीं कक्षा तक उन्होंने कंकरखेड़ा स्थित अशोका एके-डमी में पढ़ाई की। इसके बाद मेरठ पब्लिक स्कूल में 12वीं तक पढ़े। 12वीं के बाद एनडीए की परीक्षा दी। साक्षात्कार में सफल न होने के बाद भी अपने जुनून को शांत नहीं होने दिया। इसके बाद सरूरपुर डिग्री कालेज से बीएससी की। कुछ दिन प्राइवेट नौकरी भी की। साथ ही सीडीएस की परीक्षा भी देते रहे। उन्होंने यह परीक्षा और इंटरव्यू पास कर लिया और आईएमए देहरादून में ट्रेनिग पूरी की।

बेटी से बलात्कार पर नाकाम सेवानिवृत्त फौजी ने गोली मारी, गिरफ्तार

ग्वालियर, 18 जून (भाषा)।

ग्वालियर पुलिस ने नशे में धुत एक सेवानिवृत्त फौजी को अपनी 19 वर्षीय बेटी से कथित बलात्कार के प्रयास और इसमें नाकाम रहने पर गोली मार कर बेटी की हत्या के प्रयास के मामले में मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। सिर में गोली लगने के कारण घायल हुई लड़की का अस्पताल में इलाज चल रहा है। नगर पुलिस अधीक्षक रवि भदौरिया ने बताया कि सेवानिवृत्त फौजी राजेश राजावत को भादवि की धारा 307 और 354 के तहत गिरफ्तार किया गया।

पत्रिका समूह के निदेशक मिलाप कोठारी का निधन

जयपुर, 18 जून (भाषा)।

राजस्थान पत्रिका समूह के निदेशक व वरिष्ठ पत्रकार मिलापचंद कोठारी का मंगलवार सुबह यहां निधन हो गया। वह 68 वर्ष के थे। कोठारी राजस्थान पत्रिका के संपादक रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

कॉर्बेट बाघ अभयारण्य में अब नहीं चलेगी सिफारिश

नई दिल्ली, 18 जून (भाषा)।

कॉर्बेट बाघ अभयारण्य के अधिकारियों ने फैसला किया है कि अब वे अभयारण्य में अपने या अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के ठहरने के इंतजाम या सफारी की सुविधा के लिए किसी वीआइपी या अधिकारियों की सिफारिश पर कोई विचार नहीं करेंगे। इसकी जगह अभयारण्य के अधिकारी इस तरह की सिफारिश भेजने वाले अधिकारियों की शिकायत उनके उच्चाधिकारी से करेंगे। सफारी, ठहरने, अन्य निजी व्यवस्थाओं को लेकर बड़ी संख्या में ऐसे पत्र मिलने के बाद कॉर्बेट प्रशासन का यह कदम सामने आया है।

इन पत्रों में साफ तौर पर उच्च पदस्थ अधिकारियों के आधिकारिक पद/राजकीय प्रतीकों का उपयोग किया गया था, जो वैसे तो विशुद्ध रूप से व्यक्तिगत गतिविधि होती है और इसका संबंधित अधिकारियों के किसी आधिकारिक दायित्व के निर्वहन से कोई लेना-देना नहीं होता है। हालिया आधिकारिक आदेश के अनुसार कई मौकों पर तो कॉर्बेट के अधिकारियों को उनके (अधिकारियों के) दोस्तों/अन्य जानकार व्यक्तियों के लिए सिफारिशें मिलीं और कभी-कभी तो दबाव/धमकी भरे अंदाज में मामले को आगे बढ़ाने की कोशिश की गई। इसके अनुसार, 'यह निजी हित के लिए आधिकारिक पद के दुरुपयोग के सिवा कुछ नहीं है। ऐसी प्रवृत्तियां पहले से ही अतिरिक्त काम के बोझ से लदे प्रशासन पर और दबाव डालती हैं।' आदेश में कहा गया है कि इसलिए संवैधानिक सिद्धांतों के अनुसार इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों एवं अन्य संबंधित नियमों/अधिसूचनाओं के तहत यह आदेश दिया जाता है कि इसके लिए अधिकृत व्यक्तियों को छोड़कर आधिकारिक पदों का इस्तेमाल कर भेजे गए ऐसे संदेशों पर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व, उत्तराखंड का कोई भी अधिकारी विचार करेगा।

किश्तवाड़ में उपस्थिति प्रमाणपत्र मिलने के बाद ही सरकारी शिक्षकों को मिलेगा वेतन

जम्मू, 18 जून (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में अधिकारियों ने छात्रों के अभिभावकों और स्थानीय सरपंच द्वारा उपस्थिति प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर के बाद ही सरकारी शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों को वेतन जारी करने का फैसला किया है।

जिला विकास आयुक्त अंग्रेज सिंह राणा के इस आदेश का लक्ष्य शिक्षण संस्थानों के कामकाज पर करीब से नजर रखना है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऐसी शिकायतें मिल रही थीं कि कई स्कूलों में शिक्षक नियमित रूप से अपनी ड्यूटी का निर्वहन नहीं करते, जिसके बाद यह आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के हवाले से अधिकारियों ने कहा, 'संबंधित कोषागार को लेखा पत्र भेजते समय शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों को उपस्थिति प्रमाणपत्र पर उक्त शिक्षण संस्थान में पढ़ने वाले कम से कम 10 छात्रों के अभिभावकों से (बारी-बारी के आधार पर) हस्ताक्षर करवाना होगा और साथ में उस पर संबंधित सरपंच के भी हस्ताक्षर भी होने चाहिए।'

कार्यालयः रिकवरी अधिकारी-II, ऋण वसूली अधिकरण-III, दिल्ली
4था तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

आर.सी. नं. 203/2018 — **ई-नीलामी बिक्री सूचना** — तिथिः 16.05.2019

एसबीबीजे बनाम श्रीमती सुरेखा यादव एवं अन्य

"आदेश"

मेरे आदेश तिथि 16.05.2019 के अनुसार एसबीबीजे बनाम श्रीमती सुरेखा यादव एवं अन्य के मामले में नीलामी बिक्री द्वारा नीचे वर्णित संपत्ति की बिक्री की जाएगीः

यह नीलामी बिक्री वेबसाईट https://www.bankeauctions.com पर "ऑन लाईन ई-नीलामी" होगी।

नीलामी की तिथि एवं समयः 12.07.2019 को 3.00 बजे अप से 4 बजे अप तक। (यदि जरूरी हुआ, समाप्ति से पूर्व बोली प्राप्त होने पर 5 मिनट की अवधि के विस्तार के साथ।)

क्रम सं.	सम्पत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य/ईएमडी
1.	रोहिणी, दिल्ली-110085 में स्थित सम्पत्ति सं. 36, पॉकेट ए-3, सेक्टर-15, भूमि माप 48 वर्ग मी.	रु. 46,92,000/- ईएमडीः रु. 4,69,200/-

नियम एवं शर्ते

1. नीलामी/बोली वेबसाईट के माध्यम से ऑन लाइन इलेक्ट्रॉनिक पद्धत्ति द्वारा होगी।
2. इच्छुक बोलीदाता को अग्रिम में सेवा प्रदाता के पास भागीदारी का पंजीकरण कराना होगा तथा ई-नीलामी में भाग लेने के लिये यूजर आईडी तथा पास्वर्ड प्राप्त करना होगा। निर्धारित पद्धत्ति में वांछित धरोहर राशि का भुगतान कर हीं वह प्राप्त किया जा सकता है।
3. ईएमडी का भुगतान 11.07.2019 तक रिकवरी अधिकारी-II, डीआरटी-III दिल्ली के पक्ष में देय डीडी/पे आर्डर द्वारा रिकवरी अधिकारी-II, डीआरटी-III, दिल्ली के पास मुहरबंद लिफाफे में किया जायेगा। उसके बाद जमा की गई ईएमडी पर ई-नीलामी में भागीदारी के लिए विचार नहीं किया जाएगा।
4. बोली आवेदन के साथ पैन कार्ड की प्रति, निवास के प्रमाण तथा पहचान के प्रमाण, ई-मेल आईडी, मोबाईल नं. तथा यदि वे अपनी ओर से या अपने प्रधान की ओर से बोली कर रहे हों तो उद्घोषणा जमा किया जायेगा। बाद के मामले में उन्हें उसका प्राधिकार जमा करना होगा अन्यथा बोली निरस्त कर दी जायेगी तथा कंपनी के मामले में कंपनी के बोर्ड के सदस्यों द्वारा पारित प्रस्ताव की प्रति अथवा कंपनी की प्रतिनिधित्व/अटार्नी की पुष्टि करने वाले अन्य कोई दस्तावेज तथा उस जमा की रसीद/काउंटर फाइल सेवा प्रदाता अथवा सीएच बैंक के पास ई-मेल या अन्य रूप से उक्त तिथि तक पहुंच जाए तथा उसकी हार्ड कॉपी, रिकवरी अधिकारी-II, डीआरटी-III दिल्ली के पास जमा की जायेगी।
5. संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता मै. सी 1 इंडिया प्रा. लि., उद्योग विहार, फेज-2, गल्फ पेट्रोकेम बिल्डिंग, बिल्डिंग नं. 301, प्रथम तल, गुड़गांव, हरियाणा-122015, हेल्पलाइन नं. +91-124-4302020/ 21/ 22/ 23/ 24, श्री विनोद चौहान, मो.: 09813887931, ईमेल आईडी- support@bankeauctios.com, https://www.bankeauctios.com से ऑन लाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। अधिक विवरणों के लिये सम्पर्क करेंः श्री अनुपम कुमार, सीएच बैंक के अधिकारी, मोबाईल नं. 9818236450 सम्पत्ति का निरीक्षक करने के इच्छुक बोलीदाता ईएमडी की तिथि से पूर्व उपरोक्त प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं।
6. संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि अपनी बोली जमा करने से पूर्व बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये वेबसाईट http://www.bankeauctios.com देखें।
7. सम्पत्ति को आरक्षित मूल्य के नीचे नहीं बेचा जायेगा।
8. बोलीदाता रु. 1,00,000/- के गुणक में प्रस्ताव में सुधार कर सकते हैं।
9. संपत्ति की बिक्री "जैसा है जहां है आधार तथा जो भी वहां है आधार" पर की जायेगी।
10. सफल बोलीदाता को बिक्री की घोषणा के अगले दिन के 3.00 बजे अप. तक ऊपर पैरा 3 में वर्णित विवरणों के अनुसार उक्त खाता में ईएमडी को समायोजित करने के बाद 25% बिक्री मूल्य का भुगतान करना होगा। यदि अगले दिन रविवार या अवकाश होता है तो फिर अगले कार्य दिवस को।
11. सफल बोलीदाता को सम्पत्ति की नीलामी की तिथि से 15 वें दिन, अथवा यदि 15वाँ दिन रविवार या अवकाश होता है तो 15वें दिन के बाद प्रथम कार्यालय दिवस को रजिस्ट्रार, डीआरटी-III, दिल्ली के पक्ष में डीडी द्वारा 1000/- तक 2% रु. 1000/- से अधिक की सकल राशि पर 1% की दर से पाउंडेज शुल्क के साथ रिकवरी अधिकारी-II, डीआरटी-III, दिल्ली के पास शेष 75% बिक्री राशि का भुगतान करना होगा।
12.निर्धारित अवधि में भुगतान में चूक करने पर बिक्री की नई उद्घोषणा जारी करने के बाद सम्पत्ति की फिर से बिक्री की जाएगी। बिक्री के खर्चे के डेफ्रे करने के बाद अधोहस्ताक्षरी यदि उपयुक्त समझते हैं तो जमा की गई राशि सरकार के पक्ष में जब्त कर ली जाएगी तथा चूक करने वाले क्रेता को उस सम्पत्ति अथवा उस राशि जिसके लिए बाद में उसकी बिक्री की जाएगी, के प्रति दावे से वंचित हो जाएंगे। पुनः क्रेता को उनको अंतिम बोली राशि तथा वह मूल्य जिस पर बाद में उसकी बिक्री की जायेगी, के बीच के अंतर की भी भरपाई करनी होगी।
13. रिकवरी अधिकारी को किसी या सभी बोली को स्वीकार करने अथवा अनुपयुक्त पाते हैं अस्वीकार करने अथवा बिना कोई कारण बताए किसी भी समय नीलामी को स्थगित करने का अधिकार प्राप्त हैं तथा इस संदर्भ में उनका निर्णय अंतिम तथा मान्य होगा।
14. असफल बोलीदाताओं निर्देश दिया जाता है कि अपने ईएमडी के रिफंड के लिये आरसी की सुनवाई अनुसूचित को या उससे पूर्व डीआरटी-III के रजिस्ट्री में पहचान के प्रमाण के साथ आवेदन दाखिल करें जो तदनुसार आरसी की सुनवाई की अनुसचित/परवर्ती तिथि को वापस लौटाई जायेगी।

मामले को 2.7.2019 को बिक्री उद्घोषणा की सर्विस के शपथ-पत्र दाखिल करने तथा अग्रिम कार्रवाई के लिये सूचीबद्ध की जाये।

(विकाश जैटली)
रिकवरी अधिकारी-II, डीआरटी-III, दिल्ली

न्यूक्लियस सॉफ्टवेयर एक्सपोर्टस लिमिटेड
NUCLEUS SOFTWARE
सीआईएन : L74899DL1989PLC034594
पंजीकृत कार्यालयः 33-35 लाजपत नगर मार्केट, नई दिल्ली-110 003
टेलीफोन नं. : +91 - 120 - 4031400; फैक्स : +91 - 120 - 4031672
ई-मेल : investorrelations@nucleussoftware.com
वेबसाइट : www.nucleussoftware.com

वार्षिक साधारण बैठक, पुस्तक बन्दी तथा ई-वोटिंग की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी की 30वीं वार्षिक साधारण बैठक सोमवार, 8 जुलाई 2019 को 4:00 बजे **पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री, पीएचडी हाउस, 4/2 सिरि इंस्टीट्यूशनल एरिया, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली-110016** में, 23 अप्रैल 2019 दिनांकित सूचना, जिसकी प्रति कम्पनी के सदस्यों को कम्पनी में उनके पंजीकृत उनके पते ईमेल पर भेजी जा चुकी है, में निहित व्यवसायों के सम्पादन हेतु आयोजित की जायेगी।

कम्पनी (प्रबन्धन एवं संचालन) नियम, 2014 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91(1) के अनुपालन में कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर तथा शेयर अंतरण पुस्तकें मंगलवार, 2 जुलाई 2019 से सोमवार, 8 जुलाई 2019 (दोनों दिवस शामिल) तक बन्द रहेंगे।

एतद् द्वारा आगे सूचित किया जाता है कि कम्पनी (प्रबन्धन एवं संचालन) नियम, 2014, यथा संशोधित, के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों एवं सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियमावली, 2015 की विनियमावली 44 के अनुपालन में कम्पनी 30वीं वार्षिक साधारण बैठक में अपने सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान हेतु अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है एवं व्यवसाय का सम्पादन ई-वोटिंग सेवा के माध्यम से किया जा सकता है। कम्पनी द्वारा सदस्यों को, एजीएम समारोह स्थल के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान से इलेक्ट्रॉनिक मतदान प्रणाली का उपयोग कर मतदान की सुविधा (रिमोट ई-वोटिंग), कार्वी फिनटेक प्राईवेट लिमिटेड के माध्यम से प्रदान की जा रही है।

क) ई-वोटिंग निर्देश वार्षिक साधारण बैठक की सूचना का अभिन्न हिस्सा है जो कि कम्पनी की वेबसाइट www.nucleussoftware.com पर भी प्रदर्शित है।

ख) वार्षिक साधारण बैठक की सूचना का प्रेषण कम्पनी के सदस्यों को कम्पनी के साथ पंजीकृत उनके पते/ईमेल पर 7 जून 2019 को पूर्ण हो चुका है।

ग) वह व्यक्ति, जिसका नाम सदस्यों/लाभलोगी स्वामियों के रजिस्टर में कट ऑफ तिथि अर्थात् 1 जुलाई 2019 को प्रतीत होगा, वह रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा के साथ ही बैठक में मतदान करने के हकदार होंगे।

घ) रिमोट ई-वोटिंग पोर्टल बृहस्पतिवार, 4 जुलाई 2019 को प्रातः 10 बजे से रविवार, 7 जुलाई 2019 को संध्या 5 बजे तक खुलेगा। ई-वोटिंग की अनुमति ऊपर लिखित निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् नहीं होगी।

ङ) ऐसा कोई व्यक्ति जो बैठक की सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्प

जनसत्ता
महासमर
विश्व कप -2019
19 जून, 2019 14

दिलचस्प आंकड़े

रन	9982	सबसे ज्यादा रन शाकिब अल हसन
विकेट	297	
छक्के	188	उच्चतम स्कोर जैसन रॉय
अर्धशतक	52	

इंग्लैंड 150 रन की जीत के साथ शीर्ष पर

अंग्रजों ने मैनचेस्टर में लगाई छक्कों और रेकार्डों की झड़ी

मैनचेस्टर, 18 जून (भाषा) ।

कप्तान इयोन मोर्गन के रेकार्ड शतक के बाद गेंदबाजों के कमाल से इंग्लैंड आइसीसी क्रिकेट विश्व कप के लीग मैच में मंगलवार को यहां अफगानिस्तान को 150 रन से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया।

मोर्गन ने अपने करिअर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलते हुए 71 गेंद में रेकार्ड 17 छक्कों और चार चौकों की बदौलत 148 रन बनाए। इसके साथ ही मोर्गन ने एकदिवसीय मैच में सर्वाधिक छक्कों के क्रिस गेल, रोहित शर्मा और एबी डिविलियर्स (सभी 16 छक्के) के रेकार्ड को भी तोड़ा। वह एकदिवसीय क्रिकेट में पहले बल्लेबाज हैं जिन्होंने छक्कों से ही 100 से अधिक रन जुटाए।

मोर्गन के अलावा सलामी बल्लेबाज जानी बेयरस्टा (90) और जो रूट (88) ने भी अर्धशतक जड़े जिससे इंग्लैंड ने छह विकेट पर 397 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह इंग्लैंड का विश्व कप में सबसे बड़ा स्कोर होने के साथ ओल्ड ट्रैफर्ड पर भी सर्वाधिक स्कोर है। मोर्गन ने 28 रन पर मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए रूट के साथ तीसरे विकेट के लिए 189 रन की साझेदारी की। रूट और बेयरस्टा ने भी दूसरे विकेट के लिए 120 रन जोड़े। इंग्लैंड की पारी में 25 छक्के लगे जो विश्व रेकार्ड है। इससे पहले इंग्लैंड ने ही वेस्ट इंडीज के खिलाफ एक पारी में 24 छक्के मारे थे। मैच में कुल 33 छक्के लगे जो विश्व कप मैच में नया रेकार्ड है।

इसके जवाब में अफगानिस्तान की टीम आदिल राशिद (66 रन पर तीन विकेट), जोफ्रा आर्चर (52 रन पर तीन विकेट) और मार्क वुड (40 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 247 रन ही बना सकी। अफगानिस्तान की ओर से हशमतुल्लाह शाहिदी (76), रहमत शाह (46), असगर अफगान (44) और कप्तान गुलबदिन नायब (37) ने उपयोगी पारियां खेली लेकिन टीम को लक्ष्य के करीब भी नहीं पहुंचा सके। इस जीत से इंग्लैंड की टीम पांच मैचों में चार जीत और एक हार से आठ अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है। आस्ट्रेलिया के भी आठ अंक हैं लेकिन बेहतर नेट रन रेट के कारण इंग्लैंड शीर्ष पर है। अफगानिस्तान पांच मैचों में पांच हार के साथ 10 टीमों के बीच अंतिम पायदान पर है और उसे अब भी पहले अंक का इंतजार है।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही और टीम ने चौथे ओवर में ही नूर अली जादरान (00) का विकेट गंवा दिया जो खाता भी नहीं खोल पाए। उन्होंने आर्चर की गेंद को विकेटों पर खेला। रहमत को छह रन के स्कोर पर क्रिस वोक्स की गेंद पर स्लिप में बेयरस्टा ने जीवनदान दिया। कप्तान नायब ने आर्चर की लगातार गेंदों पर दो चौका और छक्का जड़ा और रहमत के साथ मिलकर 11वें ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। वुड ने हालांकि अगले ओवर में नायब को विकेटकीपर जोस बटलर के हाथों कैच करा दिया। रहमत ने मोईन अली पर चौका और छक्का मारा लेकिन लेग स्पिन आदिल राशिद ने उन्हें विकेटकीपर के हाथों कैच कराके अफगानिस्तान का स्कोर तीन विकेट पर 104 रन कर दिया।

रेकाडधारी और शतकवीर इयोन मोर्गन

- मोर्गन ने 71 गेंद में रेकार्ड 17 छक्कों और चार चौकों की बदौलत बनाए ताबड़तोड़ 148 रन
- विश्व कप ठोका चौथा सबसे तेज शतक, सर्वाधिक छक्के लगाने का कीर्तिमान अपने नाम किया
- छक्कों से ही सैकड़ा जड़ने वाले पहले खिलाड़ी बने
- इंग्लैंड ने 25 छक्के जड़कर तोड़ा अपना ही 24 छक्कों का रेकार्ड
- राशिद खान ने नौ ओवर में 110 रन लुटाकर सबसे महंगे गेंदबाज बने

विश्व कप डायरी

राहुल के साथ भी तालमेल बिठाने को तत्पर

साउथम्पटन, 18 जून (भाषा) ।

रोहित शर्मा और शिखर धवन की सलामी जोड़ी की अप्रतिम सफलता का राज उनका आपसी तालमेल रहा है और भारतीय उपकप्तान विश्व कप के बाकी मैचों में केएल राहुल के साथ भी वही सामंजस्य बनाना चाहते हैं।

धवन की चोट के कारण राहुल को विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ रोहित के साथ पारी का आगाज करना पड़ा। रोहित ने राहुल को पहली स्ट्राइक लेने दी जबकि धवन के होने पर वह खुद ऐसा करते हैं। उन्होंने कहा, केएल को स्ट्राइक लेना पसंद है और मैंने उन्हें दी क्योंकि मैं चाहता था कि वह सहज होकर अपने हिसाब से खेलें। वह सलामी बल्लेबाज के रूप में यहां पहला मैच खेल रहे थे और मैं उन्हें पूरी तरह से सहज करना चाहता था।

राहुल ने मिश्रित जोन में कहा, शिखर और रोहित पिछले तीन चार साल से शानदार शुरुआत दे रहे हैं। मुझे अपने समय का इंतजार करना पड़ा और मुझे खुशी है कि मैंने पारी का आगाज किया। दोनों के बीच 136 रन की साझेदारी के दौरान कुछ मौके आए जब संवादहीनता के कारण रोहित रन आउट हो सकते थे।

रोहित ने कहा कि यह एक नई तरह की चुनौती है लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में हर दिन एक नई चुनौती सामने होती है।

शाकिब ने अपनी पारी को सर्वश्रेष्ठ में से एक बताया

टांटन, 18 जून (एएफपी) ।

शाकिब अल हसन ने स्वीकार किया कि विश्व कप में वेस्ट इंडीज के खिलाफ बांग्लादेश को मिली जीत में उनकी 124 रन की पारी उनके करिअर की सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक है। बांग्लादेश ने विश्व कप के इतिहास में दूसरे सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत दर्ज की।

शाकिब ने 99 गेंद में 16 चौकों की मदद से नाबाद 124 रन बनाए जिसकी मदद से बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 322 रन बना डाले। लिटन दास ने 69 गेंद में 94 रन बनाए। दोनों ने 189 रन की अविजित साझेदारी की जो चौथे विकेट के लिए विश्व कप में दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है।

शाकिब ने कहा, यह सबसे उम्दा पारियों में से एक है। मैंने काफी संयम के साथ खेला और अच्छी गेंदों पर बहुत स्ट्रोक्स नहीं लगाए लेकिन ढीली गेंदों को नहीं बख्शा। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश को यकीन था कि वह इतने बड़े लक्ष्य को हासिल कर लेंगे।

पाकिस्तान क्रिकेट टीम को प्रतिबंधित करने की याचिका

लाहौर, 18 जून (भाषा) ।

भारत से आइसीसी विश्व कप में मिली करारी शिकस्त से निराश पाकिस्तान के एक क्रिकेट प्रशंसक ने गुजरांवाला अदालत में याचिका दायर कर टीम पर प्रतिबंध लगाने के साथ चयन समिति को बर्खास्त करने की मांग की है।

रविवार को मैनचेस्टर में चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ 89 रन से मैच गंवाने के बाद से पाकिस्तान के क्रिकेटरों को प्रशंसकों और पूर्व खिलाड़ियों से कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। टीम तालिका में पांच मैचों में तीन अंक के साथ नौवें स्थान पर है।

समा न्यूज चैनल की खबर के मुताबिक याचिकाकर्ता ने क्रिकेट टीम पर प्रतिबंध के साथ मुख्य चयनकर्ता इंजमाम उल हक की अगुआई वाली चयन समिति को भंग करने की मांग की है। याचिकाकर्ता के बारे में हालांकि पता नहीं चल पाया है। याचिका के जवाब में गुजरांवाला अदालत ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारियों को तलब किया है।

कोच और चयनकर्ताओं की हो सकती है छुट्टी : इस बीच जियो न्यूज की खबर के मुताबिक पीसीबी संचालन मंडल की बुधवार को लाहौर में होने वाली बैठक में कोच और चयनकर्ताओं के साथ प्रबंधन के कुछ अन्य सदस्यों की छुट्टी करने पर फैसला हो सकता है। जिन लोगों की छुट्टी होने की संभावना है उनमें टीम के मैनेजर तलत अली, गेंदबाजी कोच अजहर महमूद और पूरी चयन समिति शामिल है। इसके साथ ही कोच मिकी अर्थर के कार्यकाल को नहीं बढ़ाया जाएगा। पीसीबी के महानिदेशक वसीम खान इस बैठक में शामिल होने के लिए विदेश दौरे को बीच में छोड़कर स्वदेश लौट रहे हैं।

युवराज ने विदेशी टी-20 लीग में खेलने के लिए अनुमति मांगी

नई दिल्ली, 18 जून (भाषा) ।

हाल ही में क्रिकेट से संन्यास लेने वाले भारतीय हरफनमौला युवराज सिंह ने बीसीसीआइ से दुनिया भर की टी-20 लीग में खेलने की अनुमति मांगी है।

बीसीसीआइ के एक सूत्र ने एजंसी को मंगलवार को बताया, उन्होंने कल बोर्ड को पत्र लिखा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और आइपीएल से संन्यास के बाद मुझे नहीं लगता कि बोर्ड को उन्हें अनुमति देने में कोई परेशानी होगी। बीसीसीआइ ने सक्रिय खिलाड़ियों को विदेशी टी-20 लीग में भाग लेने से मना किया है और यही कारण है कि युवराज ने दुनिया भर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए संन्यास की घोषणा की। इससे पहले संन्यास लेने के बाद वीरेन्द्र सहवाग और जहीर खान जैसे क्रिकेटर यूएई में हुई टी-10 लीग में खेल चुके हैं।

दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा न्यूजीलैंड

बर्मिंघम, 18 जून (भाषा) ।

तेज गेंदबाज लुंगी एंगिडी के टीम में लौटने के बाद दक्षिण अफ्रीका अब न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को विश्व कप के मुकाबले में 2015 के सेमी फाइनल की हार का बदला चुकता करने उतरेगा जबकि कीवी टीम की निगाहें फिर से शीर्ष पर लौटने पर लगी होगी।

दक्षिण अफ्रीका को पिछले टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड ने सेमी फाइनल में हराया था। विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका को पहले तीन मैचों में पराजय झेलनी पड़ी जबकि एक मैच बारिश की नजर हो गया। उसे एकमात्र जीत अफगानिस्तान से मिली है।

दूसरी ओर न्यूजीलैंड टीम एक भी मैच नहीं हारी है और तीन जीत तथा एक मैच रद्द होने से दूसरे स्थान पर है। डेल स्टेन और एनरिच नोर्जे को चोट लगने से दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाजी बुरी तरह प्रभावित हुई है। एंगिडी अब पूरी तरह फिट हैं और बुधवार को खेलेंगे।

कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा, उम्मीद है कि इससे टीम का आत्मविश्वास बढ़ेगा। अब हमें हर मैच जीतना है और अपेक्षाओं का बोझ महसूस हो रहा है।

दक्षिण अफ्रीका के आक्रमण का दरोमदार लेग स्पिनर इमरान ताहिर पर होगा। बल्लेबाजी में क्विंटोन डिकाक और हाशिम अमला ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया। स्पिनरों के खिलाफ दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों के खराब रेकार्ड के कारण न्यूजीलैंड टीम लेग स्पिनर ईश सोढी को मिशेल सेंटनेर के साथ उतार सकती है। न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी का बीड़ा कप्तान केन विलियमसन, रोस टेलर, कोलिन मुनरो और मार्टिन गुप्टिल उठाएंगे।

टीमें : न्यूजीलैंड : केन विलियमसन (कप्तान), मार्टिन गुप्टिल, मैट हेनरी, टाम लाथम, कोलिन मुनरो, जिम्मी नीशाम, हेनरी निशोल्स, मिशेल सेंटनेर, ईश सोढ़ी, ट्रेंट बोल्ट, कोलिन डे ग्रांडहोमे, लोकी फगर्युसन, टिम साउदी, रोस टेलर, टाम ब्लंडेल ।

दक्षिण अफ्रीका : फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), एडेन मार्कराम, क्विंटोन डिकाक, हाशिम अमला, रासी वान डेर डुसेन, डेविड मिलर, क्रिस मौरिस, एंडिले फेलुक्वायो, जेपी डुमिनी, ड्वेन प्रिटोरियस, बूरान हेंडरिक्स, कागिसो रबाडा, लुंगी एंगिडी, इमरान ताहिर, तबरेज शम्सी।

मैच का समय

दोपहर तीन बजे से

- कीवियों से पिछले विश्व कप सेमी फाइनल की हार का बदला चुकता करने चाहेगा दक्षिण अफ्रीका, कीवी टीम की निगाहें फिर से शीर्ष पर लौटने पर

माली की टीम महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में छह रन पर ढेर

नई दिल्ली, 18 जून (भाषा) ।

रवांडा ने मंगलवार को किगाली सिटी में क्विबुका महिला टूर्नामेंट में माली को सिर्फ छह रन पर ढेर कर दिया जो महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूनतम स्कोर है।

रवांडा ने इसके बाद सिर्फ चार गेंद में लक्ष्य हासिल कर लिया। माली की पारी सिर्फ नौ ओवर तक चली। सलामी बल्लेबाज मारिमा समाके ने एक रन बनाया जबकि बाकी पांच रन अतिरिक्त के थे। इससे पहले महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय में न्यूनतम स्कोर चीन के नाम था जो यूएई के खिलाफ सिर्फ 14 रन बना पाया था।

पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने की आलोचकों से अपील

कृपया अपशब्दों का इस्तेमाल नहीं कीजिए, आपका साथ चाहिए

मैनचेस्टर, 18 जून (भाषा)

विश्व कप के मैच में भारत से मिली हार के बाद पाकिस्तानी तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने प्रशंसकों से खिलाड़ियों के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की है जबकि सीनियर हरफनमौला शोएब मलिक ने खिलाड़ियों के परिवार को आलोचना के दायरे से बाहर रखने को कहा है।

पाकिस्तान के खिलाड़ियों को सोशल मीडिया पर उपहास का पात्र बनना पड़ रहा है जबकि पूर्व क्रिकेटर भी उन्हें इस हार के लिए आड़े हाथों ले रहे हैं।

पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने सरफराज अहमद की कप्तानी को बेवकूफाना कहा जबकि भारतीय टेनिस स्टार पत्नी सानिया मिर्जा के साथ रेस्त्रां का वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद मलिक भी आलोचकों का कोपभाजन बने हुए हैं। मलिक ने ट्वीट किया, सभी खिलाड़ियों की ओर से मैं मीडिया और लोगों से हमारे परिवार के लिए सम्मान बरकरार रखने की अपील करता हूं। उन्हें बिना वजह इसमें नहीं घसीटा जाना चाहिए। यह अच्छी बात नहीं है।

पूर्व खिलाड़ी मोहम्मद युसूफ ने कहा कि शोएब को विश्व कप में आगे नहीं उतारा जाना चाहिए। मलिक ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर डाला गया वीडियो मैच से पहले की रात का नहीं है। वहीं आमिर ने कहा, कृपया खिलाड़ियों के लिए बुरे अल्फाज का इस्तेमाल नहीं करे। ईंशाअल्लाह हम वापसी करेंगे और इसके लिए आपका साथ चाहिए।

पाक में अपमान झेलने को तैयार रहें : सरफराज

मैनचेस्टर, 18 जून (भाषा) ।

भारत से हारने के बाद आलोचना झेल रहे पाकिस्तान के कप्तान सरफराज अहमद ने अपने साथी खिलाड़ियों को सचेत किया है कि अगर विश्व कप के बाकी मैचों में वे अपने प्रदर्शन में सुधार नहीं लाते हैं तो देश में और अपमान झेलने को तैयार रहें।

भारत से विश्व कप मैच में 89 रन से हार झेलने के बाद पाकिस्तानी क्रिकेटरों को प्रशंसकों और पूर्व खिलाड़ियों से आलोचना झेलनी पड़ रही है। पाकिस्तान के पांच मैचों में तीन ही अंक है। सरफराज ने कहा कि अगर यही प्रदर्शन जारी रहा तो पाकिस्तान में उन्हें और अपमान झेलना होगा।

उन्होंने 'द न्यूजडाट काम डाट पीके' से कहा, यदि कोई सोचता है कि मैं घर लौट जाऊंगा तो वह अहमक है। खुदा न करे कुछ हो गया तो सिर्फ मैं अकेला ही घर नहीं जाऊंगा। उन्होंने कहा, खराब प्रदर्शन को भुलाकर बाकी चार मैचों में अच्छा खेलना होगा।

पाकिस्तान को अब 23 जून को दक्षिण अफ्रीका से खेलना है।

नार्वे, फ्रांस और जर्मनी अंतिम-16 में

रीम्स (फ्रांस), 18 जून (एएफपी) ।

नार्वे ने फीफा महिला विश्व कप फुटबॉल मुकाबले में मंगलवार को यहां दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की।

इस जीत के साथ ही नार्वे ग्रुप में दूसरे स्थान पर पहुंच गया जबकि फ्रांस शीर्ष पर रहा। फ्रांस ने सोमवार को नाइजीरिया को 1-0 से हराया। ग्रुप बी के मुकाबले में जर्मनी ने दक्षिण अफ्रीका को 4-0 से हराया और तालिका में शीर्ष पर रहते हुए अंतिम-16 के लिए क्वालीफाई किया।

सोमवार को स्पेन और चीन का मुकाबला गोलरहित ड्रा रहा और दोनों टीमों ने चार-चार अंक के साथ क्रम से दूसरे और तीसरे स्थान पर रहते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

भ्रष्टाचार मामले में पूर्व यूएफा प्रमुख गिरफ्तार

फ्रांस पुलिस की कार्रवाई

पेरिस, 18 जून (एएफपी) ।

यूएफा के पूर्व अध्यक्ष माइकल प्लातीनी को 2022 विश्व कप की मेजबानी कतर को सौंपने की जांच के संदर्भ में मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। जांच की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने यह जानकारी दी।

फ्रांस के महान फुटबॉल खिलाड़ी प्लातीनी को 2007 में यूरोपीय फुटबॉल की संचालन संस्था का प्रमुख चुना गया था। कतर को 2022 विश्व कप की मेजबानी सौंपने के मामले की जांच कर रही फ्रांस की भ्रष्टाचार रोधी पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया है। कतर को विश्व कप की मेजबानी सौंपने के फैसले से विवाद हो गया था क्योंकि भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच इसकी व्यावहारिकता पर सवाल उठाए गए थे।

माइकल प्लातीनी

प्लातीनी (63) 2015 तक यूएएफा के प्रमुख रहे जब उन्हें नैतिक आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए चार साल के लिए फुटबॉल से प्रतिबंधित कर दिया गया था। उन पर फीफा के पूर्व दागी प्रमुख सैप ब्लाटर से 20 लाख डॉलर लेने का आरोप भी था। कतर पर विश्व कप की मेजबानी हासिल करने के लिए वोट खरीदने का आरोप लगा था और इसके बाद अमेरिका के स्वतंत्र जांचकर्ता माइकल गार्सिया की रिपोर्ट में कई संदिग्ध वित्तीय लेने देन का खुलासा हुआ। इनमें से कई सेंड्रो रोसेल से जुड़े थे जो बार्सीलोना के पूर्व अध्यक्ष थे।

रोसेल ने कतर के सलाहकार की भूमिका निभाई थी। तीन बार बेलोन डियोर खिताब जीतने वाले प्लातीनी के 2016 में ब्लाटर की जगह फीफा अध्यक्ष बनने की उम्मीद थी लेकिन इसके बाद वह विवादों में फंस गए और तब से खुद को पाक साफ साबित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

वर्गास के दो गोल से चिली 4-0 से जीता

साओ पाउलो, 18 जून (एएफपी) ।

ईडुआरडो वर्गास की दो गोल की मदद से चिली ने कोपा अमेरिका खिताब के बचाव का अभियान सोमवार को जापान पर 4-0 की जीत के साथ शुरू किया। इस जीत के साथ ही चिली की टीम ग्रुप सी की तालिका में उरुग्वे के साथ शीर्ष पर पहुंच गई।

जापान की टीम इस टूर्नामेंट में एशिया से आमंत्रित दो टीमों में से एक है। वर्गास ने दोनों गोल मैच के दूसरे हाफ में किए। पिछले दो सत्र (2015, 2016) में चैंपियन रही टीम के लिए एरिक पुलगर ने 41वें मिनट में पहला गोल किया जबकि वर्गास ने 54वें मिनट में इस बढ़त को दोगुना किया। एलेक्सिस सांजेच ने इसके बाद मैच के 82वें मिनट में टीम के लिए तीसरा गोल किया। इसके एक मिनट के बाद ही वर्गास ने अपना दूसरा गोल की टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित कर दी।

फीजी को 11-0 से रौंदकर भारतीय महिला हॉकी टीम अंतिम चार में

हिरोशिमा, 18 जून (भाषा) ।

गुरजीत कौर के हैट्रिक समेत चार गोल की मदद से भारत ने फीजी को 11-0 से हराकर एफआइएच महिला सीरिज फाइनल्स हॉकी टूर्नामेंट के सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय टीम शनिवार को सेमी फाइनल खेलेगी।

गुरजीत ने 15वें, 19वें, 21वें और 22वें मिनट में गोल दागे जबकि मोनिका ने 11वें और 33वें मिनट में गोल किए। लालरेम्सियामी (चौथा), रानी (10वां), वंदना कटारिया (12वां), लिलिमा मिज (51वां) और नवनीत कौर (57वां) ने भी गोल किए। दुनिया की नौवें नंबर की टीम भारत ने शुरू ही से फीजी पर दबदबा बना लिया था। फीजी पूरे 60 मिनट में एक ही बार भारतीय गोल के भीतर घुस सका। पहले क्वार्टर में भारत ने चौथे ही मिनट में लालरेम्सियामी के गोल पर बढ़त बना ली। कप्तान रानी ने 10वें मिनट में पेनल्टी कार्नर पर गोल किया। अगले मिनट मोनिका ने नेहा गोयल के पास पर गोल करके बढ़त तिगुनी कर दी। फारवर्ड वंदना कटारिया ने 12वें मिनट में गोल किया। गुरजीत ने पहले क्वार्टर के आखिरी मिनट में अपना पहला गोल दागा। उसने दूसरा गोल 19वें मिनट में पेनल्टी कार्नर पर किया। दो मिनट बाद ही उसने हैट्रिक पूरी की और अगले मिनट पेनल्टी कार्नर पर चौथा गोल दागा। तीसरे क्वार्टर में मोनिका ने भारत का नौवां गोल 33वें मिनट में किया। लिलिमा ने 51वें मिनट में और छह मिनट बाद नवनीत ने गोल दागा।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 213, *हवाई शुल्क :* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।